सुप्रभात
रांची, बुधवार
02.11.2022

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

www.dailykhabarmantra.com कार्तिक, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 109

10 डॉ ईरानी की कर्मनिष्ठा उद्योग जगत के लिए माइलस्टोन

# OBITUARY



**PADMA BHUSHAN DR JAMSHED J IRANI**

JUNE 2, 1936 – OCTOBER 31, 2022

Padma Bhushan Dr Jamshed J Irani (Former Director of Tata Sons and Managing Director, Tata Steel) left for his heavenly abode on October 31, 2022 at 10:00 pm. He will be fondly remembered for leading Tata Steel from the front during India's economic liberalisation in the1990s. He was amongst the first leaders of the 'Quality Movement' in India.

Dr Irani was conferred an Honorary Knighthood (KBE) in 1997. He received the Padma Bhushan in 2007 for his contributions in the field of trade and industry.

Our thoughts and prayers are with his family in this hour of grief.

In remembrance:
**TATA STEEL LIMITED**

## सरकार आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण शुरू, 14 नवंबर तक चलेगा

# योजनाओं से वंचित लोगों को मिल रहा उनका अधिकार : हेमंत सोरेन

### सीएम आज साहेबगंज के कार्यक्रम में होंगे शामिल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण एक नवंबर से शुरू हो गया है। यह अभियान 14 नवंबर को समाप्त होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दूसरे चरण के अभियान के दौरान दो नवंबर को साहेबगंज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करेंगे। साहेबगंज में मुख्यमंत्री कुल 10,481 लाख रुपये की 14 योजनाओं का शिलान्यास एवं 9 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही, लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण भी होगा। मालूम हो कि पहले चरण के अभियान में 21 लाख से अधिक आवेदन विभिन्न शिविरों में प्राप्त हुए, जिनमें से 15 लाख से अधिक आवेदन का निष्पादन कर दिया गया है। शेष आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में हैं। प्रथम चरण के अभियान में सरकार की प्राथमिकता की योजनाओं के लिए 12 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से आठ लाख से अधिक आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित हुआ।

### लोगों को मिल रहा योजना का लाभ


विगत वर्ष सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 नवंबर 2021 से 28 दिसंबर 2021 तक पूरे राज्य में आपके अधिकार, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसकी सफलता और लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कारगर माध्यम बनाने के उद्देश्य से फिर से अभियान की पुनरावृत्ति आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से हुई है। इसके तहत लोगों को योजनाओं का लाभ देने में सरकार सफल हो रही है और जरूरतमंद अपने अधिकार के प्रति जागरूक भी हो रहे हैं। यह अभियान उन व्यक्तियों को समर्पित है। जो पूर्व के अभियान में योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये थे।

### समस्याओं का समाधान और परिसंपत्ति का भी होगा वितरण

अभियान से सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण, हरा राशन कार्ड, छात्रवृत्ति योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना है।

## झारखंड में तीन नवंबर से पुनः शुरू होगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में मंगलवार को संगठन सशक्तिकरण की समीक्षा एवं भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षों, मंत्रियों, जिला संयोजकों, जिला अध्यक्षों, भारत जोड़ो यात्रा नियंत्रण कक्ष के संयोजक, प्रदेश प्रवक्तागण के साथ वर्चुअल बैठक हुई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि जिन राज्यों से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा नहीं गुजरेगी। वहां भी प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा बूथ स्तर तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करना है। इसी निमित्त झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा 10 अक्टूबर 2022 को खूंटी के उल्लीहातू से प्रारंभ होकर सोयको गया मुण्डा चौक तक 11 किमी की दूरी तय कर किताहातू मैदान में समाप्त हुई।

**प्रदेश में नौ चरण में पूरी होगा भारत जोड़ो यात्री** : राजेश ठाकुर ने कहा कि कल 3 नवम्बर से राज्य के सभी प्रमंडलों के अन्तर्गत पड़ने वाले 24 जिलों में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की पुनः शुरूआत होगी। प्रथम चरण में 3 नवम्बर से लेकर 06 नवम्बर तक लातेहार, गढ़वा, पलामू एवं लोहरदगा में, दूसरे चरण में संथाल परगना प्रमंडल के अंतर्गत 12 नवंबर से 14 नवंबर तक पाकुड़, साहेबगंज और दुमका में। तीसरे चरण में 24 नवंबर से 26 नवंबर तक चतरा, कोडरमा, हजारीबाग में। चौथे चरण में 28 नवंबर से 30 नवम्बर तक कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां। पांचवे चरण में 2 एवं 3 दिसंबर को रांची ग्रामीण, रामगढ़ जिले में। छठे चरण में 05 दिसंबर 06 दिसंबर तक गुमला, सिमडेगा। सांतवे चरण में 8 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक बोकारो, धनबाद, गिरिडीह। आठवें चरण में 12 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक गोड्डा, देवघर, जामताड़ा। अंतिम चरण में 17 दिसम्बर को रांची महानगर में भारत जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान को गति देगी। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के संयोजक सुबोधकांत सहाय ने भी अपने विचार रखे।

## आजसू प्रमुख सुदेश महतो विधानसभा व जिला प्रभारियों के साथ कल करेंगे बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में 3 नवंबर को सुबह 11 बजे से रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में आजसू पार्टी के सभी विधानसभा प्रभारी तथा जिला प्रभारी मौजूद रहेंगे। बैठक के दौरान आजसू पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की जायेगी तथा भावी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा होगी। ज्ञात हो कि विगत 18 अक्टूबर को कोल्हान प्रमंडल तथा 15 सितंबर को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। आजसू पार्टी की सहयोगी इकाई अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ का राज्यस्तरीय अधिवेशन का आयोजन 15 अक्टूबर को किया गया तथा अखिल झारखण्ड महिला संघ का जिलास्तरीय सम्मेलन 16 अक्टूबर तथा प्रखंड सम्मेलन 23 सितंबर को संपन्न हुआ। बैठक में इन सभी कार्यक्रमों की समीक्षा होगी तथा आजसू पार्टी के भावी कार्यक्रम, जिसमें अखिल झारखण्ड महिला संघ का राज्यस्तरीय सम्मेलन, सभी अनुषंगी इकाई का सम्मेलन, बाकी बचे हुए प्रमंडल का प्रमंडलस्तरीय सम्मेलन तथा महाधिवेशन को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर भी चिंतन मंथन किया जाएगा।

## आधार सीडिंग का काम जल्द पूरा करायें अधिकारी: सचिव

### गलत यूआईडी नंबर पाये जाने पर लाभुकों का 4.47 लाख से अधिक आधार रिजेक्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव झारखंड ने इस पर कड़ी नाराजगी जतायी है। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने स्पष्ट कहा है कि भारत सरकार द्वारा आधार सीडिंग करने के लिए बार-बार स्मारित किया जा रहा है। बावजूद इसके अब भी शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका है। झारखंड में 14,56,957 लाभुकों का आधार दर्ज कराया गया है, जिसमें से 4,47,480 आधार रिजेक्ट हो गया है। सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सही आधार नंबर के साथ अविलंब अपडेट करायें। आधार सीडिंग नहीं होने के कारण मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की राशि भी बैंकों को देने में परेशानी हो रही है। आवास योजनाओं में भी लाभुकों को आवास आवंटित करने में दिक्कतें आ रही है। ऐसे में सचिव ने सभी जिलों व प्रखंड स्तर के अधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया है।

बताते चलें कि केंद्र सरकार के बार-बार के निर्देश देने के बाद भी झारखंड में ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं लाभुकों का आधार सीडिंग का काम पूरा नहीं हो पाया है। यही कारण है कि पैसे उनके खाते में नहीं भेजे जा रहे हैं।

## झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था हुई ध्वस्त सरकार लूट-खसोट में व्यस्त: प्रदीप सिन्हा

### हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल और धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल कुव्यवस्था को लेकर भाजपा ने उठाये सवाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही से गर्भ में एक शिशु की मौत और धनबाद में सड़क दुर्घटना के एक पीड़ित परिवार के इलाज के दौरान बरती गई भारी कुव्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त दोनों मामले ने एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। पूरे झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त है और राज्य सरकार केवल लूट खसोट में मस्त है।

उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर गर्भवती महिला को भर्ती कर जच्चा बच्चा को मरने के लिए छोड़कर भाग जाता हैं। इस दौरान एक महिला के बच्चे की पेट में ही मौत भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि धनबाद वाला दूसरा मामला भी शर्मनाक और रौंगटे खड़े करने वाला है। हाजीपुर से रानीगंज जा रहा एक परिवार का कार गोविंदपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। पीड़ित परिवार द्वारा सोशल मीडिया पर इलाज के दौरान चिकित्साकर्मियों द्वारा सलूक करने को लेकर जो दर्द साझा किया गया है, वह राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईना दिखाने के लिए पर्याप्त है यहां घायलों का स्टिच बोरा सिलने जैसा सिला गया। पैर टूटा नहीं रहने के बावजूद बगैर एक्सरे किए ही कच्चा प्लास्टर कर दिया गया। इमरजेंसी में डॉक्टर को परिजन ढूंढते रहे, परंतु डॉक्टर तक नहीं मिले।

उन्होंने कहा कि यह महज एक उदाहरण भर है। पूरे राज्य की कमोबेश यही स्थिति है। भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना में राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों मामले में दोषियों को चिन्हित कर तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा**

**आवश्यक सूचना"**

वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित चतरा जिला के सभी संबंधित पशुपालक को सूचित किया जाता है, कि चयनित लाभुकों के खाता में अनुदान राशि DBT के माध्यम से उपलब्ध की गई है। इस संबंध में सभी संबंधित लाभुकों को निदेश दिया जाता है, कि वे अपने खाते में लाभुक अंशदान की राशि यथाशीघ्र जमा करने के उपरान्त बैंक खाता पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति एवं जमा रसीद के साथ कार्यालय में एक सप्ताह के अन्दर सम्पर्क करें, ताकि पशु क्रय एवं अन्य योजनाओं की पूर्ति की प्रक्रिया को अतिशीघ्र चालू किया जा सके।

यह भी निदेश दिया जाता है, कि अपने खाते में उपलब्ध योजना राशि की निकासी न किया जाय अन्यथा संबंधित लाभुकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

विशेष जानकारी हेतु कार्यालय सम्पर्क नं0 – 9939379733

PR.NO.281115 Animal Husbandry(22-23):D जिला गव्य विकास पदाधिकारी, चतरा।



**कार्यपाल अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा**

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 28.10.2022

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि Taiser & adjoining village Rural Pipe Water Supply Scheme के निर्माण हेतु इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या DWSD/Taiser/RPWS/SIM-11/2022-23 (1st Call) जो विभिन्न सामाचार पत्रों में PR–279879 Drinking Water and Sanitation (22-23)D द्वारा प्रकाशित है, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है –

| Sl. | Particular | Previous Published Date | Revised Date |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender on Web Site | 28.10.2022 up to 03:00 P:M: | 05.11.2022 up to 03:00 P:M: |
| 2 | Date of Pre Bid Meeting | 01.11.2022 up to 3:30 P:M: in the office of Engineer in Chief Nepal house Ranchi | 07.11.2022 up to 3:30 P:M: in the office of Engineer in Chief Nepal house Ranchi |
| 3 | Last Date/Time For Receipt of Bid | 09.11.2022 up to 04:00 P:M: | 16.11.2022 up to 04:00 P:M: |
| 4 | Last Date Of Submission of cost of BOQ & EMD (Hard Copy) | 10.11.2022 up to 04:00 P:M at Office of the 1.Executive Engineer, DW&S Div. Simdega. 2. Superintending Engineer, DW&S Circle, Gumla. 3. Regional Chief Engineer, D.W.& Dept. Ranchi Region, Ranchi | 17.11.2022 up to 04:00 P:M at Office of the 1.Executive Engineer, DW&S Div. Simdega. 2. Superintending Engineer, DW&S Circle, Gumla. 3. Regional Chief Engineer, D.W.& Dept. Ranchi Region, Ranchi |
| 5 | Date Of Opening of Tender (Technical Bid) | 12.11.2022 up to 11:00 A:M: | 18.11.2022 up to 03:00 P:M: |

अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा

PR 281091 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**(2022–2023) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य**
**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–DWSD/RM/19/2022-23 (1st Call)**

1.विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि/समय :–11.11.2022 को कार्यालय अवधि में।
4.निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :–12.11.2022 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5.निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :–12.11.2022 को 04.00 बजे अपराह्न में।
6.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7.निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8.निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
9.कार्य की विस्तृत विवरणी :– नलकूपों के साधारण मरम्मति का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति विभागीय की जाएगी।)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | पाटन + पड़वा | 300 | 264450.00 | 5,500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 02 | मेदिनीनगर + सतबरवा | 300 | 264450.00 | 5,500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 03 | चैनपुर + रामगढ़ | 300 | 264450.00 | 5,500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 04 | विश्रामपुर + नावा बजार + उँटारी रोड + पाण्डू | 300 | 264450.00 | 5,500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 05 | मनातू + तरहसी + लेस्लीगंज | 300 | 264450.00 | 5,500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 06 | पाँकी | 300 | 264450.00 | 5,500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 07 | हुसैनाबाद + हैदरनगर + मोहम्मदगंज | 300 | 264450.00 | 5,500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 08 | छत्तरपुर + नौडीहा बाजार + पिपरा + हरिहरगंज | 300 | 264450.00 | 5,500.00 | 750.00 | 03 माह |

10. निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।
11. नलकूपों की मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य जनहित कार्य को ध्यान में रखते हुए निविदा की जा रही है।
12. शिकायत प्राप्त होने के उपरांत 24 (चौबीस) घंटों में मरम्मति करना आवश्यक होगा, अन्यथा विपत्र से समानुपातिक राशि की कटौती की जायेगी।
13. विभाग से राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल मेदिनीनगर

PR281135 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D



**कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि–पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी के द्वारा आमंत्रित ई.–निविदा आमंत्रण सूचना सं.– WRD/MID/KHUNTI/F2-14/2022-23 Date :- 17.10.2022,जो पी.आर. सं.–280255 Minor Irrigation (22–23)#D के द्वारा प्रकाशित है, की तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

| क | विवरण | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 10.11.2022 at 2PM |
| 2. | Last Date/Time for submission of Bids | 17.11.2022 at 5PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee, security and other documents. | 18.11.2022 at 3PM |
| 4. | Date of opening of Technical Bid | 19.11.2022 at 1PM |

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेंगें।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।

PR 281110 Minor Irrigation(22-23)D



**कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि–पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी के द्वारा आमंत्रित ई.–निविदा आमंत्रण सूचना सं.– WRD/MID/KHUNTI/F2-12/2022-23 Date :-17.10. 2022,जो पी. आर. सं.–280247 Minor Irrigation (22–23)#D के द्वारा प्रकाशित है, की तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

| क | विवरण | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 10.11.2022 at 2PM |
| 2. | Last Date/Time for submission of Bids | 17.11.2022 at 5PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee, security and other documents. | 18.11.2022 at 3PM |
| 4. | Date of opening of Technical Bid | 19.11.2022 at 1PM |

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेंगें।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.281108 Minor Irrigation(22-23):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(लापता पिंटू राम, उम्र 30 वर्ष)**



धुरकी थाना सनहा सं0–14/22, दिनांक–14.10.2022 में लापता व्यक्ति पिंटू राम, उम्र–30 वर्ष, पिता–स्व0 सुकन राम, ग्राम+पो0–कुसमाहा, थाना+जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले हैं। आवेदक नरेश राम पिता स्व0 भुवनेश्वर राम, ग्राम+पो0–कटहर कला, थाना–धुरकी, जिला गढ़वा के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि इनके दमाद पिंटू राम अपने घर जाने हेतु दिनांक 09.10.2022 को सुबह बस से निकले और जाने के क्रम में गुम हो गये हैं। उक्त लापता व्यक्ति पिंटू राम का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता व्यक्ति पिंटू राम के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–सांवला, लम्बाई–05 फीट, 03 इंच, चेहरा–गोल, बदन–मोटा, भाषा–हिन्दी एवं स्थानीय बोली, पहनावा–उजला शर्ट एवं पीला–लूजर एवं काला रंग का हवाई चप्पल, मोबाईल नं0–9142310233।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO. 281104 Police(22-23):D


## क्या केवल संविदा कर्मियों के भरोसे चल सकता है कोई सरकारी उपक्रम: हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने झारक्राफ्ट के कर्मचारियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से यह पूछा है कि क्या कोई सरकारी उपक्रम सिर्फ संविदा कर्मियों पर चल सकता है। अदालत ने इस बिंदु पर सरकार और झारक्राफट से जवाब मांगा है। इस मामले के याचिकाकर्ता प्रकाश रंजन, अंजनी सहाय एवं अन्य के अधिवक्ता अभय मिश्रा के मुताबिक, हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले सभी कर्मचारियों को झारक्राफ्ट ने नियुक्त किया था। कुछ वर्षों तक कार्य लेने के बाद झारक्राफ्ट ने यह निर्देश जारी कर दिया कि सभी कर्मचारी कॉन्ट्रेक्ट पर ही नियुक्त होंगे। उन्हें नियमित यानी स्थायी नहीं किया जाएगा।

**नियुक्ति के लिए झारक्राफ्ट ने निकाला था विज्ञापन** : नियुक्ति का विज्ञापन झारक्राफ्ट ने ही जारी किया था। झारक्राफ्ट के इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अभय मिश्रा ने अदालत में दलील दी कि झारक्राफ्ट में सभी पद सेंक्शन हैं, इसलिए वहां स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति होनी चाहिए। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में हुई।

## झारखंड जदयू : सांगठनिक चुनाव के लिए अनिल सिंह बने राज्य निर्वाचन पदाधिकारी

**रांची।** झारखंड जनता दल यूनाइटेड सूबे में संगठन की मजबूती को लेकर रणनीति बनाने में जुट गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने 16 अक्टूबर को राज्य स्तरीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। अब राज्य में सांगठनिक चुनाव संपन्न कराने के लिए अनिल सिंह को राज्य निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस बाबत संगठन के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी सह राज्यसभा सांसद अनिल प्रसाद हेगड़े ने उनकी नियुक्ति की है। इसकी जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो को भी दी गयी है। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने दी।

## कोल इंडिया/सीसीएल का 48वां स्थापना दिवस समारोह मना

# सीसीएल में 858 कर्मचारियों को मिली सामूहिक पदोन्नति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और सीसीएल का 48वां स्थापना दिवस मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में मंगलवार को मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर सीसीएल में कार्यरत 858 कर्मचारियों को पदोन्नति दी गयी। सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस रांची में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी राम बाबू प्रसाद, निदेशक हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी बी. साई राम सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं सीसीएल कर्मियों ने शहीद स्मारक पर सीसीएल के दिवंगत सपूतों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान निदेशकगणों द्वारा कोल इंडिया के झंडे के साथ सीसीएल एवं विभिन्न क्षेत्रों के झंडे को फहराया गया। वहीं सीसीएल सीएमडी कोल इंडिया मुख्यालय में मनाये जानेवाले स्थाना दिवस समारोह में शामिल हुए।

निदेशक राम बाबू प्रसाद ने कहा कि देश जो सीसीएल से अपेक्षा रखा है उसे पूरा करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी सीसीएल सहित कोल इंडिया ने देश की ऊर्जा आपूर्ति में निरंतर योगदान जारी रखा है और अपने हॉस्पिटल में कोविड रोगियों का उपचार किया है। इसके कारण कोल इंडिया को मोस्ट डिपेंडेबल कंपनी की उपाधी मिली है। उन्होंने कहा कि सीसीएल अंतिम छह महिनों में कोयला उत्पादन में 16% का वृद्धि दर्ज की है। कार्यक्रम में निदेशक हर्ष नाथ मिश्र एवं बी साईराम ने भी अपने विचार रखे।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
02.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



www.dailykhabarmantra.com कार्तिक, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 109

12 कॉरपोरेट दिग्गज और न्यू टाटा स्टील के संस्थापक थे डॉ ईरानी

## न्यूज डायरी

### बारिश से बिगड़ सकता है भारत का समीकरण

**एडिलेड।** टी20 वर्ल्ड कप में बुधवार को भारत की बांग्लादेश से भिड़ंत है। एडिलेट में कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। अब संकट इस बात का है कि कहीं बुधवार को भी बारिश जारी रही तो भारत का सेफा में पहुंचने का समीकरण बिगड़ सकता है। मंगलवार सुबह से मौसम खराब है। बुधवार को भी बारिश जारी रहने की संभावना है। बारिश से यदि मैच टला, तो सेमीफाइनल में जाने की भारत की उम्मीदों को झटका लग सकता है।

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 115 रुपये सस्ता

**नयी दिल्ली।** दिवाली के बाद एलपीजी सिलेंडर के दामों में भारी कटौती की गयी। मंगलवार से कमर्शियल गैस सिलेंडर 115 रुपये सस्ता हो गया है। घरेलू सिलेंडर के दामों में पिछले 6 जुलाई के बाद से कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### बोकारोः नशे की लत से तीन युवक सलाखों के पीछे

**बोकारो।** सिटी थाना की पुलिस ने बाइक चोर गैंग को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने हाल में चोरी की गयी दो बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि नशे की लत को पूरी करने के लिए गैंग के युवक बाइक चोरी करते थे। तीन युवकों का गैंग नशे की लत पूरी करने के लिए बाइक चोरी का काम करता था। इन युवकों ने दुर्गा पूजा के दिन दो बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया था और अब तीनों सलाखों के पीछे हैं।

### सिमडेगा में दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**सिमडेगा।** बानो थाना क्षेत्र में संदेहास्पद स्थिति में युवती का शव बरामद किया गया है। परिजन अपहरण कर दुष्कर्म और हत्या का आरोप लगाया है। परिजन दो युवक चांद अंसारी और इम्तियाज को आरोपी बताकर उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। युवती की बड़ी बहन का कहना है कि जबतक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक पोस्टमार्टम करने नहीं करने देंगे। युवती अपने घर बानो के गांव से अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए सुबह के 10 बजे निकली थी। देर शाम तक वो अपने रिश्तेदार के घर नहीं पहुंची। युवती की बड़ी बहन ने बताया कि उसी शाम 7:00 बजे के लगभग अचानक उन लोगों को एक अनजान नंबर से फोन आया कि युवती अस्पताल में भर्ती है, जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचे। जब वो लोग अस्पताल पहुंचे तब तक लड़की की मौत हो चुकी थी। लड़की अपने रिश्तेदार के घर लचरागढ़ में रहकर कॉलेज की पढ़ाई करती थी।

### स्टील कंपनी में धमाका 10 के मौत की आशंका

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जालना इंडस्ट्रियल एस्टेट स्थित गीताई स्टील कंपनी में मंगलवार सुबह स्टील पिघलने वाली भट्टी में भीषण विस्फोट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि भट्टी के परखच्चे उड़ गये। इस हादसे में आठ से दस मजदूरों की मौत होने की आशंका है। कई मजदूर अस्पताल में जिंदगी और मौत से लड़ रहे है। धमाका इतना भयानक था कि दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे में कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसलिए मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है। खबर है कि भट्टी में धमाके के दौरान वहां कई मजदूर काम कर रहे थे, जिस वजह से हताहतों की संख्या बढ़ गयी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 47,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 60,000 रु./प्रति किलो |

## भारत का अतीत, वर्तमान व भविष्य जनजातीय समाज के बिना अधूरा

# देश आदिवासी समाज के बलिदानों का ऋणी : पीएम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि भारत का अतीत एवं वर्तमान आदिवासी समाज के बिना अधूरा है। देश आदिवासी समाज के बलिदानों का सदैव ऋणी रहेगा। अपने गुजरात और राजस्थान के दौरे के आखिरी दिन पीएम ने राजस्थान के 'जलियांवाला बाग' मानगढ़ धाम में जनजातीय समुदाय के स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। 1913 में राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के मागढ़धाम में ब्रिटिश सेना की गोलीबारी में जान गंवाने वाले आदिवासियों को नमन किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यहां भील और अन्य जनजातियों ने लंबे समय तक अंग्रेजों से लोहा लिया। गोविंद गुरु के नेतृत्व में 17 नवंबर 1913 को 1.5 लाख से अधिक भीलों ने मानगढ़ पहाड़ी पर



सभा की थी। इस सभा पर अंग्रेजों ने गोलियां चला दी थीं, जिसमें लगभग 1,500 आदिवासियों की जान चली गयी थी। मानगढ़ की पहाड़ी, भील समुदाय और राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश की अन्य जनजातियों के लिए विशेष महत्व रखती है।

**दशकों पहले की भल सुधार रहे हैं :** पीएम मोदी ने कहा कि आजादी की लड़ाई के इतिहास का पन्ना आदिवासी वीरता से भरा पड़ा है। भगवान बिरसा मूंडा, तिलका मांझी, बीर बुधू भगत सिधो-कान्हू सरीखे रणबांकुरों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, दुर्भाग्य से आदिवासियों के संघर्ष और बलिदान को आजादी के बाद लिखे गये इतिहास में इन्हें जो जगह मिलनी चाहिए वह नहीं मिली। आजादी अमृत महोत्सव में आज देश उस कमी को पूरा कर रहा है। दशकों पहले की भूल का सुधार हो रहा है। भारत का अतित, इतिहास ,वर्तमान और भविष्य आदिवासी समाज के के बिना पूरा नहीं होता। इन महानायकों की ऊर्जा उनकी देश भक्ति और उनका हौंसला क्रांतियों का आधार बना।

### बिरसा मुंडा जयंती-जनजातीय गौरव दिवस

पीएम ने कहा, हमारी आजादी की लड़ाई का पग-पग, इतिहास का पन्ना-पन्ना आदिवासी वीरता से भरा पड़ा है। 1780 में संथाल में तिलका मांझी के नेतृत्व में दामिन संग्राम लड़ा गया। 1830-32 में बुधू भगत के नेतृत्व में देश लरका आंदोलन का गवाह बना। 1855 में आजादी की यही ज्वाला सिधो-कान्हू क्रांति के रूप में जल उठी। भगवान बिरसा मुंडा ने लाखों आदिवासियों में आजादी की ज्वाला प्रज्ज्वलित की। कुछ दिन बाद ही 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर देश जनजातीय गौरव दिवस मनायेगा। आदिवासी समाज के अतीत और इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए, आज देशभर में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित विशेष म्यूजियम बनाये जा रहे हैं। देश में वन क्षेत्र भी बढ़ रहे हैं, वन संपदा भी सुरक्षित की जा रही है, साथ ही आदिवासी क्षेत्र डिजिटल इंडिया से भी जुड़ रहे हैं, पारंपरिक कौशल के साथ-साथ आदिवासी युवाओं को आधुनिक शिक्षा के भी अवसर मिले, इसके लिए एकलव्य आदिवासी विद्यालय भी खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, देश में आदिवासी विस्तार और भूमिका इतनी बड़ी है कि हमें उनके लिए समर्पित भाव से काम करने की जरुरत है।

(शेष पेज 11 पर)

## द स्टील मैन ऑफ इंडिया ईरानी पंचतत्व में विलीन

### टाटा समूह डा. ईरानी को कभी भूल नहीं सकता : टीवी नरेंद्रन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** द स्टील मैन ऑफ इंडिया के रूप में चर्चित टाटा स्टील के पूर्व एमडी डॉ जेजे ईरानी मंगलवार को पंचतत्व में वीलीन हो गये। बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट के विद्युत शवदाह गृह में उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज से किया गया। घाट पर उनकी पत्नी डेजी ईरानी और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। पिछले कई दिनों से बीमार जेजे ईरानी ने सोमवार की देर रात टीएमएच अस्पताल में अंतिम सांस ली थी। जेजे ईरानी के अंतिम दर्शन के लिए कई मंत्री, विधायक समेत टाटा स्टील के तमाम पदाधिकारी उनके आवास पहुंचे थे। उनके निधन पर टाटा ग्रुप के चेयरमैन और टाटा स्टील के सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि विषम परिस्थिति में डॉ ईरानी ने टाटा स्टील में अहम भूमिका निभायी थी। टाटा समूह उन्हें कभी भूल नहीं सकता। अंतिम संस्कार से पहले बिष्टुपुर स्थित उनके आवास पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सीएम रघुवर दास, विधायक सरयू राय के अलावा टाटा वर्कर्स यूनियन के तमाम अधिकारी और कई प्रबुद्ध लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

(पेज 10 भी देंखे)

## मोरबी का दुख-दर्द बांटने पहुंचे पीएम, घायलों, परिजनों से मिले

# बैठक में कहा, हर संभव मदद देंगे

एजेंसी

**मोरबी।** गुजरात के मोरबी में रविवार को हुए केबल सस्पेंशन ब्रिज हादसे में मृत व घायलों का दुख-दर्द बांटने पीएम मोदी मंगलवार को घटनास्थल पर पहुंचे। पीएम ने मोरबी सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों से मिल उनका हाल चाल जाना। अब भी अस्पताल में सौ से अधिक घायलों का इलाज चल रहा है। साथ ही पीएम ने हादसे को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से घायलों और मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद की जायेगी। रविवार को हुए पुल हादसे में करीब 145 लोगों की जान चली गयी थी। उधर मोरबी पुल हादसे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत में याचिका दायर की गयी है। सुप्रीम कोर्ट में इस याचिका की सुनवाई 14 नवंबर को होगी। वहीं 2 नवंबर को गुजरात में राजकीय शोक की घोषणा की है।



### सुप्रीम कोर्ट में 14 नवंबर को सुनवाई

मोरबी सस्पेंशन ब्रिज हादसे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत में इस मामले को ले कर याचिका दायर की गयी है। सुप्रीम कोर्ट में इस याचिका की सुनवाई 14 नवंबर को होगी। वहीं बुधवार को गुजरात में राजकीय शोक रहेगा। अब तक 135 लोगों की मौत की पुष्टि की जा चुकी है। इसके साथ ही 100 से अधिक घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसी बीच इस हादसे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिस पर सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 14 नवंबर का दिन तय किया है। इस याचिका के माध्यम से इस हादसे की जांच रिटायर्ड जज के नेतृत्व में कराने की मांग की गयी है।

**पीएम ने की उच्च स्तरीय बैठक :** पीएम मोदी ने मोरबी में केबल ब्रिज हादसे को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि अधिकारियों को प्रभावित परिवारों के संपर्क में रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस दुखद घड़ी में उन्हें हर संभव मदद मिले।

(शेष पेज 11 पर)

## सीएम ने कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण

# गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें समय पर पूरा करें : हेमंत

### विद्युत पोल शिफ्टिंग, अतिक्रमण सहित अन्य बाधाएं शीघ्र दूर करें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांटाटोली-कोकर फ्लाईओवर निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया और पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारितअवधि के भीतर और पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा कर लिया जाये। उन्होंने फ्लाइओवर निर्माण कार्य की वजह से हो रही ट्रैफिक समस्या को दूर करने और जर्रर सड़क को अविलंब ठीक करने का भी निर्देश दिया। सीएम श्री सोरेन मंगलवार को योगदा सत्संग आश्रम-कांटा टोली-कोकर फ्लाईओवर निर्माण कार्य की प्रगति का औचक निरीक्षण करने कांटाटोली चौक पहुंचे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें और समय-सीमा के भीतर पूरा करें।



**सुलभ आवागमन प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में लोगों को आवागमन की सुविधा सुलभ करना सरकार की प्राथमिकता है। अतः फ्लाईओवर निर्माण कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूरा कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि योगदा सत्संग आश्रम से कांटा टोली चौक होते हुए कोकर के शांतिनगर तक बनने वाले इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। लोगों को ट्राफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवर आवश्यक है। फ्लाईओवर निर्माण कार्य में यदि कोई बाधा आ रही है तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी तथा जुडको, राज्य सरकार के साथ तत्काल समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लाये।सीएम ने कहा कि कांटाटोली शहर का सबसे व्यस्ततम एरिया है, जहां ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने जुडको के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 30 नवंबर 2022 तक भू-अर्जन तथा पेट्रोल पंप एवं अन्य अतिक्रमण संबंधित सभी प्रक्रिया का निपटारा कर लें।

(शेष पेज 11 पर)

## रांची के बिल्डर से एक करोड़ की रंगदारी मांगी

### डॉन अखिलेश सिंह के नाम पर जान से मारने की धमकी भी दी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े गैंगस्टर का तमगा पा चुके डॉन अखिलेश सिंह के नाम पर रांची के एक बिल्डर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गयी है। रंगदारी नहीं देने पर हत्या की धमकी दी गयी है। इस मामले को लेकर बिल्डर के पार्टनर आशुतोष गिरी ने अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

**क्या है मामला :** उम्र कैद की सजा काट रहे कुख्यात गैंगस्टर अखिलेश सिंह का नाम एक बार फिर से चर्चा में है। रांची के अरगोड़ा के रहने वाले बिल्डर रोशन शर्मा से अखिलेश सिंह के नाम पर एक करोड़ रुपए की रंगदारी की मांग की गयी है। बिल्डर के पार्टनर आशुतोष गिरी ने अरगोड़ा थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। एफआईआर में यह जिक्र किया गया है कि बिल्डर रोशन शर्मा के फोन पर एक अज्ञात शक्श ने फोन कर यह धमकी दी।

(शेष पेज 11 पर)

# पैसा मांगने पर बाप ने दो बेटियों को काट दिया

## चक्रधरपुर में क्रूरता की हद, आरोपी बुधन बोदरा गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल के कराईकेला थाना क्षेत्र में बेटियों ने पैसे मांगे तो एक पिता ने ऐसी दरिंदगी की कि अपने दो मासूम बेटियों को धारदार हथियार से काट डाला। पुलिस ने आरोपित पिता बुधन सिंह बोदरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ये दिल दहलाने वाली घटना बंदगांव प्रखंड के कराईकेला थाना क्षेत्र के हुड़ांगदा पंचायत अन्तर्गत परसाबहाल गांव की है। आरोपित पिता परसाबहाल गांव बुधन सिंह बोदरा (35) ने इंसानियत को



झकझोर देने वाली घटना सोमवार की रात करीब साढ़े दस बजे अंजाम दिया। बुधन की पत्नी रायमुनी बोदरा ने बताया कि बेटियों ने पिता से पैसा मांगा, तो पर गुस्से में बुधन ने दोनों की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों से वह किसी को मारने की बात कह रहा था। सोमवार की रात करीब नौ बजे अचानक से बुधन एक धारदार हथियार लेकर उसे तेज कर रहा था। रायमुनी को लगा कि बुधन उसे मार देगा, जिसके बाद रायमुनी डर से पड़ोस के दूसरे घरों में चली गयी। वहां जाकर बुधन की हरकतों की जानकारी लोगों को दी। ग्रामीण एकजुट होकर जब बुधन के घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर बंद था। कुछ देर बाद ग्रामीण घर ने छप्पर हटाकर अंदर देखा तो बुधन कमरे के एक कोने में चुपचाप बैठा था। दोनों बेटियां हीरामुनी बोदरा(6) एवं पनीमा बोदरा(3) की लाश लहुलहान स्थिति में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह कराईकेला थाना को इसकी दी। मौके पर पहुंच पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेने के साथ आरोपित पिता बुधन सिंह बोदरा को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद से गांव के लोग सकते में है। पूरे गांव में मातम सा माहौल है।

### ... सरकार आपके द्वार सीएम आज साहिबगंज में

**रांची।** सरकार की महत्वाकांक्षी 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का दूसरा चरण एक नवंबर, 2022 से शुरू हो गया है। सीएम हेमंत सोरेन दो नवंबर को साहिबगंज में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। पहले चरण में 21 लाख से अधिक आवेदन मिले थे। सरकार आपके द्वार' अभियान का दूसरा चरण 14 नवंबर को समाप्त होगा। दूसरे चरण के अभियान में बुधवार को सीएम साहिबगंज में लोगों को योजनाओं से जोड़ेंगे। कुल 10,481 लाख रुपये की 14 योजनाओं का शिलान्यास एवं नौ योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी करेंगे। (विस्तार से पेज 2 पर)

## सीएम से मिला दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा, पत्नी भी थी साथ

# सुजीत को जमीन, घर उपलब्ध करायेंगे : हेमंत

### खेल नीति के तहत स्कॉलरशिप और कैश अवार्ड से जोड़ेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा को रांची में जमीन तथा उक्त जमीन पर घर देने का भरोसा दिया है। साथ ही कहा कि राज्य सरकार आपके बच्चों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठायेगी। मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित



आवासीय कार्यालय में दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा सीएम से भेंट करने पहुंचे थे। श्री मुंडा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आगामी 4 दिसंबर से 17 दिसंबर 2022 तक आयोजित होने वाले ब्लाइंड क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप के लिए उनका चयन टीम इंडिया में हुआ है। सीएम ने सुजीत को ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप में अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### सीएम से मिलकर काफी खुश थे सुजीत

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात करने के बाद श्री मुंडा काफी खुश दिखाई पड़े। मुख्यमंत्री से बातचीत करने के बाद श्री मुंडा ने कहा कि निश्चित तौर पर अब मैं ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। श्री मुंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ उनकी काफी सकारात्मक वार्ता हुई है। मुख्यमंत्री ने उन्हें हरसंभव मदद पहुंचाने का भरोसा दिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा एवं दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी की धर्मपत्नी अनीता तिग्गा उपस्थित थे।

## इपीएफओ बोर्ड ने पेंशन योजना में किया बदलाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इपीएफओ ने छह महीने से भी कम समय में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत जमा राशि निकालने की अनुमति प्रदान कर दी है। फिलहाल कर्मचारी भविष्य निधि कोष (ईपीएफओ) सब्सक्राइबरों को छह महीने से कम सेवा बाकी रहने पर कर्मचारी भविष्य निधि खाते से जमा राशि निकालने की ही अनुमति देता है। इपीएफओ के शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी मंडल (सीबीटी) की सोमवार को संपन्न 232वीं बैठक में सरकार से अनुशंसा की थी कि ईपीएस-95 योजना में कुछ संशोधन कर सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके अंशदाताओं को पेंशन कोष में जमा राशि निकालने की अनुमति दी जाये। देशभर में साढ़े 6 करोड़ से ज्यादा इपीएफओ सब्सक्राइबर्स हैं।

**क्या हुआ बदलाव :** श्रम मंत्रालय के बयान के मुताबिक, सीबीटी ने सरकार से सिफारिश की है कि छह महीने से भी कम सेवा अवधि वाले सदस्यों को अपने ईपीएस खाते से निकासी की सुविधा दी जाए।

(शेष पेज 11 पर)

# पलामू के ऐतिहासिक किला मेला में उमड़ा जनसैलाब

जीवन कुमार





उपस्थित लोगों को संबोधित करते और कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि।

**सतबरवा।** लोक आस्था का महापर्व छठ के पारण के दूसरे दिन राजा मेदिनी राय की याद में लगने वाला दो दिवसीय ऐतिहासिक पलामू किला जतरा मेला का उद्घाटन मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने मेला स्थल में स्थापित राजा मेदिनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मंच का संचालन मेला समिति के संरक्षक अवधेश सिंह चेरो ने किया।

मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा की राजा मेदनी राय एक प्रतापी व कुशल शासक थे। इनके शासनकाल में प्रजा सुखी और शांति महसूस करती थी। राजा मेदनी राय के विषय में एक लोकोक्ति चरितार्थ है- धनी धनी राजा मेदनीया, घर-घर बाजे मंथनिया। राजा मेदिनी राय के शासन काल में घर घर में दूध दही हुआ करता था। कहा कि हमारा समाज अशिक्षा और कुरूतियों में जकड़ा हुआ है जिसे दूर करने के लिए समाज के बुद्धिजीवी वर्गों को आगे आने की जरूरत है। मेला समिति के संरक्षक अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि राजा मेदिनी राय की याद में करीब 60 वर्षों से पलामू किला मेला आयोजित होते आ रहा है। पलामू किला व मेला चेरो वंशीय राजा का धरोहर है जिसे बचाने की जरूरत है। पलामू किला जैसे ऐतिहासिक मेला का राजकीय मेला घोषित नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक रामलखन सिंह ने राजा मेदिनीराय के इतिहास को लोगों के बीच रखा। मेला के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। वहीं मेला समिति ड्रोन कैमरा से मेला की निगरानी कर रही थी। हजारों की संख्या में लोग मेले में दिखे। मौके पर डीएसपी दिलू लोहरा, मनिका जिप सदस्य बलवंत सिंह, शीतल सिंह, अध्यक्ष उमेश सिंह, बिनोद यादव, रविंद्र राम, प्रमोद यादव, आशुतोष सिंह, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, प्रमुख पति युगल किशोर राम उपस्थित थे।

## आशीष ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



**सतबरवा।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने मंगलवार को ऐतिहासिक पलामू किला मेला स्थल में स्थापित राजा मेदिनी राय की प्रतिमा पर अपने सहयोगियों के साथ माल्यार्पण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि राजा मेदनी राय एक कुशल व्यक्तित्व वाला प्रशासक थे। उनके राज्य में कोई भी व्यक्ति दुखी नहीं रहता था। राजा मेदनी राय के विषय में कहा जाता है कि वे अपना वेश बदलकर प्रजा के सुख-दुख को जानने के लिए घूमा करते थे। राजा मेदिनी राय के शासनकाल से प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाह, अजय सोनी अशोक यादव, अखिलेश यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पाटन में लगा सरकार आपके द्वार शिविर



**पाटन, पलामू।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पाटन प्रखंड के शोले पंचायत में शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, प्रमुख शोभा देवी, मुखिया देवासो देवी तथा उप मुखिया उपेंद्र मेहता ने किया। शिविर में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, गव्य विकास, फुलो झानो समृद्धि योजना, आधार कार्ड, जॉब कार्ड आदि का स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन लिये गये तथा ऑन स्पॉट निपटाये गये। वहां कंबल, साड़ी, धोती भी बांटा गया।

### शाहपुर की भव्य भजन संध्या में उमड़े लोग



**मेदिनीनगर।** छठ महापर्व पर शाहपुर वासियों को कोयल नदी के तट पर हर्षोल्लास के साथ एक नया भक्तिमय माहौल दिखा। इस वर्ष शाहपुर छठ पूजा समिति शाहपुर ने भजन संध्या कार्यक्रम कराया तथा छठ व्रतियों के लिए सुविधाएं जैसे कपड़े बदलने के लिए टेंट घाट पर मुफ्त आरोग्य सुविधा एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा। इस प्रयास को शाहपुर वासियों ने काफी सराहा एवं अगले साल और भी बेहतर करने के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर मेयर अरुणा शंकर, डिप्टी मेयर मंगल सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, नगर निगम के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, महावीर नवयुग दल डाल्टनगंज जनरल युगल किशोर, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार गुप्ता, टिंकल गुप्ता, झामुमो नेता सनी शुक्ला, डॉक्टर रोहित पांडे समेत कई वरिष्ठ समाजसेवियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष शशांक सुमन ने कहा कि समिति के गठन का मूल उद्देश्य छठ महापर्व कर रहे छठ व्रतियों को सुविधा प्रदान करना और भक्तिमय वातावरण बनाना था। मौके पर संरक्षक मनोज जयसवाल, मुकेश जयसवाल, भोला पांडे, विजय चंद्रवंशी, संजय शरण, धर्मेंद्र जायसवाल, बबलू गुप्ता, धीरज अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष मोनू जयसवाल मौजूद थे।

### छठ मैया की महिमा अपरंपार है : संजय

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर अंचल के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ महापर्व पूरी आस्था,स्वच्छता व परंपरानूरूप मनाया गया। ज्यादातर गांवों में तालाब व कुआं के किनारे छठ महापर्व हुआ। भलुआनी गांव में सेवानिवृत शिक्षाकर्मी लालजी राम के तालाब किनारे 100 से भी ज्यादा व्रतधारियों ने छठ पूजा की। यहां गंगा आरती भी हुआ। जिसमें सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, लालजी राम, रजनीश चंद्रवंशी,संजय बैठा,बबन बैठा सहित कई लोग शामिल हुए। संजय पांडेय ने कहा कि छठ मईया की महिमा अपरंपार है। उनकी आशीर्वाद सब पर बनी रहे। लालजी राम बताया कि तालाब किनारे भव्य सूर्य मंदिर बनाने का प्रस्ताव है, जिसका भूमि पूजन भी हो चुका है। बगल में शिव मंदिर भी बनेगा। उन्होंने इस धार्मिक स्थल को विकसित करने में सभी से सहयोग भी मांगा।

### सीएम के कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक



**मेदिनीनगर।** सीएम हेमंत सोरेन के पलामू परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने समाहरणालय में वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मिनट-टू मिनट कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम से हवाई अड्डा तक विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निदेश दिया।उपायुक्त ने कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपते हुए ईमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाये। चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत आपके योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता का निदेश सभी पदाधिकारियों को दिया। परिसंपत्ति वितरण को लेकर लाभुकों का आवागमन हेतु पर परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी निर्देश डीटीओ को दिया। वहीं जेएसएलपीएस के डीपीएम को सखी मंडल की दीदियों/ लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने एवं पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सूचना एवं विज्ञान अधिकारी को 4 नवंबर के दिन सभी शिविर वाले पंचायतों में सीएम के कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग कराने हेतु निर्देशित किया। मौके पर उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज, नगर आयुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, प्रशिक्षु आईएएस श्रीकांत विसपुते समेत जिले के सभी वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### इंदिरा और पटेल के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता : ईश्वरी प्रसाद सिंह



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं इंदिरा गांधी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा की। कांग्रेस के उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में दोनों के चित्र पर माल्यार्पण करके कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष विमला कुमारी मौजूद थीं। ईश्वरी ने कहा कि दोनों विभूतियों के योगदान एवं बलिदान को देश भुला नहीं सकता है। विमला कुमारी ने कहा कि आयरन लेडी इंदिरा गांधी ने कई विपत्तियों का सामना करते हुए देश को आगे बढ़ाया। सरदार पटेल का राष्ट्र को एकजुट करने में अविस्मरणीय योगदान है। संचालन राजेश चौरसिया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी ने किया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे, समीम अहमद राईन, जितेंद्र कमलापुरी,सिद्धनाथ गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, विधा सिंह चेरो थे।

### विहिप-बजरंग दल ने किया मेयर को सम्मानित



**मेदिनीनगर।** छठ पर दुर्गा बाड़ी के समीप कोयल नदी तट पर विहिप व बजरंग दल ने शिविर लगाया। कार्यकर्ताओं ने शिविर में व्रतियों के बीच सामग्री बांटी। शिविर में नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर को विहिप और बजरंग दल ने अंग वस्त्र और हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया। शिविर में जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रव्यापी हित चिंतक अभियान भी चलाया गया।

**सम्मान समारोह : आरसीआइटी के सभागार में पंचायत प्रतिनिधि सम्मानित**

# पंचायत प्रतिनिधि ईमानदारी से करें अपने कर्तव्यों का निर्वहन : चंद्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता



समारोह को संबोधित करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी।

**बिश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज के सभागार में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों व भाजपा प्रखंड कमेटी के कार्य समिति सदस्य को सम्मानित किया गया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सभी को खुद शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कोई भी प्रतिनिधि छोटा या बड़ा नही होता। सभी का सम्मान बराबर है। कार्य क्षेत्र छोटा बड़ा हो सकता है। पंचायत प्रतिनिधि अपने अधिकार और कर्तव्य को समझते हुए ईमानदारी से कार्य करेंगे तो गांवों का संपूर्ण विकास हो जायेगा। गांव व पंचायत के विकास में हर संभव मदद पंचायत प्रतिनिधियों को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर क्षेत्र का पूर्ण विकास करना ही मेरा सपना है।

**ये भी थे मौजूद :** मौके पर वरीय भाजपा नेता टिकैत चौबे, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, डॉ विनय प्रसाद शुक्ला, रविंद्रनाथ उपाध्याय, ओम प्रकाश तिवारी, जिला पार्षद विजय रविदास, प्रमुख रंभा देवी, बबन राम, शिवबांश मिश्रा, नरसिंह चौबे, अनुज चौधरी, मनीष कुमार गुप्ता, मुखिया मंजू देवी, किरण देवी, अंजू देवी, संजू चौबे, रोशीला देवी, रंभा मिश्रा, धर्मेंद्र चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, दिनेश शुक्ला, प्रवीन मिश्रा, रविशंकर चौबे, उपेंद्र तिवारी, विनोद चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

# भक्ति गीतों से मिलती है ऊर्जा, खत्म होता है मन का विकार: डॉ शशिभूषण

➲ कुराईन पतरा पंचायत में दो श्मशान घाट पर विधायक निधि से बनाये जायेंगे दो शेड

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम के दौरान पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** प्रखंड के कुराईनपतरा ग्राम में जय जवान संघ ने छठ पूजा पर भक्ति जागरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, विशिष्ट अतिथि मुखिया पूनम देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष मनदीप मेहता राजन सिंह विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।

मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र कुमार ने कुराईंन पतरा पंचायत के समस्याओं को विधायक से तीन सड़क व दो श्मशान घाट की समस्या से अवगत कराया। विधायक ने सभी को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि भक्ति जागरण सुनने से सभी को ऊर्जा मिलती है। मन का विकार खत्म होता है। उन्होंने कुराईन पतरा पंचायत में दो श्मशान घाट अपने स्तर बनाने की बात कही। जबकि तीन सड़क राज्य सरकार से अनुशंसा करने के बाद जल्द ही बना दिया जाएगा भक्ति जागरण दर्शकों ने पूरी रात आनंद उठाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष चंद्रधन साव, देवराज कुमार, ओम प्रकाश दुबे सचिव अभिषेक साहू, कोषाध्यक्ष मुन्ना बाबू, सुधीर तिवारी, सुमित सिन्हा, अमनदीप पांडेय, राहुल चंद्रवंशी, बिट्टू कुमार, सुरेश, कश्यप पालो राम, अखिलेश, अनुग्रह सिंह सहित पंचायत व प्रखंड के गणमान्य उपस्थित थे।

# लगातार तीन सत्र की विवि टॉपर अनुजा बनना चाहती है प्रोफेसर

खबर मन्त्र संवाददाता

- केतात की बेटी अनुजा चौबे को राज्यपाल से भी मिल चुका है दो गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र
- बीए, बीएड व पीजी में यूनिवर्सिटी टॉपर रह चुकी है छात्रा अनुजा चौबे



**बिश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिला अंतर्गत रेहला थाने के केतात गांव निवासी अरविंद कुमार चौबे की गोल्ड मेडलिस्ट पुत्री अनुजा चौबे देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बनकर उच्च शिक्षा में अपनी महती भूमिका निभाना चाहती है। इसके लिए उसने तैयारी भी शुरू कर दी है। यहां बताते चलें कि अनुजा बीए , बीएड और पीजी में विश्वविद्यालय टॉपर रही है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय से अनुजा शैक्षणिक सत्र 2014-17 में बीए गृह विज्ञान की टॉपर रही। बीएड के सत्र 2017-19 में विश्वविद्यालय टॉपर बनी और पीजी के शैक्षणिक सत्र 2019-21 मे भी टॉपर रही। अनुजा के इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए उसे राज्यपाल रमेश बैश के हाथो दो गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र भी मिल चुका है। उसके इस सफलता से उसके परिजन और गांव के लोग ही नहीं बल्कि पूरा पलामू गर्वांवित हैं। अनुजा अपनी इस सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

# अगस्त का राशन समेत नमक-चीनी के गबन में हुई लीपापोती : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

- मध्याह्न भोजन के अनाज में भी घोटाला, उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई तो विधानसभा में उठायेंगे आवाज



**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड के लाभुकों का अगस्त 2022 का दस हजार क्यूंटल अनाज ऊपर ही ऊपर बेच दिया गया। इसके अलावा ग्रीन कार्ड का राशन, अंत्योदय का चीनी, नमक के अलावा स्कूलों में चलने वाले मध्याह्न भोजन का अनाज भी गबन कर लिया गया है। उन्होंने इस संबंध में पत्राचार किया था। इस मामले में जांच के नाम पर खानापूर्ति कर प्रभारी सहायक गोदाम मैनेजर समेत अन्य दोषी लोगों को बचाने की नाकाम कोशिश की गई है। इस मामले में वह चुप बैठने वाले नहीं हैं। पूर्व में भी हुसैनाबाद गोदाम की सीबीआई जांच हो चुकी है। जिसमें गबन उजागर हुआ था।

### ओरिया पंचायत में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम




**नीलांबर पीतांबरपुर।** ओरिया पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, सीओ चंद्रशेखर कुनाल, बीडीओ अनिल कुमार, जिप सदस्य विजय राम, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मुखिया संगीता देवी, पंसस विनिता देवी ने किया। संचालन बीपीआरओ विनय शर्मा ने किया। मौके पर समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, मनरेगा, सहित कई विभागों से स्टाल लगाया गया था। मौके पर जेएसएलपीएस शिव कुमार उपाध्याय, अर्पणा मिश्रा, आईपीआरपी संदीप कुमार, आशीष तिवारी, सुमित्रा देवी मौजूद रहे।

### रन फॉर यूनिटी में दौड़े पलामू के लोग



**मेदिनीनगर।** कर्नल अमिताभ मुखर्जी, समादेशी अधिकारी, 44 झारखंड बटालियन एनसीसी, जिनका अधिकार क्षेत्र संपूर्ण पलामू प्रमंडल का है, इनके दिशा-निर्देशों और पर्यवेक्षण में एनसीसी की विभिन्न प्रकार की गतिविधियां पलामू प्रमंडल में समय-समय पर कार्यान्वित होती रहती है। इसी सिलसिले में 01 नवंबर को 44 झारखंड बटालियन के प्रमंडल क्षेत्र के विद्यालय एवं महाविद्यालय जिनका संबंधन एनसीसी के साथ है, इनके कैडेट्स ने अपने-अपने जिलों में, रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जो कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर ब्राह्मण उवि की एएनओ एसके दुबे, जिला स्कूल के एएनओ प्रमोद पांडे, सूबेदार मेजर माना, सूबेदार शिवचरण बड़ाईक नायक, एसएन नायक हवलदार थे।

### पलामू में भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत शीघ्र



**मेदनीनगर।** सर्किट हाउस में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ तौसीफ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुवे कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उदयपुर में नवसंकल्प शिविर में भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया था। 7 सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से जारी है जो 12 राज्य एवं 3 केंद्र शासित प्रदेशों से 3570 किलोमीटर की दूरी तय कर जम्मू कश्मीर में समाप्त होगी। यह कार्यक्रम झारखंड प्रदेश कांग्रेस से होकर नहीं निकलेगी। यहां भी शीघ्र यात्रा कार्यक्रम आयोजित करना है।

## जनता दरबार : उपायुक्त कार्यालय में लोगों ने सुनायी अपनी समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के जनता दरबार में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने समस्याएं सुनायी। इस दौरान चैनपुर के पूर्वडीहा से आयी क्लास नौवीं की छात्रा ने उपायुक्त को बताया कि कक्षा नौवीं में पढ़ाई के दौरान मेरे माता-पिता का देहांत हो गया था, जिस कारण कुछ दिनों के लिये मेरी पढ़ाई बाधित हो गयी थी और अब मेरा एडमिशन नहीं लिया जा रहा है अतः उन्होंने उपायुक्त से अपना नामांकन राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय में करवाने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट एडीपीओ को बुलाकर उक्त छात्रा का नामांकन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। इस तरह चैनपुर के पतरिया खुर्द से आये राघवेंद्र प्रसाद ने उपायुक्त से धान का भुगतान नहीं किये जाने के संबंध में शिकायत की इस पर उपायुक्त ने डीएसओ को उचित कार्रवाई करने की बात कही।

## हुसैनाबाद : युवाओं और सामाजिक संगठनों की तत्परता से बेफिक्र दिख रहे थे छठव्रती

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद, पलामू।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान युवाओं और सामाजिक संगठनों की तत्परता से छठव्रतियों का मनोबल बढ़ा रहा था। शहर के जेपी चौक स्थित छठ घाट, ब्लॉक रोड स्थित पंच मंदिर सरोवर छठ घाट, नहर मोड़ चार धाम छठ घाट व ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न नदी, तालाब के छठ घाटों पर उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया गया। अर्घ्य देने के साथ ही व्रतियों ने जनकल्याण की कामना के साथ महापर्व का समापन किया।

इससे पूर्व रविवार की शाम अधिकांश व्रती सूर्य भगवान को दंडवत करती छठ घाट पहुंची और अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। इस दौरान जेपी चौक स्थित छठ घाट पर आरएसजी-10 ग्रुप, युवा बाल संघ, ऑल यूथ क्लब, अखंड ज्योति, अमर ज्योति, बजरंग दल व आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समेत कई स्वयंसेवी संगठन, समाजसेवी संस्था व समाज के लोग छठ व्रतियों की सेवा में लगे रहे। जबकि नहर मोड़ स्थित घाट पर चार धाम छठ पूजा समिति के लोग श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में तत्पर रहे।

# हुसैनाबाद: हरही नदी पर पुल बनाने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते कर्नल संजय व अन्य।

**हुसैनाबाद, पलामू।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के प्रतिनिधि मंडल ने क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में पलामू उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर हुसैनाबाद के गुलबाग स्टेडियम तक चार पहिया वाहन जाने के लिए हरही नदी पर पुल निर्माण कराने का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपने के बाद कर्नल संजय सिंह ने कहा कि विगत कई वर्षों से गुलबाग मैदान पर आयोजित होने वाले कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट पूरे राज्य में सुर्खियां बटोर चुकी है। लेकिन इस मैदान पर आवागमन हेतु एकमात्र सड़क जो मेन बाजार से सैय्यदटोली होते हुए मैदान पर जाती है वह काफी सकरा है। दोनों तरफ से चारपहिया वाहन आ जाने से रास्ता बंद हो जाता है और घंटो जाम लग जाता है। जो दर्शक और बाहरी अतिथियों के लिए कष्टकर होने के साथ-साथ इसके अस्तित्व को भी खतरे में डाल रहा है।

**खास बातें :** उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि हुसैनाबाद हैदरनगर मेन रोड से पचंबा जाने वाली सड़क इस मैदान से लगभग 400 मीटर की दूरी पर है लेकिन बीच में हरही नदी के होने से उस रास्ते से भी मैदान में आवागमन मुमकिन नहीं है। यदि इस नदी के ऊपर पुल का निर्माण हो जाए तो मैदान पर बाहरी अतिथियों खिलाड़ियों और दर्शकों के आवागमन शुगम होने के साथ-साथ स्टेडियम का महत्व भी बढ़ जाता। उपरोक्त बातों को अपने संज्ञान में लेते हुए पलामू उपायुक्त ने सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया है। मौके पर कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के सचिव लालन ठाकुर, कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, निर्णायक समिति के सदस्य नेहाल मिर्जा और विशाल कुमार उपस्थित थे।

# महापर्व : टीम चैलेंजर परिवार ने 2000 छठ व्रतियों के बीच किया प्रसाद का वितरण

- सामाजिक संगठन है टीम चैलेंजर्स, जो 2020 से ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी समस्या को चैलेंज के रूप में लेता है

खबर मन्त्र संवाददाता



छठव्रतियों की सेवा में तत्पर टीम चैलेंजर्स के सदस्य।

**मेदिनीनगर।** 30 अक्टूबर में शाम के अर्घ्य को चैलेंजर परिवार ने रेडमा चौक स्थित काली मंदिर समीप करीब 2000 छठव्रतियों को प्रसाद वितरण किया एवं आशीर्वाद लिया। ज्ञात हो कि टीम चैलेंजर एक सामाजिक संगठन हैं जो 2020 से ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी समस्या को चैलेंज के रूप में लेकर समाधान करवाती हैं। चैलेंजर परिवार ने 31 अक्टूबर सूर्योदय अर्घ्य समय भी दूध, दातुन का वितरण किया और आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद लिया।

टीम के संस्थापक कौटिल्य द्विवेदी ने सभी सक्रिय सदस्य व पदाधिकारी को आभार व्यक्त किया है। मौके पर मार्गदर्शक प्रवीण सिंह, उपाध्यक्ष अनुराग तिवारी, अभिषेक दुबे, आशीष मिश्रा, पुनीत द्विवेदी, सलाहकार पुष्कर पांडेय, छोटू तिवारी, जयशंकर, नवीन तिवारी, विकास पाठक, अभिनव कुमार, आशीष तिवारी, निधीश पांडेय, कमल त्रिपाठी, मधुकर शुक्ला, अक्की पंडित, राजन पंडित, अक्षय सिंह, राहुल कुमार, छोटू, राजेश चौबे, पियूष सिंह, अक्षय पांडेय व अन्य सक्रिय साथियों ने दिन रात एक कर दिया।

## लातेहार जिले में फेज टू आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का शुभारंभ

# ग्रामीणों को प्रखंड व जिला कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, सरकार हर संभव प्रयास कर रही है: बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण के प्रथम दिन का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेएमएम विधायक बैद्यनाथ राम, बीडीओ दीपाली भगत, प्रखंड प्रमुझ उर्मिला देवी, पंचायत मुखिया राजीव भगत, बिससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ के पश्चात विधायक श्री राम ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीबो मजदूरों व अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इसके लिए


दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक


परिसंपति का वितरण करते विधायक बैद्यनाथ राम

कई राज्य सरकार द्वारा कल्याणकारी महत्वाकांक्षी योजनाये चलाई जा रही है। योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले। ग्रामीणों को प्रखंड व जिला का चक्कर न लगाना पड़े। इसके लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में पीएम किसान, जेएसएलपीएस, जनवितरण प्रणाली, बाल विकास परियोजना, मनरेगा योजना, कृषि, पशुपालन व स्वास्थ्य सहित अन्य लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के द्वारा चार महिला स्वयं सहायता समूह के बीच 09 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया।

जिसमें दो समूह को प्रथम डेढ़-डेढ़ लाख रुपये, द्वितीय दो समूहों को तीन तीन लाख रुपये का वितरण किया गया। 72 किसानों के बीच एक क्विंटल राय बीज का वितरण,फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत दो लाभुकों को स्वीकृति पत्र व एगारह दीदी बाड़ी योजना के लिए आवेदन,मनरेगा योजना में 21 जॉब कार्ड आवेदन,एक सौ तीन मजदूरों ने काम के लिए आवेदन,35 नई विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति का आवेदन दिया।

15 वी वित्त योजना के लिए तीन,चापानल का 16,शौचालय का तीन,पशुपालन सहकारिता विभाग बतख,मुर्गी व सुकर पालन के लिए सत्रह, शिक्षा विभाग के लिए 120,कृषि से सम्बंधित केसीसी का 05, पीएम आवास का 175 आवेदन,शिक्षा विभाग का 120 आवेदन, स्वास्थ्य विभाग में 54 मरीजों का स्वास्थ्य जांच, 32 ग्रामीणों को कोविड 19 का वैक्सिनेशन किया गया। राशन कार्ड के लिए 33 आवेदन, जन साहस में आवास के पेंशन का 250 आवेदन ग्रामीणों द्वारा जमा किये गए।

कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों के प्रतिनिधि अधिकारी अपने अपने स्टॉल में उपस्थित थे। वहीं मौके पर युवा नेता अंकित पाण्डेय, दीपक कुमार, मो. मुज्फ्फा, भुनेश्वर यादव, बीरेंद्र पाठक समेत सैकड़ों ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## जतरा मेला झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर : प्रकाश


उद्घाटन के दौरान उपस्थित पूर्व विधायक प्रकाश राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** हुटाप पंचायत के हाका गांव में छठ पूजा के अवसर पर छठ पूजा समिति हाका की ओर से मंगलवार को जतरा मेला का आयोजन किया गया। इस जतरा मेला में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रकाश राम पहुँचे। आयोजकों ने पारंपरिक रीति रिवाज से उनका स्वागत किया, तत्पश्चात पूर्व विधायक प्रकाश राम ने जतरा मेला का शुभारंभ किया। इस मौके प्रकाश राम ने कहा कि जतरा मेला झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर है। हम सबकी शान है, हम सभी को इसे सहेज कर रखना है, इसे बढ़ाना है। इस परंपरा को आगे बढ़ाने में आदिवासी-मूलवासी भाई बहनों का योगदान प्राचीन काल से है, आगे भव्य आयोजन होगा इसके लिए सामूहिक प्रयास पर बल दिया। इधर जतरा मेला में हुटाप पंचायत समेत विभिन्न गावो के हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए ब जमकर लुत्फ उठाया।

मौके पर राजकुमार पाठक, राधेश्याम साहू, आशीष सिंह, मुखिया सुखनारायन सिंह, राजकिशोर साहू, बालेश्वर गंझू, संजय साव, उमेश गंझू, देवमोहन सिंह, सुनील मुंडा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौजूद थी।

### ट्रक ऑनर एशोसिएशन की बैठक आज

**बालूमाथ।** बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसियेशन की बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे से बालूमाथ स्तिथ प्रतीक्षा होटल में होगी। जानकारी देते हुए ट्रक ऑनर एशोसिएशन के अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने बताया कि ट्रक ऑनर एशोसिएशन की बैठक में प्रखंड कमिटी का विस्तार किया जाएगा। साथ ही साथ तेतरियाखांड कोलियरी में गाड़ियों के क्रमबद्ध करने, भाड़ा वृद्वि एवं आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक के बाद कोलिवरी में बालूमाथ ट्रक ऑनर ऐशो के द्वारा चयनित सदस्य ही गाड़ियों का कोलियरी में क्रमबद्ध तरीके से प्रवेश कराएंगे। अगर बैठक में इस बात की पुष्टि होती है तो एशोसिएशन द्वारा ऐसे लोगो को चिन्हित कर नियमानुसार कड़ी कारवाई करेगी। संजीव सिन्हा ने ट्रक मालिको से अपील करते हुए कहा अगर किसी भी ट्रक ऑनर से अवैध वसूली होती है तो ट्रक मालिक इसकी लिखित शिकायत एशोसिएशन के पास करें। ऐसे लोगो पर बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कानूनी कारवाई की जाएगी। उन्होंने बैठक में अधिक से अधिक ट्रक मालिको को भाग लेने की अपील किया है।

### लातेहार में बाईक सवार घायल

**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत उदयपुर घाटी में बाईक व साइकिल की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मनिका निवासी अमित कुमार सिकनी गांव से अपनी बाइक पर सवार होकर मनिका लौट रहे थे। इसी दौरान एक साइकिल सवार अचानक सामने आ गया। साइकिल से मामूली टक्कर के बाद बाइक सवार अमित गिरकर चोटिल हो गए। निजी क्लीनिक में उपचार के बाद वह गंतव्य को रवाना हुए।

# पलामू किला मेला में उमड़ी लोगों की भीड़

## भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन को करनी पड़ी काफी मशक्कत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** राजा मेदनीराय की याद में प्रत्येक वर्ष छठ के पारण के बाद मंगलवार से दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया, इस मेले में झारखंड बिहार छत्तीसगढ़ समेत कई जिलों के लोग पहुंचते हैं, ऐसे में बेतला नैशनल पार्क, केचकीऔरंगा कोयल संगम, कमल दलह झील,समेत कई अन्य पर्यटक स्थल पर्यटकों से गुलजार रहता है, इस मेले का प्रसिद्ध वस्तु हाथ से निर्मित तलवार एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए कचरी,लकठो, मुख्य रूप से प्रसिद्ध माना जाता है, जो भी पर्यटक आते हैं इन सभी का खरीददारी अवश्य करते हैं, और हर साल के अपेक्षा इस वर्ष वन विभाग भी पर्यटकों को लुभाने के लिए कई प्रकार के व्यवस्थाएं की गई है, जिसमें बेतला नेशनल पार्क मुख्य गेट के समीप चिल्ड्रेन पार्क बनाया गया है जो 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे उस चिल्ड्रन पार्क में आनंद ले सकते हैं, इसके साथ ही पलामू किला के समीप कमल दह झील,के पास वर्ड वाचिंग टावर काफी मनमोहक एवं आकर्षक बनाया गया है, उसमें भी पर्यटक मुख्य रूप से सेल्फी प्वाइंट के रूप में मशहूर है, लेकिन पर्यटक सावधानी के साथ सेल्फी ले, पलामू किला मेले में आए पर्यटक मुख्य रूप से नया एवं पुराना पलामू किला का करते हैं दीदार इस मेले में आए पर्यटक नया पलामू किला एवं पुराना किला का मुख्य रूप से दीदार करते हैं, जो चेरो वंशज का राजा मेदिनीराय के द्वारा बनाया गया है। जो आज देखरेख के अभाव में खंडहर के रूप में तब्दील होते जा रहा है। पुरातात्विक विभाग एवं सरकार यदि चाहे तो पलामू किला का सौंदर्यीकरण कराया जा सकता है, लेकिन सरकार के उदासीनता के कारण यह संभव नहीं लगता है।


मेला में उमड़ी लोगों का भीड़

**बरवाडीह एसडीपीओ खुद संभाल रहे हैं सुरक्षा व्यवस्था :** बरवाडीह एसडीपीओ दीलू लोहरा, पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी खुद अपने दल बल के साथ मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात है, वही गस्ती टीम ने केचकी औरंगा पुल से लेकर पलामू किला,एव कुटमु चौक, पर भी सक्रिय रही। किसी भी प्रकार से मेले में आए लोगों को आने जाने में परेशानी ना हो इसके लिए बरवाडीह पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग के टीम सक्रिय रही।

# नई पीढ़ी को झारखंड की सभ्यता और संस्कृति से जोड़ता है जतरा : सितमोहन

### छठ महापर्व के उपलक्ष्य में महुआमिलान में लगा जतरा मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लोक आस्था के महापर्व छठ के उपलक्ष पर मंगलवार को प्रखण्ड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान बगीचा में पारम्परिक जतरा मेला का आयोजन किया गया। जतरा मेला का उद्घाटन झामुमो नेता सितमोहन मुंडा, मुखिया दुर्गावती देवी, उप मुखिया ललिता देवी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर किया।

इसके पूर्व ग्राम प्रधान अर्जुन मुंडा के द्वारा विधिविधान के साथ पूजा अर्चना करायी गयी। जतरा मेला को संबोधित करते हुए सितमोहन मुंडा व मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा कि जिस प्रकार लोक आस्था का महापर्व छठ प्रकृति के साथ परस्पर सम्बन्ध मजबूत करने के साथ समाज समाज को जोड़ने का काम करती है, ठीक उसी प्रकार पीढ़ी को झारखंड की सभ्यता व संस्कृति से जोड़ने का काम करती है।

आज के युवा पीढ़ी पुरानी सभ्यता व संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, ऐसे में हम सभी का दायित्व बनता है कि ऐसे आयोजनों को बढ़ावा दिया जाए ताकि हमारी संस्कृति संरक्षित रहे। मौके पर वार्ड सदस्य राजू उरांव, कुशेश्वर यादव, कर्मा उरांव, ब्रह्मदेव प्रजापति, लव गोप, राजेश यादव, संतोष यादव, रविन्द्र गोप, सुनील ठाकुर, संतोष प्रजापति, अशोक उरांव, कृष्णा उरांव, अनुज उरांव, ललित उरांव, सुशील उरांव, संजय उरांव, रामदयाल उरांव, सत्येंद्र यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।


फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथि

# भोजपुरी गायिका निशा दुबे का कार्यक्रम हुआ आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** छठ महापर्व के अवसर पर बालूमाथ प्रखंड के बसिया पंचायत अंतर्गत जरी गांव में छठ पूजा समिति के द्वारा सोमवार की देर रात नौ बजे से भोजपुरी स्टार गायिका निशा दुबे का भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भोजपुरी स्टार गायिका निशा दुबे ने अपने गाने से दर्शकों का मन मोह लिया। निशा दुबे के अलावा भक्ति जागरण में बिहार,उतर प्रदेश से आये कलाकारों के द्वारा छठ पूजा का एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। विशेषकर निशा दुबे द्वारा गाये गए गीतों पर श्रोता झूम उठे देर रात करीब दो बजे तक चले इस कार्यक्रम को कार्यक्रम को देखने के लिए बालूमाथ,बारियातु,हेरहंज सहित आसपास के छेत्रो से हजारों लोगो की भीड़ उमड़ी थी। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन तेतरियाखांड कोलियरी के विस्थापित नेता गिरधारी यादव ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।


गायिका निशा दुबे

# मो. महताब आलम को पीएम मोदी ने भेजा धन्यवाद संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लातेहार जिला के अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मो.महताब आलम को धन्यवाद संदेश भेजा है, नरेंद्र मोदी ने धन्यवाद संदेश में महताब आलम को उनके जन्मदिन पर भेजे गए संदेश का जवाब देते हुए उन्हें धन्यवाद के साथ साथ स्मृद्धि भारत के लिए पंच प्राण भेजें। जिसमें अगले 25 वर्ष की अमृत काल की यात्रा के साथ पूरे भारतवर्ष के स्वतंत्रता शताब्दी वर्ष में प्रवेश के लिए बताया गया है साथ ही इस पूरे कालखंड को देश के लिए निर्णायक और अविस्मरणीय बनाने के लिए संकल्प सिद्धि पांच सिद्धांत जो भारतवर्ष को विश्व का नंबर एक देश बनाने में मददगार होगा। महताब आलम ने बताया कि वह पांच सिद्धांत जिसमें विकसित भारत का विराट संकल्प हम सभी भारतीयों को विकसित भारत बनाने के लिए विराट संकल्प लेने की आवश्यकता है। यह संकल्प हमें विश्व के अग्रणी देश में शामिल करेगा, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकजुटता को बनाए रखना, कर्तव्य निर्वहन को प्राथमिकता, चाहे कैसी भी परिस्थिति आ जाए हर भारतीय को अपने कर्तव्य निर्वहन को प्राथमिकता देनी है। वहीं प्रधानमंत्री महोदय का यह संकल्प समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लातेहार जिले के अल्पसंख्यक अध्यक्ष महताब आलम ने लिया।

## एक नजर में

### पारिवारिक विवाद में महिला ने खाया जहर

**बालूमाथ।** मंगलवार को हेरहंज थाना क्षेत्र के घूरे ग्राम निवासी लल्लू भुइयां की पत्नी पिंकी देवी 30 वर्ष ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गया था। जिसके आवेश में आकर पिंकी देवी ने कीटनाशक दवा खा लिया जिससे वह अचेत हो गयी। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में महिला का प्राथमिक उपचार किया गया। जहां महिला की स्थिति फिहलाल खतरे से बाहर बताई जाती है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चंदवा।** शहर से सटे अलौदिया ग्राम पंचायत में मंगलवार की सुबह संदीप कुमार पिता स्व. दुर्योधन साव ने अपने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की अचानक आत्महत्या के करने से जहां परिवार में दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा वहीं गांव में सनसनी फैल गई व ग्रामीणों की भिंड मृतक के घर जमा हो गयी। परिजन के साथ ग्रामीण भी युवक के इस कदम से अचंभित नजर आ रहे थे। सूचना के बाद चंदवा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए अंतः परीक्षण के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि युवक गांव में छोटा फोटो कॉपी दुकान चलाता था, वही पिता की मृत्यु के बाद उसकी मां सब्जी बेचकर परिवार चला रही थी। दुकान खोलने को लेकर उसने कर्ज ले रखा था। जिसको लेकर वह दबाव में था। कर्ज के दबाव में उसने यह कदम उठा लिया।

## भाजपा नेता विजय बहादुर सिंह की 27वीं पुण्यतिथि पर स्मरण सभा का हुआ आयोजन

# विजय जी ने जीवन के अंतिम समय तक गरीबों की सेवा करना अपना धर्म व कर्म समझा : द्वारिका प्रसाद

### पिताजी ने मां भारती के रक्षक की भूमिका का बखूबी निर्वहन किया : पंकज सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** पूर्व सैनिक रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी तौर पर प्रख्यात स्वर्गीय विजय बहादुर सिंह के 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके निवास स्थल कस्तूरबा भवन के प्रांगण में स्मरण सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तीनों पुत्रों सहित अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा उनके छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। झारखंड विधानसभा सचिव के पी.ए. के पद पर कार्यरत उनके पुत्र पंकज कुमार ने स्मरण सभा के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बाबूजी ने व्यक्तिगत जीवन के कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश और समाज के बेहतरी में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया। एक ओर जहां उन्होंने एक सैनिक के तौर पर देश की सीमा पर मां भारती के रक्षक की भूमिका का बखूबी निर्वहन किया। वहीं दूसरी ओर एक समाजसेवी के रूप में निःस्वार्थ जनसेवा के क्षेत्र में उनके निष्पादित कार्य आज भी आदर्शवादिता के प्रेरकपूंज के तौर पर हम सभी के बीच दीप्तिमान है। हमारा यह कर्तव्य है कि हम उनके इस वैचारिक विरासतों का हस्तांतरण वर्तमान और भविष्य के पीढ़ियों के बीच निश्चित रूप से करें।


स्मरण सभा में उपस्थित भाजपाई और गणमान्य लोग

**अपराधियों की गोली से हुई थी स्व.सिंह की मृत्यु :** गौरतलब है कि स्वर्गीय विजय बहादुर सिंह की मृत्यु 01 नवंबर 1995 को भाजपा के महुआडाड़ में आयोजित गौ रक्षा कार्यक्रम में शामिल होकर वापस बरवाडीह लौटने के क्रम में कुटमू के पास जंगलों में घात लगाकर बैठे अपराधियों की गोली से हुई थी। स्मरण सभा में उपस्थित भाजपा के नेतागण सहित स्थानीय गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय विजय बहादुर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात उनके जीवनकाल पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र और समाज के प्रति उनकी वैचारिकता को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से उनके बड़े पुत्र बिनय कुमार सिंह, नीरज सिंह, द्वारिका प्रसाद, ईश्वरी सिंह, अशोक प्रसाद, असफाक अहमद, अमरेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, राकेश कुमार, सुशील कु. मेहता, वशिष्ठ नारायण सिंह, सुरेश प्रसाद, मनीष कुमार, शशि भूषण तिवारी, इकबाल सिंह, अनिल कु.सिंह, सिबु साव, सचिन कुमार, हूलास सिंह, मनोज यादव, मनोज कुमार, कन्हाई प्रसाद, प्रदीप सिंह, अजय प्रसाद, राकेश अग्रवाल, ओमप्रकाश मेहता, दीपक तिवारी, मनोज यादव, जमील खान, आदित्य कुमार, पवन कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, सुनील सिंह, गौतम पांडेय, ननदेव सिंह, अरूण सिंह, नंददेव राम, जितेंद्र सिंह, पवन चौधरी, अश्विनी मिश्रा एवं आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मनिका प्रखंड के मटलोंग में इंदिरा गांधी की मनाई 38वीं पुण्यतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित मटलोंग पंचायत के कांग्रेस कार्यालय में दिन सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी मनिका के तत्वधान में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी का 38 वीं पुण्यतिथि मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वर्गीय इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया गया।

मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी 1966 से 1977 तक लगातार तीन पारी के लिए भारत की प्रधानमंत्री रही और उसके बाद चौथी पारी में 1980 से लेकर 1984 में उनकी राजनैतिक हत्या तक भारत की प्रधानमंत्री रहीं। स्वर्गीय इंदिरा गांधी एक आयरन लेडी थी और वे भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी थी।

मौके पर सभी कांग्रेसियों ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की बताए गए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष विकास कुमार,संजय कुमार,दशरथ सिंह, नरेश सिंह,वाहिद अंसारी, मिथिलेश उरांव, राकेश उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।



इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाते कांग्रेसी

# खतरनाक प्रदूषण

हाल फिलहाल हिंदुस्तान में ऐसा ही मानसिक प्रदूषण फैला हुआ है। देश की सर्वोच्च अदालत भी कई बरसों से बार-बार वायु प्रदूषण को लेकर अपनी चिंता जाहिर कर चुकी है। कई बार पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध की बात उठी है। इस बार भी दिल्ली सरकार ने पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया लेकिन ये सारी कवायद धरी की धरी रह गई। क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को हराने के बाद जो आतिशबाजी शुरू हुई वो दीपावली के दिन और उसके बाद भी जारी रही। देश की राजधानी दिल्ली में दीपावली के पहले वायु गुणवत्ता का स्तर 259 था, और बाद में यह 312 से होते हुए मंगलवार की सुबह 350 तक पहुंच गया। लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है और वातावरण में छायी धुंध यह बताने के लिए काफी है कि अब अगले कुछ दिन ऐसी ही दमघोंटू हवा में बिताने होंगे। जिन लोगों को यह वायु प्रदूषण मामूली बात लगती है, उन्हें द लैंसेट कमीशन ऑन पॉल्यूशन एंड हेल्थ की रिपोर्ट देखना चाहिए, जिसके मुताबिक 2019 में सभी तरह के प्रदूषणों के कारण भारत में 23 लाख से अधिक लोगों की अकाल मृत्यु हुई, और इसमें भी 16.7 लाख मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार था। रिपोर्ट के अनुसार किसी भी देश में वायु प्रदूषण से संबंधित मौतों की यह सबसे बड़ी संख्या है। इन 16 लाख मौतों में भी 9 लाख से अधिक मौतें पीएम 2.5 प्रदूषण के कारण हुई हैं। गौरतलब है कि पीएम 2.5 का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई से सीधा संबंध है। दिल्ली समेत देश के नगरों में वायु प्रदूषण लगातार बढ़ा संकट बनता जा रहा है। आश्चर्य है कि शहरों में शिक्षा के बेतहर स्तर के बाद भी लोग इसे मन से समझने को तैयार नहीं हैं। फिलहाल तो गैस चैंबर वाले हालात में लोग रहने को बाध्य हैं।

# गिरते रुपये का असर

समायोजन के बगैर मुद्रा की मजबूती को सीधे अर्थव्यवस्था से जोड़ने के कारण ही रुपये की मजबूती को लेकर एक व्यवस्थागत पूर्वग्रह उत्पन्न हो गया है। रुपया अक्सर दबाव में रहा है और इन वजहों में से ज्यादातर भारत के नियंत्रण में नहीं हैं। यह जानना और मानना जरूरी है कि भारत अपनी जरूरत के कच्चे तेल में से ज्यादातर आयात करता है। इसकी ऊंची कीमतें बाह्य खाते की स्थिति को प्रभावित करती हैं। चूंकि तेल कीमतें ऊंची हैं और उनके निकट भविष्य में भी ऊंचा बने रहने की आशंका है, इसलिए भारत का चालू खाते का घाटा भी ऊंचा बना रहेगा। इससे रुपये पर जाहिर तौर पर दबाव पड़ेगा। तेल और व्यापारिक कारकों से इतर अन्य मसले भी हैं जो इस समय मुद्रा की गति को प्रभावित कर रहे हैं। अमेरिकी डॉलर मजबूत हो रहा है, इसका परिणाम अधिकांश मुद्राओं में गिरावट के रूप में सामने आया है। इनमें यूरो, येन और पाउंड जैसी मुद्राएं भी शामिल हैं। सच तो यह है कि रुपया कई अन्य मुद्राओं की तुलना में कम गिरा है क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक ने जरूरी हस्तक्षेप किए हैं। चूंकि अमेरिकी केंद्रीय बैंक मौद्रिक स्थितियों को अन्य केंद्रीय बैंकों की तुलना में तेज गति से सख्त बना रहा है, इसलिए पूंजी अमेरिका की ओर जा रही है। भारतीय बाजारों से भी इस वर्ष 24 अरब डॉलर की पूंजी बाहर गई है। ऐसे में चूंकि आयातक और विदेशी निवेशक दोनों और अधिक डॉलर की मांग कर रहे हैं इसलिए घरेलू मुद्रा की तुलना में इसका मूल्य बढ़ रहा है। चूंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दरों में इजाफा जारी रखने की संभावना है, इसलिए रुपये पर दबाव भी बरकरार रहेगा। यह बात भी माननी होगी कि मुद्रा का अवमूल्यन भी आवश्यक है। लेकिन स्थितियां अनुकूल होने की दिशा में परीक्षण भी आवश्यक है।

# केवट का प्रेम

विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**नाथ आज मैं काह न पावा।**
**मिटे दोष दुख दारिद दावा।।**

अयोध्या से चलकर मार्ग में अनेक नदियों तथा तमसा, गोमती एवं सई नदियों को पार करते हुए जब अयोध्या की सीमा से आगे बढ़ें तो अगला पढ़ाव श्रंगवेरपुर था। यह एक छोटा सा निसाद लोगों का राज्य था जहां का निषादराज गुह था। वह अक्सर अयोध्या जाता था और श्रीराम से उसकी अच्छी आत्मीयता हो गयी थी। वह श्री राम के गुणों से अति प्रभावित था। वह युवक ही था और श्री राम उससे मित्रवत व्यवहार करने लगे थे। ज्योंही वह सुना कि श्रीराम का वनगमन हुआ तथा नारा और भाई के साथ इधर ही आ रहें है, वह अपने लोगों के साथ स्वागत के लिये पहुंचा और कहा -प्रभु श्रीराम ठीक है आप अयोध्या के राजा नहीं है यह श्रृंगवेरपुर का राज्य आपका स्वागत करता है। हम बहुत प्रसन्न होंगे आप हमारी गद्दी को सुशोभित करें। ये प्रजाजन सभी लोग आपकी स्वागत के लिये आये हैं। श्रीराम ने कहा- अयोध्या हो या श्रंगवेरपुर हो मुझे चौदह वर्ष नगर में जाना ही नहीं है। मां का वरदान मिला है चौदह वर्ष जंगल में रहना है। अतः आप मेरी मदद करना चाहते हैं तो हमें गंगा पार करा दें। उनकी बात मानकर निषादराज गुह उन्हें गंगा किनारे ले गया जहां अनेक नाव खड़ी थी अनेक घाट थे। एक ऐसा घाट था जहां का केवट भक्ति से ओतप्रोत रहता था। जब भी निषादराज गुह अयोध्या से लौटते थे अपने लोगों के बीच अयोध्या क कहानी कहते थे जो उसे बहुत अच्छा लगता था। केवट उनसे कहता है कि आप श्री राम के विषय में सुनाइये, श्री राम कैसे है? वे कितने लंबे चौड़ें है?

**(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम)**

कार्टून वर्ल्ड

पुतिन की विश्व पर नजर...



साभार ट्विटर डॉट कॉम

लेटर टू एडिटर

## रचनात्मकता बढ़ाएं

**वास्तव** में नयी पीढ़ी में लुप्त होते मूल्य एवं पश्चिमी अपसंस्कृति का अंधानुकरण ही इसका मूल कारण है। मौजूदा हालात में नशीले एवं मादक पदार्थों के उत्पादन, प्रयोग, जमाखोरी, बरामदगी, तस्करी, खरीद-फरोख्त पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए। इसके साथ सख्त कानून जरूरी है। युवा नशे से दूर रहकर अपने ध्यान एवं सृजनात्मक शक्तियों में लगायें और बढ़ें। -
**सतपाल, जमशेदपुर**

## जागरूकता जरूरी

**युवा** समाज, मित्र-संगत और चलचित्र अभिनेताओं के अभिनय को देखकर प्रभावित होकर नशा सीख रहा है। इसके अतिरिक्त बेरोजगारी, अवसाद, घरेलू कलह, गरीबी, असफलता, अशिक्षा, जागरूकता की कमी भी इसके कारण हैं। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए जागरूकता और शिक्षा सबसे बड़ा और सबसे उपयोगी शस्त्र सिद्ध हो सकता है।

**-अशोक कुमार, रांची**

# मोदी सरकार के अंतिम बजट से उम्मीद




**वित्त** मंत्रालय ने वर्ष 2023-24 के लिए केंद्रीय बजट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 1 फरवरी, 2023 को पेश किया जाने वाला यह बजट नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट होगा। ऐसा इसलिए कि सामान्य तौर पर अगला आम चुनाव अप्रैल-मई 2024 में होना चाहिए। स्वाभाविक रूप से इस बजट को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पांचवें बजट और इस सरकार के अंतिम बजट को चुनाव से पहले की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है।हालांकि कई अहम कारणों से वित्त मंत्री को इसे चुनाव से पहले का बजट नहीं बनाना चाहिए। ऐसा इसलिए नहीं कि बजट में की गईं लोकलुभावन पेशकश सत्तारूढ़ दल को राजनीतिक फायदा नहीं दिला पाती हैं। मतदाता निश्चित तौर पर याद रखते हैं कि सरकार बजट में उनके लिए किस तरह की रियायतें और राहत दे रही है जिससे उनके चुनावी विकल्प प्रभावित होते हैं।

शायद इसी बात को ध्यान में रखते हुए नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में कुछ ऐसा ही किया था, भले ही इसकी वजह से कई लोगों की भौहें तन गईं थीं। तत्कालीन वित्त मंत्री पीयूष गोयल द्वारा फरवरी 2019 में पेश किए गए अंतरिम बजट में सरकार ने किसानों के लिए 75,000 करोड़ रुपये के वार्षिक खर्च वाली आमदनी सहायता योजना पीएम-किसान की घोषणा कर दी।

इसके अलावा गोयल ने 5 लाख रुपये तक की कर योग्य वार्षिक आमदनी वाले व्यक्तिगत करदाताओं के लिए कर छूट की घोषणा करते हुए कर नीति में अहम बदलाव किया जिसका अर्थ है कि तीन करोड़ से अधिक करदाताओं द्वारा 18,500 करोड़ रुपये का लाभ उठाया जाएगा। यह मानना उचित होगा कि वर्ष 2019 के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लाभ पहुंचाने वाले कई अन्य कारकों में पीएम-किसान योजना और आयकर रियायतें शामिल हैं।

इस तरह की पहल ने सत्तारूढ़ पार्टी को चुनावी फायदा दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। शुद्धतावादियों ने वित्तीय खर्च वाली योजनाओं की घोषणा से लैस अंतरिम बजट पर गंभीर आपत्ति जताई है। कुछ हफ्ते में चुनाव कराने जा रही किसी सरकार को अंतरिम बजट के माध्यम से खर्च या कर रियायतों की घोषणा नहीं करनी चाहिए। इससे पहले 2014 के अंतरिम बजट में कर रियायतों की घोषणा की गई थी, लेकिन ये टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के लिए अप्रत्यक्ष करों से जुड़े थे। लेकिन 2019 में पहली बार अंतरिम बजट में प्रत्यक्ष कर में राहत देने की घोषणा की गई।



**-एके भट्टाचार्य**

> हालांकि सत्तारूढ़ पार्टी के लिए जो चीजें ज्यादा कारगर तब होंगी जब चुनाव से कुछ महीने पहले लोगों को राहत और रियायत पैकेज देने की घोषणा की जाए। मतदाता जब मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए जाएंगे तो उन्हें ये चीजें याद रहेंगी और सत्तारूढ़ पार्टी को इस तरह की पेशकश से अधिक लाभ मिलने की संभावना बनेगी।इस तरह की पहल ने सत्तारूढ़ पार्टी को चुनावी फायदा दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार को 2024 के अंतरिम बजट के साथ छेड़छाड़ करनी चाहिए। सरकार चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए कुछ नीतियों और योजनाओं की घोषणा करने पर विचार कर सकती है लेकिन यह अंतरिम बजट प्रक्रिया का हिस्सा नहीं हैं। इसका फायदा यह होगा कि अतिरिक्त वित्तीय खर्च का बोझ एक साल बाद उठाना होगा जिससे सरकार वर्ष 2023-24 में जरूरी राजकोषीय सुधार कर सकेगी।अहम बात यह है कि वर्ष 2023-24 के बजट में बड़ी खर्च और रियायतों वाली योजनाओं को पर्याप्त जगह देने के लिए कोई बाध्यकारी राजनीतिक और चुनावी तर्क नहीं है जिसके परिणामस्वरूप राजस्व व्यय बढ़ जाता है और राजकोषीय सतर्कता को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इसके विपरीत इस वक्त यह आवश्यक है कि सरकार अपने राजकोषीय दायरे को मजबूत करे। वित्त मंत्री ने केंद्र के लिए लंबी अवधि में राजकोषीय कटौती की योजना तय की थी जबकि राज्यों पर 15वें वित्त आयोग द्वारा तय जिम्मेदारी के मुताबिक तेज रफ्तार से राजकोष में सुधार करना है।

केंद्र के राजकोषीय घाटे को वर्ष 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत के स्तर पर लाया जाना है, जबकि राज्यों को 2023-24 तक इसे तीन प्रतिशत के स्तर तक लाना चाहिए। भले ही राज्यों का लक्ष्य कठिन है, लेकिन वर्ष 2021-22 के लिए 18 प्रमुख राज्यों के संशोधित अनुमानों के आंकड़ों से पता चलता है कि उनका संयुक्त राजकोषीय घाटा लगभग 3.4 प्रतिशत होगा और वर्ष 2022-23 में इसके कम होकर 3.3 प्रतिशत तक होने का अनुमान है।

वर्ष 2023-24 में राज्यों के लिए तीन प्रतिशत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल लग रहा है, हालांकि यह पूरी तरह से असंभव नहीं है। वहीं दूसरी ओर, केंद्र ने अपने राजकोषीय घाटे को 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 9.2 प्रतिशत से घटाकर 2021-22 में 6.7 प्रतिशत कर दिया और वर्ष 2022-23 में इसे घटाकर 6.4 प्रतिशत के स्तर पर लाने की संभावना है। अगर वित्त मंत्रालय 2023-24 के बजट को चुनाव से पहले की प्रक्रिया के रूप में देखता है तब अगले तीन वर्षों में राजकोषीय घाटे में लगभग दो प्रतिशत की कमी लाना मुश्किल होगा।

एक महत्त्वपूर्ण बात यह भी है कि भारत के सामने अब आर्थिक चुनौतियां इतनी सख्त हैं कि आगामी बजट में यह बात शामिल करना जरूरी होगा कि सरकारी वित्त राजकोषीय मजबूती पर जोर दे जिसका वादा पहले ही वित्त मंत्री ने किया था। सरकार को वैश्विक आर्थिक मंदी, भारत के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के बाहर जाने जैसे परिणामों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि इन सभी वजहों से विदेशी मुद्रा खाते पर दबाव बढ़ेगा। महंगाई को नियंत्रण में रखने, आरक्षित भंडार में और कमी को रोकने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि की जरूरत को दरअसल वृद्धि से जुड़ी धारणाओं में नरमी लाने के अर्थ के रूप में भी देखा जा सकता है। वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना बढ़े हुए खर्च के माध्यम से उच्च वृद्धि की राह तलाशने की तुलना में विचार करने वाला लक्ष्य होगा क्योंकि इससे घाटा और भी बढ़ जाएगा।पिछले दो वित्त वर्षों में संयुक्त सरकारी घाटा दो अंकों में बना हुआ है। वर्ष 2022-23 में, संयुक्त घाटा अब भी लगभग 10 प्रतिशत के स्तर पर हो सकता है। तीन साल तक घाटे का ऐसा उच्च स्तर असमान होगा। इस तरह की अधिकता के आर्थिक नतीजे भी असीमित हो हो सकते हैं।

खास बात

## अमान्य पीएचडी

**नागेन्द्र सिंह**

**विदेशी** विश्वविद्यालयों के सहयोग से पेश कंपनियों का ऑनलाइन पीएचडी पाठ्यक्रम मान्य नहीं : यूजीसी

नयी दिल्ली, 28 अक्तूबर (एजेंसी)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी शिक्षण संस्थानों के सहयोग से ह्यएडटेक' कंपनियों द्वारा पेश ऑनलाइन पीएचडी पाठ्यक्रम मान्य नहीं हैं। यूजीसी और एआईसीटीआई ने छात्रों के लिए इस साल दूसरी बार ऐसी चेतावनी जारी की है। इस साल की शुरूआत में यूजीसी और एआईसीटीई ने अपने मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और संस्थानों को एड-टेक कंपनियों के सहयोग से दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की पेशकश के प्रति आगाह करते हुए कहा था मानदंडों के अनुसार, कोई ह्यफ्रैंचाइजीह्व समझौता स्वीकार्य नहीं है।

यूजीसी और एआईसीटीआई की ओर से जारी संयुक्त बयान के अनुसार, ह्लपीएचडी डिग्री प्रदान करने के मानकों को बनाए रखने के लिए, यूजीसी ने यूजीसी (एमफिल, पीएचडी डिग्री प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानक एवं प्रक्रिया) विनियमन 2016 को अधिसूचित किया है। पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए सभी उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) के लिए यूजीसी की ओर से जारी विनियमन और इसके संशोधनों का पालन करना अनिवार्य है।

बयान में कहा गया है कि छात्रों और आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे विदेशी शिक्षण संस्थानों के सहयोग से एडटेक कंपनियों की तरफ से दिए गए ऑनलाइन पीएचडी कार्यक्रमों के विज्ञापनों के बहकावे में न आएं।ह्व आदेश के अनुसार,ह्लऐसे ऑनलाइन पीएचडी कार्यक्रम यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं। इच्छुक छात्रों और आम लोगों से अनुरोध है कि दाखिला लेने से पहले यूजीसी विनियमन 2016 के अनुसार पीएचडी कार्यक्रमों की प्रामाणिकता सत्यापित करें।

**मोरबी,** गुजरात में पुल टूटने से हुई दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

**- सुदेश महतो, आजसू प्रमुख**

आपके ट्वीट

**भारत** की एकता और अखंडता के प्रतीक, आधुनिक भारत के शिल्पकार, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

**- अन्नपूर्णा देवी**





**दादी,** आपका प्यार और संस्कार दोनों दिल में ले कर चल रहा हूं। जिस भारत के लिए आपने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया, उसे बिखरने नहीं दूंगा।

**-राहुल गांधी**

# अफगानी महिलाओं के संघर्ष में साथ दें अंतरराष्ट्रीय समुदाय

**आरती श्री**

समस्या

**शिक्षा** के अपने अधिकारों को लेकर अफगानी महिलाएं और लड़कियां सड़कों पर उतर रही हैं. पर तालिबान सरकार उनकी एक नहीं सुन रही है. हाल ही में एक बार फिर हजारों की संख्या में महिलाओं-लड़कियों की भीड़ सड़कों पर उतर आयी और विरोध प्रदर्शन किया. इस बार के विरोध प्रदर्शन का कारण बीते महीने काबुल में एक शिक्षा केंद्र पर आतंकवादी हमले का होना था. इस हमले में 53 छात्रों की मौत हो गयी थी और 110 से अधिक घायल हो गये थे, जिनमें से अधिकतर लड़कियां और युवा महिलाएं थीं. छात्राओं पर हमले का यह पहला मामला नहीं है, बल्कि यहां अब तक अनेक ऐसे हमले हो चुके हैं. हाल के इस हमले में हजारा समुदाय की अनेक लड़कियों को निशाना बनाया गया था. सितंबर महीने में छात्राओं पर यह घातक हमला तब हुआ, जब वे विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए अभ्यास परीक्षा देने की तैयारी कर रही थीं. बीते वर्ष अगस्त में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा जमाया, तब उसने वादा किया था कि उसके शासन में लड़कियों को इस्लामी कानून के तहत शिक्षा की पूरी छूट होगी और सभी स्कूल खुले रहेंगे. पर जल्द ही वह अपने वादे से पलट गया और अफगानी महिलाओं पर तरह-तरह की पाबंदियां लगानी शुरू कर दी, जिसमें इस वर्ष मार्च में जारी वह फरमान भी शामिल है, जिसके तहत लड़कियों के छठी कक्षा के बाद स्कूल जाने पर रोक लगा दी गयी और उनके शिक्षा के अधिकार को रद्द कर दिया. जाहिर सी बात है, इस बात का विरोध होना था, सो हुआ. जब काबुल और अन्य शहरों में महिलाओं ने तालिबान के बेतुके फरमान का विरोध किया, तब उनके साथ हिंसा व बल प्रयोग किया गया. प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ मारपीट की गयी, यहां तक कि उन्हें चेतावनी देते हुए गोलियां भी दागी गयीं. जो संभवतः इस बात की चेतावनी थी कि अगली बार यदि विरोध किया तो यह गोली सीधा उनके सिर में मार दी जायेगी. अफगानिस्तान में लड़कियों के 1800 से अधिक माध्यमिक विद्यालय है, जिनमें से वर्तमान में अधिकांश बंद हैं और तालिबान ने उन स्कूलों को भी बंद करने की धमकी दी है जो अभी खुले हुए हैं. तालिबान के साथ अपनी शिक्षा व अन्य अधिकारों के लिए जूझ रही अफगानी महिलाओं की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है. उन्हें न केवल मजहबी कट्टरपंथ, हिंसा से जूझना पड़ रहा है, बल्कि आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है. इन सब विपरीत परिस्थितियों ने उनका जीवन असुरक्षित बना दिया है. तालिबान के आने के बाद महिला अधिकारों में भारी कमी आयी है. कम उम्र में विवाह और बाल श्रम की उच्च दर तेजी से बढ़ी है. ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अफगानिस्तान को न केवल मानवीय सहायता देनी चाहिए, बल्कि अफगान महिलाओं और लड़कियों का भी साथ देना चाहिए, जो अपनी जान जोखिम में डाल गलियों व सड़कों पर उतर अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रही हैं. इसकी शुरूआत लड़कियों की स्कूल वापसी सुनिश्चित कराने के साथ ही शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षकों और छात्रों, विशेष रूप से लड़कियां को हमलों से सुरक्षित रखने की व्यवस्था करने से होनी चाहिए. साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों व मनोवैज्ञानिक सहायता भी उपलब्ध करानी चाहिए, क्योंकि संघर्ष व हिंसा के कारण यहां के लोग अत्यधिक मानसिक तनाव में जी रहे हैं, विशेषकर लड़कियां व महिलाएं।

# हजारीबाग के लिए सीतागढ़ गौशाला एक वरदान

**विजय केसरी**

समाज

हजारीबाग सीतागढ़ स्थित गौशाला निर्माण के पश्चात हजारीबाग के मारवाड़ी समाज के कुछ प्रमुख व्यवसायियों को हजारीबाग गौशाला संचालन की जवाबदेही दी गई थी। यहां के व्यवसायियों ने इस जवाबदेही को बहुत ही मन से आत्मसात किया था। आपसी जन सहयोग से यह गौशाला धीरे धीरे कर आगे बढ़ने लगा था। इस गौशाला में सैकड़ों की संख्या में गायें रहने लगीं थीं। सबकी सेवा बहुत ही बढ़िया ढंग से होने लगी थी। देश ब्रिटिश हुकूमत से मुक्त हो चुका था । भारत एक आजाद मुल्क के रूप में तब्दील हो चुका था। उम्मीद थी कि ब्रिटिश हुकूमत के जाने के बाद स्वतंत्र भारत में गोवंश की बहुत ही बेहतर ढंग से खिदमत होगी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया, और ना ही राष्ट्रीय स्तर पर भारत की कृषि की आत्मा गोवंश की रक्षा के लिए कोई राष्ट्रीय नीति की घोषणा हुई। गोवंश की रक्षा के लिए इसी हजारीबाग की धरती पर महान संत रामवीर आचार्य ने कई दिनों तक आमरण अनशन भी किया था। गोवंश की रक्षा के लिए हजारीबाग के प्रथम सांसद बाबू राम नारायण सिंह जी ने भी तत्कालीन राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से पत्राचार किया था। इन प्रयासों का कोई भी प्रभाव तत्कालीन सरकार पर नहीं पड़ा था। फलस्वरुप गोवंश की रक्षा की संपूर्ण जवाबदेही इन्हीं गौशालाओं पर आधारित हो गई थी।

हजारीबाग गौशाला प्रारंभ से ही गौ सेवा के लिए जाना जाता रह रहा है । सत्रह सौ एकड़ में फैले गौशाला प्रारंभ में एक बंजर भूमि ही थी। गौशाला का संचालन कर रहे सदस्यों ने गौशाला की लगभग दो से तीन एकड़ भूमि को पक्के ईट की बाउंड्री से बंद किया था, ताकि गायें इधर उधर नहीं जाएं। गायें सुरक्षित गौशाला में ही रहें । गायों को सुरक्षित रखने के लिए पक्के सेड का भी निर्माण किया गया था ,जो समय के साथ सुधरता चला जा रहा है ।गायों को हरी हरी घांस मिले, हरे हरे पत्ते मिले, इस निमित्त गौशाला की जमीन पर खेती को विकसित किया गया। इसका लाभ गायों को मिले लगा। नगर के कई परिवार अपनी वृद्ध गायों को गौशाला को समर्पित करने लगे। इन वृद्ध गायों की सेवा बहुत ही अच्छे ढंग से होती चली आ रही है। सच पूछा जाए तो इन वृद्ध गायों के लिए यह गौशाला एक वरदान ही साबित हुआ। अगर इस गौशाला का निर्माण नहीं होता, तब सोचिए, इन वृद्ध गायों की क्या स्थिति होती ?

हजारीबाग गौशाला से जुड़े तमाम संचालन कताओं ने अब तक गौ सेवा में कोई भी कसर नहीं छोड़ा। मेरी स्मृति में जहां तक है, हजारीबाग गौशाला से जुड़े तमाम पदाधिकारी गण अपने अपने जरुरी कामों कमो को छोड़कर गौशाला के लिए चंदा एकत्रित करते देखे जाते हैं। व्यापारी गण भी जितना संभव हो पाता है, गौशाला के लिए सहयोग जरूर करते हैं, लेकिन जैसे-जैसे महंगाई बढ़ती चली जा रही है, दूसरी ओर गौशाला में गायों की संख्या भी बढ़ती जा रही है । उस हिसाब से जन सहयोग से चंदे का जुगाड़ करना कठिन साध्य बनता जा रहा है ।इसके बावजूद गौशाला से जुड़े पदाधिकारी बिना हिम्मत हारे, बिना रुके आगे बढ़ते ही चले जा रहे हैं। इस प्रसंग में यह लिखना जरूरी हो जाता है कि झारखंड सरकार ने प्रांत भर में 'गोवध निषेध कानून' पारित कर दिया। लेकिन गायों के पुनर्वास के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया है। कानून अस्तित्व में आ जाने के बाद जिला प्रशासन द्वारा गायों को पकड़कर गौशाला को दे दिया जाता है । फलस्वरूप हजारीबाग गौशाला पर और भी गायों की देखभाल की जवाबदेही बढ़ जाती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## डूमर में सरकार आपके द्वार का हुआ आयोजन

**टाटीझरिया।** प्रखण्ड के डूमर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन स्थल में विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया। जिसमें जेएसएलपीएस के तहत फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत 20 हजार रुपये की चेक वितरण दो लाभुक बीडीओ साईनी तिग्गा टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख अध्यक्ष संतोष मंडल,20 सूत्री अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, जीप सदस्य रामप्रसाद कम्पनी समेत अन्य पदाधिकारी गणो द्वारा चैक का वितरण किया गया। वही मनरेगा से 4 जॉब कार्ड,केसीसी से 2 लाभुक,प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति विभाग से साड़ी /धोती 4 ,कंबल 80,राशनकार्ड 3 पेंशन योजनाओ में विकलांग 1 वृद्धा पेंशन 5 विधवा पेंशन 1 एवं सामाजिक कल्याण विभाग से 11 छात्राओ को किशोरी समृद्धि योजना से लाभान्वित किया गया। मौके पर कई ग्रामीण व समाज सेवी गण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल,दो रेफर

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के अलग अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। अतुल सिंह 25वर्ष पिता बीपी सिंह बरकट्ठा, चिंता देवी 58वर्ष पति सरजू महतो बसारिया को प्राथमिक उपचार सामुदायिक अस्पताल में किया गया। जबकि राहुल कुमार पासवान 30वर्ष पिता सरजू पासवान बेडोकला, जैतून खातून 50वर्ष पति सलामत मियां को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने अतिक्रमण, भूमि, रोजगार, शिक्षा सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## आपकी योजना -आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**चरही।** आपकी योजना –आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम दूसरे चरण के पहला शिविर मंगलवार को चरही पंचायत भवन में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन चुरचू बीडीओ इंदर कुमार,जिप सदस्य बासुदेव करमाली,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,मुखिया संझली मुर्मु, पंसस निरंजन महतो,उप मुखिया अभिजीत सिंह समेत पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। बीडीओ इंदर कुमार ने अपने संबोधन में ग्रामीणों से कहा कि सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने हेतु पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। अब तक के शिविर से जनता के लंबित कार्य पूरा किया जा रहा है। सबसे अधिक आवेदन सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना दिए गए। जिसे बाल विकास परियोजना के कर्मियों द्वारा जांच कर पूरा किया जा रहा है। विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांगता के आवेदनों पर जांच कर अग्रसर कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में कूल 280 आवेदन मिले जिसमे 28 पर तत्काल कार्य हुए जबकि 228 आवेदन पर जांच के बाद कार्रवाई होगी।मौके पर बीपीओ प्रणव कुमार,काशीनाथ गुप्ता, जेई अरुण कुमार समेत विभागीय कर्मी शामिल थे।

## ट्रैक्टर चोरी को लेकर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईया धमना वरसिया मोहल्ला के मुमताज आलम पिता स्व अब्दुल मजीद के घर के बाहर लगा महिंद्रा ट्रेक्टर संख्या जेएच 08 एफ 5152 चोरी हो गई। जिसकी सूचना रसोईया धमना निवासी मो तौकीर अली पिता मो क्यूम अली ने बरही थाना को दिया है।

# आइएजी डैम में डूबने से 14 वर्षीय बालक की हुई मौत

**लातेहार का प्रिंस नानी घर आया था छठ मनाने, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के आइएजी डैम में डूबने से 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक लातेहार निवासी इंद्रजीत साव का इकलौता पुत्र था। प्रिंस अपने माता के साथ छठ पूजा मनाने अपने ननिहाल सुंदरनगर भुरकुंडा आया हुआ था। प्रिंस रिश्ते में हम उम्र अपने मामा व एक अन्य किशोर के साथ आइएजी डैम नहाने के लिए गया था। नहाने के क्रम में प्रिंस व उसके मामा डूबने लगे। तीसरे बालक के शोर मचाने पर महुआ टोला निवासी मकसूद और नईम सहित अन्य युवक डैम से उसके मामा को निकाला। इस दौरान मामा बेहोश हो गया था। होश आने के बाद उसने बताया की एक और डूबा हुआ है। उसे निकालने के लिए फिर डैम में खोजा जाने लगा। बताया जाता है की इस दौरान मामा व दूसरा बालक वहां से भाग गए। कुछ देर बाद प्रिंस को डैम से बाहर निकाला गया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। सूचना मिलने के बाद परिजन भागते-भागते डैम पहुंचे। प्रिंस के शव को देखते ही माता सहित परिजन रोने विलखने लगे। भदानीनगर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर ओपी परिसर पहुंची। इसी बीच किसी ने कहा की प्रिंस का पल्स चल रहा है। आनन-फानन में उसे भुरकुंडा के एक निजी नर्सिंग होम लाया गया। नर्सिंग होम में किसी डॉक्टर के न रहने से उसे ऑक्सीजन लगा रामगढ़ ले जाया गया। जंहा डॉक्टर ने मौत हो जाने की पुष्टि की। इधर, घटना के बाद माता सहित अन्य परिजनों का बुरा हाल था। बताया जाता है की प्रिंस 8 बहनों के बीच एकलौता भाई था।



शव के समीप रोते- विलखते परिजन

# गौशाला में जल्द दिखेगा व्यापक बदलाव : श्रद्धानंद

**कलकत्ता पिंजरापोल सोसायटी में आयोजित गोपाष्टमी मेला में उमड़ा जनसैलाब**



खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत जुलजुल और सितागढा ग्राम के बीच अवस्थित कलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में प्रतिवर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी लगातार 126 वां साल गोपाष्टमी उत्सव के समृद्ध इतिहास का निर्वहन करते हुए मंगलवार को भव्य गौपाष्टमी मेला का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों लोगों ने गौशाला परिसर पंहुचकर गौमाता को आहार खिलाया। मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सदर विधायक मनीष जायसवाल, हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी मनोज रतन चौथे, सदर एसडीओ विद्याभूषण, मेयर रोशनी तिर्की, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला अध्यक्ष रुचि कुजूर, पूर्व डिप्टी मेयर आनंद देव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रीति कुमारी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी मेला में उपस्थित होकर गौमाता को चारा -गुड खिलाया। मेले में देश के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के रूप में ख्यातिप्राप्त सीमा सुरक्षा बल, मेरु कैंप के लोकप्रिय जॉर्ज बैंड के माध्यम से बीएसएफ जवानों की गौभक्ति और देशभक्ति जागृत करने हेतु अनोखी प्रस्तुति सराहनीय रही। बीएसएफ, मेरु कैंप द्वारा यहां विशेष कैंटीन का भी स्टॉल लगाया गया जहां से लोगों ने अनुदानित दर पर घरेलू उपयोग और खाद्य पदार्थों की खरीददारी की।

गौशाला समिति के सचिव श्रद्धानंद सिंह ने बताया कि समिति का यह नया प्रयोग सफल रहा और मेले में वर्षों बाद उमड़ा जनसैलाब यह स्पष्ट संदेश देता है कि लोगों ने गौ सेवा के प्रति चेतना जागृत हुई है। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि गौशाला में संरक्षण और संवर्धन किए जा रहे गायों के हित में जो भी करना पड़ेगा करेंगे।

## सीसीएल कुजू क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



खबर मंत्र संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र में मंगलवार 1 नवंबर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक कार्यालय सहित क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में कोयला अधिकारियों व कर्मचारियों ने सतर्कता जागरूकता का बैच लगाकर इस सप्ताह का शुभारंभ किया। महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी ने क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कोयला अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभिन्न ट्रेड यूनियन के नेताओं के साथ सामूहिक रूप से सतर्कता जागरूकता के साथ कंपनी व देश हित में अधिक से अधिक कोयला उत्पादन करने शपथ दिलाई। शपथ के पश्चात महाप्रबंधक ने कहा कि कोयला ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। हम सभी देश हित में कोयला का उत्पादन करते हैं। कोयला उत्पादन के दौरान हमें जागरुक एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है। हम सुरक्षित रहेंगे तभी कोयले का उत्पादन हो सकता है, और देश सुरक्षित रह सकता है। इस सप्ताह के माध्यम से हम सब लोगों को खुद को सुरक्षित रखते हुए क्षेत्र को मिले कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करना है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के दुलमाहा पंचायत भवन में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक उमाशंकर अकेला, प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विस विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखण्ड प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया नारायण यादव, पंसस प्रतिनिधि जितेंद्र गिरी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि सरकार झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता के सोच और उनके अनुरूप कार्य कर रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से हजारों हजार झारखंड के गरीब लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। इस कार्यक्रम में रोजगार सृजन के कई योजनाओं को जोड़ा गया है, जिसमें फूलों झानो योजना के तहत हडिया दारू बेचने पर मजबूर थी वैसी हजारों महिलाओं को सरकार के द्वारा सहयोग राशि देकर अन्य रोजगार से जोड़ा जा रहा है। साथ ही राशन कार्ड वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन प्रधानमंत्री आवास सहित अंचल से जुडी समस्या सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों को मिलता है। इस तरह से कई निर्णय झारखंड सरकार ले रही है। मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, प्रखण्ड व अंचल कर्मी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व सैकडों ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल विधायक व जनप्रतिनिधि

### एक नजर में

## सांसद जयंत सिन्हा ने आदर्श ग्राम जरबा का किया दौरा

**चरही।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने मंगलवार को चुरचू प्रखंड के चरही और आदर्श ग्राम जरबा का दौरा किया।सांसद श्री सिन्हा ने चरही उच्च विद्यालय कस्तूरबा अवासीय विद्यालय और उच्च विद्यालय कारुखाप में मास्टर क्लास लिया।साथ ही चरही कस्तूरबा गांधी विद्यालय के प्रांगण में हो रहे भवन निर्माण कार्य को भी निरीक्षण किया।उन्होंने ने कहा कि कि भवन का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण हो। इसमें कोताही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी।आगे कहा कि सरकार के नियमों को पालन करें।भाजपा के कार्यकताओं को निर्देश दिया है कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जनताओं को जानकारी फें। समय-समय पर इसकी निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने का काम करें। सांसद ने कहा कि क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने का काम करें। इस दौरान विद्यालय के बच्चों से मिलकर उनके हाल चाल को जाना और कई सवाल पूछे।श्री सिन्हा ने कहा कि विद्यालय के बच्चों को बेहतर शिक्षा की जरूरत है। शिक्षकों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। ताकि बच्चे पढ़-लिखकर अपने भविष्य को संभाल सके। अंत में चरही में भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात कर कहा कि पार्टी को मजबूत करें।तथा लोगों को जोड़ने का काम करें।इसमें भी कोताही बरतने को जगह नहीं है। मौके पर कई भाजपा के कार्यकर्ता साथ थे।

## रैलीगड़ा परियोजना के विभिन्न कॉलोनियों में कचरे का अंबार

**गिद्दी।** अरगड्डा क्षेत्र के रैलीगड़ा परियोजना के कॉलोनियों में कचरे का अंबार लगा है। यहां पर प्रतिदिन कॉलोनी वासियों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । कॉलोनियों की नालियां भरी हुई हैं । सड़क पर पानी भर रहे हैं और कई बीमारियों को आमंत्रित कर रहे हैं । रेलीगड़ा कोलियरी के ठेकेदार और रेलीगड़ा के अधिकारियों की मिलीभगत से साफ सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है । यह बात रेलीगड़ा कोलियरी शाखा सचिव प्रदीप रजक ने कही। कहा कि दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पर भी यहां साफ सफाई नही की गई।

## सीसीएल हजारीबाग में निरीक्षण करने पहुंचे टेक्निकल प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग डायरेक्टर

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग एरिया का मंगलवार को निरीक्षण करने पहुंचे डायरेक्टर टेक्निकलन प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग बी साई राम। सीसीएल हजारीबाग एरिया के जीएम नीरज कुमार सिन्हा की अगुवाई में वे सबसे पहले हजारीबाग एरिया के तापिन साउथ, तापिन नार्थ, परेज, झारखंड, केदला वासरी परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना के पदाधिकारियों से परियोजना के प्लानिंग और उत्पादन कैसे बढ़े उस पर जानकारी ली। सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उत्पादन को बढ़ाने की नसीहत दी। साथ ही सभी परियोजना के लोगों का उत्साह बढ़ाया। प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग डिटी ने जीएम और परियोजना के पदाधिकारियों के साथ फ्यूचर प्लानिंग, उत्पादन तथा आने वाले पांच साल तक के फ्यूचर प्लान क्या होंगे उसके बारे में चर्चा की। उन्होंने जीएम को अस्वस्थ किया कि परियोजना को चलाने के लिए किसी तरह की कोई दिक्कत आए तो अविलंब मुझे बताएं उसका तत्काल समाधान किया जाएगा। पी एंड पी डिटी बी साई राम ने जीएम नीरज कुमार सिन्हा और संबंधित हजारीबाग एरिया के अधिकारियों से कहा कि वर्ष 2017-18 में पूरे सीसीएल ने 68.72 मिलियन टन का लक्ष्य हासिल कर हाइएस्ट उत्पादन में एक नया कृतिमाण बनाया था। हजारीबाग एरिया को आगे भी इसी तरह से मेहनत से नए कीर्तिमान स्थापित करते रहना है। इस मौके पर टेक्निकल सेक्रेटरी पी के सिंह, महाप्रबंधक संचालन कुमार नरेंद्र, लैंड एंड रेवेन्यू अधिकारी, पर्यावरण अधिकारी, सभी परियोजना के पीओ और खान प्रबंधको में जे एन गुप्ता, एन के झा, ऐसी डे, एमपी सिंह, आनंद कुमार, राजदीप कुमार सहित दर्जनों सीसीएल के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# सीसीएल कुजू ने मनाया 48 वां स्थापना दिवस

खबर मंत्र संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार 1 नवम्बर को कोल इंडिया का 48वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी ने कोल इंडिया का ध्वज फहराया। मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सबों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। कोयला खदानों के साथ साथ कोयला उद्योग से जुड़े सभी लोगों को एक नया जीवन जीने का अवसर मिला। आर्थिक, सामाजिक विकास होने के साथ-साथ इससे जुड़े कोयला कर्मियों का जीवन स्तर में बदलाव आया। उन्होंने मौजूद कोयला अधिकारियों, विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों, कर्मचारियों को पूरी लगन के साथ कंपनी व देश हित में कोयला उत्पादन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एसओपी एम एफ हक ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं के कुल 25 कोयला कामगारों को प्रोन्नति की घोषणा की।

**इन्हें मिली प्रोन्नति**

कंपनी के 48 कोयला कामगारों को प्रोन्नति देने की घोषणा महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी ने की। जिसमें तोपा परियोजना के मोहम्मद कबीर अंसारी, उमेश गोप, ब्रह्मदेव राम, राजेंद्र रविदास, वाजिद आलम, मंगरा मांझी,अघनू मांझी सभी एक्सकावेशन डंपर ऑपरेटर को कैटेगरी बी से कैटेगरी ए में प्रोन्नति मिली। वहीं इसी परियोजना के ओवरमैन धरणीधर मंडल अनुरंजन कुजुर तथा सरोज कुमार को ग्रेड बी से ग्रेड ए में प्रोन्नति देते हुए सीनियर ओवरमैन बनाया गया है। जबकि इपी फीटर गुमीलाल मांझी, खिरोधर महतो तथा डंपर ऑपरेटर जगेश्वर महतो,जबील अंसारी को कैटेगरी डी से कैटेगरी सी में प्रोन्नति मिली है। कर्मा परियोजना के माइनिंग सरदार दीपक कुमार ग्रेड सी को सेफ्टी कम प्रोडक्शन असिस्टेंट ग्रेड बी में प्रोन्नति मिली है। इसी परियोजना के ओवरमैन ग्रेड बी रंजीत खलखो, मनीष कुमार, संतोष कुमार टंडन, विनोद तिर्की, राजकुमार ठाकुर, विनोद कुमार को सीनियर ओवरमैन ग्रेड ए में प्रोन्नति मिली है। पुंडी परियोजना के मदन मोहन झा माइनिंग सरदार ग्रेड सी को सेफ्टी कम प्रोडक्शन असिस्टेंट ग्रेड बी में प्रोन्नति मिली है। सारूबेड़ा परियोजना के ओवरमैन ग्रेड बी राजीव कुमार भारद्वाज तथा कुजू परियोजना ओवर मैन ग्रेड बी निशांत कुमार सिंह को सीनियर ओवरमैन ग्रेड ए में प्रोन्नति मिली है। इस प्रकार से सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना के सर्वाधिक 15, करमा परिजनों के 7, कुजू, सारूबेड़ा तथा पुंडी परियोजना के 1-1 कोयला कामगारों को प्रोन्नति दी गई है। यह प्रोन्नति 1 नवंबर 2022 से प्रभावी होगी। मौके पर अनेक कोयला अधिकारी, विभिन्न ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि गण तथा कोयला कर्मी मौजूद थे।

## अदाणी फाउंडेशन ने अम्बाजीत में लगाया नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप




**81 ग्रामीणों को नि :शुल्क दी गयी दवाईयां, डॉक्टर ने दिए स्वास्थ्य संबंधी परामर्श**

खबर मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा कोल परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने मंगलवार को महुगाई कला पंचायत स्थित अम्बाजीत मध्य विद्यालय में निशुल्क हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया। अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कैंप में 81 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर हजारीबाग के जेनरल फिजिशियन डॉ आरके रंजन के नेतृत्व में पैरामेडिकल स्टाफ की एक टीम ने ग्रामीणों को कई तरह की चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क प्रदान की। सुबह 11:00 बजे से दिन भर चले इस कैंप में महिलाएं, ग्रामीण और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। कैंप में कई महिलाएं भी अपने बच्चों के साथ आई हुई थीं।


कैंप में डॉक्टर ने दवाओं के साथ सभी ग्रामीणों को आवश्यक सलाह देते हुए उनका अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया। डॉक्टर ने यह भी कहा कि बदलते मौसम में लोग अपने साथ-साथ बच्चों का विशेष ध्यान रखें क्योंकि मौसम बदलने के साथ ही बीमारियों का प्रकोप भी शुरू हो जाता है और सबसे पहले बच्चे इसकी चपेट में आते हैं। इसीलिए सर्दी, खांसी और जुकाम जैसे तरह-तरह के वायरल और दूसरी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे हेल्थ चेकअप कैंप समय-समय पर लगते रहने चाहिए ताकि उनका समाज स्वस्थ बना रहे।

## भाजपा नेता ने चिकित्सक के साथ बदसलूकी की निंदा की



**मांडू।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार गुप्ता ने मांडू के जाने-माने चिकित्सक डॉ सैयद हिदायतुल्लाह के साथ मांडू पुलिस द्वारा मिस हैंडलिंग व मिस बिहेव करने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरकार में पुलिस प्रशासन बेलगाम हो गयी है। इसलिए ये लोग किसी को भी नहीं पहचानते । डॉ सैयद हिदायतुल्ला के वाहन को मांडू पुलिस द्वारा रोका जाना और उनके द्वारा कहे जाने पर भी हम चिकित्सक हैं। साथ ही वहां खड़े कुछ लोगों ने कहा कि ये जाने-माने चिकित्सक हैं और मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व प्रभारी रह चुके हैं । लेकिन पुलिस ने इसपर कुछ भी ध्यान नही दिया। जैसे की चिकित्सक कोई अपराधी हों। कहा कि यह निंदनीय है। श्री गुप्ता ने इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी की मांग की। उन्होंने यह भी कहा है कि रांची कोतवाली थाना क्षेत्र के डीएसपी को गुमराह किसने किया यह तो जांच का विषय है। सरकार इसकी भी उच्चस्तरीय जांच कराएं और दोषियों पर कार्रवाई करे।

## जुबिली कॉलेज में मना राष्ट्रीय एकता दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जुबिली कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इसमें कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन मिश्रा एवं डॉ. विशेश्वर रविदास ने स्वयंसेवकों को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम, खेल मंत्रालय व विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित राष्ट्रीय एकता दिवस का संकल्प दिलाया। सर्वप्रथम लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। साथ ही रन फॉर यूनिट का भी आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा छात्र-छात्राएं व स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर से गिद्दी दामोदर पुल तक दौड़ लगाई गई। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने कहा कि एकीकृत अखंड भारत के निर्माण में सरदार पटेल का योगदान अतुलनीय रहा है।

## अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर संगठन को और मजबूत बनाना लक्ष्य : दुर्गा सेन

**जवाहर नगर की दुर्गा सेन भारती बनीं भागीदारी पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष, बधाईयों का लगा तांता**



खबर मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भागीदारी पार्टी (पी) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति ने जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सह सीसीएलकर्मी मनोज कुमार की पत्नी दुर्गा सेन भारती को पार्टी का महिला जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इनके मनोनयन से भागीदारी पार्टी को और मजबुती मिलेगी। वहीं मनोनयन के बाद दुर्गा सेन भारती ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक महिलाओं को भागीदारी पार्टी में जोड़कर संगठन को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। रामगढ़ जिलाध्यक्ष दुर्गा सेन भारती ने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर समाजहित व पार्टी हित में कार्य करते हुए भागीदारी पार्टी के नीति और सिद्धांतो को जन-जन तक पहुंचाऊंगी। दुर्गा सेन भारती के भागीदारी पार्टी का महिला जिलाध्यक्ष बनने पर लीलावती देवी, रानी देवी, शीला देवी, मालती मुर्मू, मनोज कुमार सिंह, शिवनंदन दास, अजय दास, चिंतामणि दास, महेश बेदिया, रमेश बेदिया, राजेंद्र राम, गौतम राम, सुरेंद्र यादव, शंकर मांझी, कुलदीप राम, सूर्यकिशोर राम आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त रामगढ़, पुलिस अधीक्षक रामगढ़ व भुरकुंडा ओपी प्रभारी को भी प्रेषित की गई है।

## छठ पूजा के सम्मान पर हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

**भुरकुंडा।** आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर भुरकुंडा नलकारी नदी तट पर लगने वाला छठ पूजा के सम्मान पर मंगलवार को बंगला कुंआ युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे मौजूद थे। भंडारे में दर्जनों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूजा समिति के संरक्षक सुनिल कुमार ने बताया कि छठ मेला सम्पन्न होने पर भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है।

स्पीड न्यूज

## शिविर में दिव्यांग युवती को मिली ट्राइ साइकिल



चैनपुर। चैनपुर प्रखण्ड मुख्यालय के छिछवानी पंचायत के पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा। वहीं प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा लोगों को लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोग अपनी समस्याओं को खुलकर रखे। आपके द्वार कार्यक्रम में दिए गए आवेदनों को स्वीकृति दी जाएगी। वहीं ग्रामीणों के द्वारा सावित्रीबाई फुले समृद्धि किशोरी योजना का 70 आवेदन भरा गया और एक दिव्यांग लड़की को ट्राई साइकिल दिया गया। शिविर में राशन कार्ड, भूमि सुधार, लगान रसीद, सर्वधन पेंशन योजना ,मुख्यमंत्री पशुधन योजना से संबंधित आवेदन को जमा किया गया। वहीं कुछ आवेदनों का मौके पर ही निपटारा किया गया। शिविर में ग्रामीणों को समस्या रखने का मिला मौका: बीडीओ

## जनता की सेवा के लिए कर्मी तत्पर हैं : बीडीओ



जारी। मंगलवार को जारी गांव स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा के समीप आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर लगा। अध्यक्षता बीडीओ सुमन गुप्ता और सीईओ रेशमा रेखा मिंज ने की। बीडीओ ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को अपनी समस्या रखने का दोबारा मौका मिला है। इसका लाभ उठाते हुए ग्रामीण सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठायें। शिविर के बाद भी आपकी सेवा के लिए हम प्रखंड कर्मी तैयार हैं। किसी कारणवश आज छूट भी गए हैं तो आवेदन करने के लिए पंचायत में जाकर अपनी समस्या रख सकते हैं। तिरंगा आजीविका सखी मंडल बूम तेल को 600000, खुशबू आजीविका सखी मंडल रेंगारी को छह लाख, प्रकाश आजीविका सखी मंडल बूमतेल को 600000, ज्योति आजीविका सखी मंडल जरमाना को 600000 कुल मिलाकर 2400000 का चेक वितरण किया गया। वहीं फूलों झानो योजना में 40 लाख दिया गया।

## ससुराल में दामाद ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के सिरकोट गांव में अपने ससुराल आये टांगर शिकवार ग्राम निवासी टेमना मुंडा ने फांसी लगाकर मंगलवार को अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । घटना की सूचना पुलिस को मिलने के बाद घाघरा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मृतक का जेठ साला बितेश्वर मुंडा ने बताया कि टेमना का का मानसिक संतुलन खराब था और वह सोमवार को दिन के 11:00 बजे ससुराल घर सिरकोट अपने गांव से आया था।वही मंगलवार की सुबह में 3:00 बजे खाना मांगा और खाना खाने के बाद एक रूम में सोने के लिए चला गया।जहा वह अकेला सो रहा था।वही सभी अपने घर का काम में लगे थे। 6:00 बजे जब उसे उठाने के लिए घर के लोग गए तो दरवाजा को खोला जहा टेमना मुंडा ने घर के छप्पर में अपने लूंगी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

## 6 को गुमला में डॉ. संदीप

गुमला। चर्म, कुष्ठ व थाईराईड रोग विशेषज्ञ डा. संदीप कुमार 6 नवंबर को नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

# डॉक्टर से लेवी मांगने वाले दो गिरफ्तार

### पीएलएफआइ के नाम पर एक अस्पताल के संचालक से मांगा था 50 लाख

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के नाम पर केयर एडवांस अस्पताल के संचालक सौरभ प्रसाद ने उसके अस्पताल में पर्चा चिपकाकर 50 लाख रूपये रंगदारी की मांग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कलिगा गांव निवासी 22 वर्षीय श्रवण गोप व भंडरिया गांव निवासी 25 वर्षीय शिवा चीक बड़ाईक का नाम शामिल है।

मंगलवार को गुमला थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गोकुल नगर में डॉ सौरभ प्रसाद के निजी अस्पताल में पीएलएफआई का पर्चा चिपकाकर 50 लाख रंगदारी की मांग की गई थी। जिसमें पर्चा चिपकाने वाले का नाम अजय टाइगर लिखा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पर्चा चिपकाने वाला व्यक्ति श्रवण गोप है जो कलिगा गांव का रहनेवाला है। इसका पिछला आपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस ने श्रवण के निशानदेही पर शिवा चीक बड़ाई को गिरफ्तार किया। शिवा पर्चा चिपकाने के लिए पीएलएफआई के पर्चा का फोटो कॉपी किया था। चूंकि उसका फोटो कॉपी का दुकान है।

छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार, थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुअनि सुदामा राम, पुअनि प्रेम सागर सिंह, पुअनि अजय महतो, पुअनि मो. मोजम्मील, पुअनि विवेक चौधरी आदि शामिल थे।



गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी।

एक नजर में

## विक्षिप्त ने मंदिर के गुंबद को क्षतिग्रस्त किया



लोहरदगा। शहर के बीआईडी में एक शख्स ने सोमवार की रात पांच मंजिला मनोकामना दुर्गा मंदिर के गुंबद पर चढ़कर करीब दो घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा किया। मंदिर में चढ़े युवक को वहां से नीचे उतारने में पुलिस और जिला प्रशासन के पसीने छूट गए। युवक ने मंदिर के गुंबद को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। मामला कहीं सांप्रदायिक रंग न ले ले, यह समझते हुए जिले के उपायुक्त, पुलिस कप्तान सहित लगभग सभी आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात कर दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर सैकड़ों की तादाद में लोग भी जमा हो गए। यह संभावना जताई जा रही है कि यह शख्स शराब के नशे में था या मानसिक रूप से विक्षिप्त है। मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है और इस वजह से वहां सीढ़ी भी लगी हुई थी। सोमवार की रात करीब 8:30 बजे यह शख्स मंदिर के शिखर पर जा चढा और तोड़फोड़ करने लगा। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जुट गए। यह लोहरदगा का प्रसिद्ध मंदिर है और लोहरदगा- गुमला नेशनल हाईवे के ठीक किनारे शहरी क्षेत्र में है।इस घटना के दौरान सड़क पर जाम लगा रहा। पुलिस और प्रशासन के लोग जब इस शख्स को नीचे उतरने के लिए कहा जा रहा था तो वह हेलीकॉप्टर मंगाने को कहने लगा। कभी ट्रेन मंगाने को कहता तो कभी रोड क्लियर करने को कहता। कभी कहता कि इस मंदिर को यहां से हटाया जाएगा और इसके जगह पर और विशाल मंदिर बनेगा। आखिरकार करीब आधी रात को स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रशासन उसे नीचे उतारने में कामयाब रही, तब जाकर सब ने राहत की सांस ली।

# अवैध पत्थर व बालू की बिक्री पर लगायें रोक

### उपायुक्त ने नन टास्क फोर्स, विधि-व्यवस्था, उत्पादन, कारा, परिवहन विभाग की समीक्षा की, दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स, विधि-व्यवस्था, उत्पादन, कारा, परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कारा प्रबंधन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी कैदियों के हित के लिए कई निर्देश दिये जैसे कि लाइब्रेरी निर्माण करना, ओपन जिम का निर्माण, उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच एवं आवश्यक उपचार आदि। जेल के कैदियों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने के साथ ही उनके कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए आवश्यक उपकरणों का प्रस्ताव तैयार करके देने की बात कही।

उन्होंने जेल में सभी कैदियों के लिए नियमित रूप से चिकित्सा जांच शिविर लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चर्म रोग एवं टीबी के मरीजों पर विशेष ध्यान दें। कारागृह की सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज पर निगरानी एवं आवागमन करने वाले वाहनों पर भी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कारागृह में विद्युत तथा पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने, निमार्णाधीन पेरीमीटर वॉल के गुणवत्ता की जांच करने आदि का भी दिया निर्देश । जेल से सटे घरों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से वहां के लोगों से विचार विमर्श करते हुए आवश्यक निर्णय लेने की बात कही। खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अवैध रूप से बालू एवं पत्थर की बिक्री करने वालों पर कड़ी नजर रखते हुए उनपर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने वैध विक्रेताओं की सूची की मांग करते हुए उनकी अनुज्ञाप्तियों को जांच करने हेतु संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। जिन चौक चौराहों पर अधिक अवैध माइनिंग की शंका है वैसे स्थानों को चिन्हित करते हुए जांच बढ़ाने की बात कही। इसके अलावा जंगल से अवैध लकड़ियों की तस्करी पर भी कड़ी नजर रखने की बात कही।सभी चिन्हित चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु प्रस्ताव देने का निर्देश जिला खनन पदाधिकारी को दिया। उन्होंने सभी ट्रैक्टरों के एग्रीकल्चर लाइसेंस की जांच करने का निर्देश दिया, इसके अलावा अवैध बालू, पत्थर व जंगल की लकड़ी आदि के पकड़े जाने पर फोटो वीडियो बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी सदर , सहायक समाहर्ता गुमला, जिला खनन पदाधिकारी, डीएसपी, सिटी मैनेजर, एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट गुमला, जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव।

## भू अर्जन के लंबित मामलों को जल्द पूरा करें : उपायुक्त

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में मंगलवार को भू अर्जन से संबंधित चल रही योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी लंबित मामलों को जल्द से जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता गुमला, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पीडी एनएचएआई के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त द्वारा वर्तमान में भू-अर्जन शाखा से संबंधित सभी 6 योजनाओं की गहनता पूर्वक समीक्षा की । उन्होंने कोनसा बकसपुर पथ चौड़ीकरण योजना के अपूर्ण कार्य की जांच करने का निर्देश दिया। पलमा गुमला के पथ चौड़ीकरण योजना के तहत भुगतान प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए विवादित मामलों को डीसीएलआर कोर्ट में सुनवाई करते हुए मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने रोड डिवाइडर में लाइट लगवाने हेतु पीडीएनएचएआई को प्रस्ताव देने को कहा। इसके अलावा उपायुक्त ने कोचोडेगा रामरेखा पथ चौड़ीकरण योजना, रोकोडेगा बिलिंगबेरा पथ चौड़ीकरण योजना, सिसई लापुंग डोरमा पथ चौड़ीकरण योजना ( भरनो), पुत्रीटोली डोलंगसेरा पथ चौड़ीकरण योजना( बसिया कामडारा योजना की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। चल रहे सभी प्रोजेक्ट के प्लॉट्स का एनडीआरएस पोर्टल में एंट्री कराने हेतु सख्त निर्देश दिया गया। उक्त सभी 6 योजनाओं का दस्तावेजीकरण पूर्ण करते हुए योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पुलिस लाइन चंदाली की बाउंड्री लाइन की मापी कराने का भी दिया निर्देश दिया।

## लैंपस से किसानों को मिलेगा बीज : मिथिलेश



भंडरा । भंडरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार की अध्यक्षता में कृषक मित्रों की बैठक हुई। बैठक में आत्मा के बीटीएम अजय कुमार, एटीएम विजय अलोकित रुंडा सहित कृषक मित्र शामिल हुए। बैठक में भंडरा प्रखंड में किसानों को निबंधन करते हुए अनुदानित मूल्य पर बीज वितरण करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने कहा कि लैंपस कार्यालय द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर गेंहू, मटर, तीसी बीज देने की योजना है, पर लैंपस कार्यालय द्वारा ड्राफ्ट नहीं जमा करने के कारण कृषक मित्रों की मदद से किसानों को अनुदानित दर पर बीज वितरण किया जाएगा। इसके लिए सभी कृषक मित्र अपने-अपने क्षेत्र के किसानों को निबंधन करना सुनिश्चित करें, ताकि सभी निर्बंधित किसानों को अनुदानित मूल्य पर बीज का वितरण किया जा सकें। बीटीएम अजय कुमार ने कहा कि सरकार प्रत्येक किसान को एक-एक एकड़ में खेती के लिए अनुदान का लाभ दे रही है। जिसमें किसानों को गेंहू, मटर, तीसी का बीज दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने जिला को बीज वितरण के लिए डिमांड भेजे जाने की बात कहते हुए यथा-शीघ्र किसानों से बीज लेने वाले किसानों का निबंधन कर सूची प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है। मौके पर एतवा उरांव, रामचंद्र साहू, जावेद अंसारी, महिर अंसारी, बरतु बैठा, आंनद ठाकुर सहित कृषक मित्र मौजूद थे।

## किसानों के लिए समर्पित है सरकार : आलोक

लोहरदगा। जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड के सरकार के उस निर्णय का स्वागत किया है जिसमें झारखंड सरकार आपदा प्रबंधन प्राधिकार विभाग से राज्य घोषित 226 सूखाग्रस्त प्रखंड के प्रभावित 30 लाख किसान परिवारों को 35 सौ 35 सौ रुपया देने का निर्णय लिया है। जिसमें सरकार 1200 करोड़ रूपया खर्च करेगी। श्री साहू ने कहा कि राज्य के किसानों को इससे बहुत बड़ी राहत मिलेगी। किसानों को इस बार दोहरा मार पड़ा है जब धान की खेती के लिए पानी की आवश्यकता थी तब बारिश नहीं हुआ और जब बारिश की आवश्यकता नहीं थी तो अत्यधिक बारिश हुआ जिसके कारण धान का फसल नष्ट हुआ ही सब्जी का फसल को भी काफी क्षति हुआ। पहले से ही महंगाई के कारण किसानों को अपना परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है ऐसे में प्राकृतिक के दोहरी मार ने किसान की कमर ही तोड़ दिया है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेसनीत झारखंड की यूपीए सरकार एक संवेदनशील सरकार है। इससे पूर्व सुखा को देखते हुए राज्य सरकार ने किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया और अनुदान देने का प्रावधान भी किया है। यह सरकार जवाबदेह सरकार है। किसानों को हर संभव सहायता सरकार के द्वारा दिया जाएगा।

# सरकार के योजनाओं का ग्रामीण लें लाभ : एसडीओ

### रूकी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



घाघरा। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के दूसरे चरण पर घाघरा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत रुकी में मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि गुमला अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन ने लोगों से कहा कि झारखंड सरकार द्वारा यह महत्वकांक्षी योजना चल रही है ग्रामीण लाभ जरूर लें बढ़चढ़ कर कार्यक्रम में शामिल हो। योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन दें। इस कार्यक्रम का समीक्षा राज्य एवं जिला स्तर पर भी की जा रही है।

वहीं मौजूद घाघरा बीडीओ विष्णु देव कच्छप, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, घाघरा पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य मानती देवी ने भी मौजूद लोगों को सरकार की महत्वकांक्षी योजना को लाभ उठाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में कई योजनाओं का दिया ग्रामीणों को लाभ शिविर में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 7 किशोरियों को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस के तहत 2 महिला मंडल को 300000 सीसीएल, 200 जरूरतमंद को कम्बल, 15 पीपीओ, ग्रामीणों के बीच 500 आम के पौधे का वितरण किया गया। पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य मनती उरांव, बीडीओ विष्णुदेव कच्छप, घाघरा सीओ प्रणव ऋतुराज, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी घाघरा, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के साथ करेंगे गांव का विकास: सुमित



चैनपुर। चैनपुर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुरुमगढ़ थाना परिसर में सोमवार सीआरपीएफ 218 बटालियन एवं पुलिस के संयुक्त सौजन्य से सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां काफी संख्या में थाना क्षेत्र के करूमगढ़, करमटोली, जिरमी, मनातू सहित कई गांव के ग्रामीण भाग लिये। जिनके भी चना, मटर, सरसों व आलू के बीजों का वितरण किया गया। शिविर में सीआरपीएफ के चिकित्सक के द्वारा ग्रामीणों का इलाज कर दवाई दी गई। सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट सुमित सोरेन ने ग्रामीणों से कहा कि हम आपके साथ मिलकर गांव के विकास में सहयोग करना चाहते हैं। समस्याएं हमें पता है इसलिए सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया।

# सरकार के खिलाफ होगा आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन :गंगोत्री





गुमला। भारतीय जनता पार्टी गुमला की बैठक मंगलवार को लोहरदगा रोड स्थित मुनेश्वर साहु के कान्फ्रेंस हॉल में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर शामिल हुई। बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गंगोत्री कुजूर ने कहा कि प्रदेश द्वारा 7 नवंबर से 13 नवंबर तक जिले के सभी प्रखंडों में राज्य सरकार के कार्यकलाप के खिलाफ आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदर्शन को हर हाल में सफल बनाना है और प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं की संख्या बल अधिक होनी चाहिए। पूर्व स्पीकर डॉ. दिनेश उरांव ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समुदाय विशेष के लोगों को तुष्टीकरण करते हुए सारी सीमाएं लांघ चुकी है। सरकार पूरी तरह अकर्मण्य और विफल हो चुकी है। प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु ने कहा कि आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन को हर हाल में सफल बनाना है। बैठक में मिशिर कुजूर, भूपन साहू, भिखारी भगत, सुजीत नंदा, प्रदीप प्रसाद, सशवंत सिंह, लालमोहन साहु, सत्यनारायण पटेल, मंगल सिंह भोक्ता, दिनेश्वर प्रसाद, खुशमन नायक, जगनारायण सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अविराम कॉलेज में रन फॉर यूनिटी आयोजित



कूडू। अविराम बीएड कॉलेज में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर कहा गया कि देश को एकजुट बनाने में सरदार वल्लभभाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने असंभव कार्य को अपनी सूझ-बूझ और दूरदर्शिता से संभव कर दिखाया और लगभग 562 छोटी -बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण कर राष्ट्रीय एकता का निर्माण किया। उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में देश भर में मनाया जाता है। इस अवसर पर अविराम कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एकता की शपथ दिलाई गई तथा रन फॉर यूनिटी के अंतर्गत एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ-साथ बीएड एवं डीएलएड संकाय से प्रशिक्षु प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका महतो ,आफताब आलम, विनोद, पंकज, ममता, पवन आदि ने भाग लिया ।

# जनता दरबार में डीसी ने कई मामलों का किया निपटारा

### घाघरा प्रखंड की अन्नपूर्णा महिला मंडल को, जनवितरण प्रणाली को पुन: चालू करें

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त ने मंगलवार को जनता दरबार में आए आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अधीनस्थों पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त सुशांत गौरव के कार्यालय वेश्म में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में घाघरा प्रखंड की अन्नपूर्णा महिला मंडल के द्वारा सामूहिक रूप से आवेदन समर्पित कर बताया है कि जनवितरण प्रणाली को पुनः चालू किया जाये। उपायुक्त ने इनके पत्र को अग्रसारित करते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी को जांच हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भरनो प्रखंड के पलमा गुमला के चौड़ीकरण में अधिगृहीत मकान रोड में जाने के कारण मुआवजा भुगतान करने का मुद्दा भी उठा । इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सदर प्रखंड के खड़ियापाड़ा निवासी स्तुति लकड़ा द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया है कि वे आश्रय गृह खड़ियापाड़ा में केयर टेकर के पद पर कार्य करती हैं, उनका मानदेय बढ़ाया जाये। इस पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सिसई प्रखंड के ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से आवेदन समर्पित कर बताया गया कि ग्राम घोड़तोपा एवं गोखुलपुर के बीच मसनीया नदी में पुल निर्माण नहीं होने से काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में सड़क निर्माण, मुआवजा भुगतान सहित कई मामले आये जिन पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पत्र अग्रसारित करते हुए समस्याओं के निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



## भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस की बैठक

कैरो। प्रखंड कांग्रेस कमिटी की आवश्यक बैठक प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रुप से भारत जोड़ो पदयात्रा प्रखंड प्रभारी ड़ोमना उरांव सह प्रभारी संतोषी उरांव ने आगामी 6 नवंबर 2022 को जिला स्तरीय भारत जोड़ो पदयात्रा की सफलता को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श करते हुए सभी कार्यकताओं को जिम्मेवारी सौंपी। बैठक में पंचायत अध्यक्ष सुमन उरांव, मंजन उरांव, नारायण उरांव, शिव उरांव ,भोला भगत ,मोजाहिर अंसारी ,जियाउल अंसारी ,तिला उरांव, रोहित प्रजापति ,मोहम्मद इंतखाब आलम, दीपक कुमार यादव, उमेश महली, सुशील उरांव, वसीम अंसारी, देवराज उरांव ,चंद्रदेव भगत, बहादुर यादव ,मंसूर आलम, विजय कुमार एक्का ,मतलूब अंसारी, जोरावर खान ,मोजेबुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## आपकी सरकार शिविर में आये 907 आवेदन



गढ़वा। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के द्वितीय चरण के तहत गढ़वा प्रखंड के मधेया पंचायत में मंगलवार को शिविर 907 आवेदन प्राप्त हुए। आम नागरिकों को योजना का लाभ देने एवं उनके समस्याओं का निराकरण के लिए विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जहां जनता अपनी समस्याओं अथवा संबंधित योजना के लाभ लेने के लिए संबंधित विभाग के काउंटर पर जाकर अपना आवेदनसमर्पित कर एक्नॉलेजमेंट रिसिप्ट प्राप्त कर कर रहे थे।

## पीएम आवास में गड़बड़ी में स्वयंसेवक कार्यमुक्त

भवनाथपुर। पंडरिया पंचायत के घाघरा के करमही टोला में पुराने बिरसा आवास को दिखाकर प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने के मामले में बीडीओ जयपाल महतो ने पंचायत स्वयंसेवक उपेंद्र पाल को कार्यमुक्त कर दिया है। वहीं आवास को-ऑर्डिनेटर सिराज अहमद से स्पष्टीकरण की मांग की है। बीडीओ ने बताया कि इस मामले को उपायुक्त को पत्राचार किया हूं। उन्होंने बताया कि करमाही टोला में प्रधानमंत्री आवास में गड़बड़ी किए जाने की मामला प्रकाश में आने के बाद जांच किया गया था। जिसमें पुराने बिरसा आवास पर प्रधानमंत्री आवास दिखा कर प्रधानमंत्री आवास का पैसा निकाल लिया था। जिसके आलोक में स्वयंसेवक को कार्यमुक्त किया गया है एवं प्रधानमंत्री आवास के को-ऑर्डिनेटर से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## शहदी पुलिस अफसरों को दी गयी श्रद्धांजलि



भवनाथपुर। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर भवनाथपुर अंचल के पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार, थाना प्रभारी सतीश महतो, खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार ने शहीद आरक्षी आनंद कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। बनसानी में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद परिजनों एवं गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार, भवनाथपुर थाना प्रभारी सतीश महतो, खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार ने बनसानी निवासी धर्मजीत पासवान के शहीद पुत्र आरक्षी 429 अनंत कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। 2004 में लातेहार जिला बल में नियुक्ति हुए आनंद कुमार 17 जनवरी 2009 को डालटेनगंज-रांची मुख्य मार्ग पर मनिका थाना क्षेत्र के दो मुहानी नदी पुल के पास सड़क पर उग्रवादियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में झारखंड पुलिस के आरक्षी 429 अनंद कुमार एवं अन्य जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे।

## शिलापट्ट में जुड़ा जिप सदस्य का नाम



गढ़वा। भवनाथपुर जिप सदस्य शर्मा रंजनी की मांग पर बड़गड़ प्रखंड में योजना की शिलापट्ट पर बड़गड़ जिप सदस्य रूपांजली जायसवाल का नाम अंकित किया गया। ज्ञात हो कि एक नवंबर को बड़गड़ प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली दो पुल का एक नवंबर को होने वाले शिलान्यास के शिलापट्ट पर किसी भी पंचायत प्रतिनिधि का नाम अंकित नहीं था। इस संबंध में बड़गड़ जिप सदस्य रूपांजली जायसवाल ने डीसी एवं डीडीसी को आवेदन सौंपकर नाम अंकित कराने की मांग की थी। इस संदर्भ में भवनाथपुर जिप सदस्य शर्मा रंजनी ने पूर्व में भी कई बार डीसी रमेष घोलप एवं डीडीसी राजेष राय को आवेदन देकर जिले भर में संचालित सभी विकास योजनाओं को षिलापट्ट पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों का नाम अंकित कराने की मांग की थी।

# बच्चे के जन्म दिन पर पौधा जरूर लगायें : डीसी

### वन समितियों का उन्मुखीकरण सह वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। वन विभाग के सौजन्य से जयनगर प्रखंड अंतर्गत बराकर नदी के किनारे बसा गांव बेरोगांई में वन समितियों का उन्मुखीकरण सह वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरकठ्ठा विधायक अमित कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त आदित्य रंजन व जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीएफओ सूरज कुमार सिंह व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने वन समितियों को संबोधित करते हुए कहा कि जंगल को संरक्षित कैसे करें, इस पर विचार करने की आवश्यकता है। जंगल को संरक्षित करना अतिआवश्यक है। जंगल बचाने के लिए सभी लोगों को जागरुक होने की आवश्यकता है। गांव-गांव में लोग जंगल बचाने के प्रति लोगों में जागरुकता फैलायें। आप स्वयं और अपने बच्चे के जन्म दिन पर पौधा जरुर लगाये, ताकि आने वाले पीढ़ी के लिए एक यादगार पल हो। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन ने वन समितियों के संबोधित करते हुए कहा कि आज आमजनता के सहयोग व श्रमदान से मनरेगा हो, स्वावलंबी गांव हो और सामाजिक संस्थाओं के मदद से करीब 2 लाख पौधे लगाये गये हैं। आमजनों, स्कूल के शिक्षक एवं बच्चों ने मिलकर स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र में पौधे लगाये गये हैं। आज वन महोत्सव के उपलक्ष्य में यह संकल्प लें कि हमारे गांव में कुल्हाड़ी बंद हो, जंगल बचाना बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वन को संरक्षित करने व अधिक से अधिक पौधा लगाकर पार्यावरण संरक्षण करना है। लोगों के पौधारोपण का कार्य करना चाहिए, इससे हमें शुद्ध पार्यावरण का एहसास होगा। वहीं डीएफओ सूरज कुमार सिहं ने वन समितियों को संबोधित करते हुए उनके दायित्वों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जयनगर प्रखंड में नाममात्र की वनभूमि क्षेत्र है। हमलोगों का उद्देश्य है कि वन भूमि के बाहर भी पौधा लगाये। वन समिति जागरुक होकर पौधा के संरक्षण के लिए कार्य करें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर, आस-पास, पास-पड़ोस में पौधा लगाये। मौके पर सीओ ओम प्रकाश बड़ाईक, प्रशिक्षु उप समाहर्ता सारांश जैन, जिप सदस्य, प्रखंड प्रमुख, स्थानीय मुखिया व अन्य मौजूद रहे।

## संस्कार और विकास का द्वार खोलती है शिक्षा : अन्नपूर्णा

कोडरमा। सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि शिक्षा संस्कार व विकास का द्वार खोलती है। शिक्षक और शिक्षाविद मानव और मानस गढ़ते हैं, हमें एक जिम्मेवार नागरिक बनाने का प्रयास करते हैं। उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर हम न सिर्फ अपना अभीष्ट प्राप्त कर सकते हैं, वरन राष्ट्र निर्माण में भी योगदान कर सकते हैं। वहीं उन्होने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से यही कर रही है। प्रकारांतर से यह वही मार्ग है जो गुरुदेव स्वर्गीय नरसिंह पाण्डेय जैसे मनीषी शिक्षाविदों ने दिखाया है। वहीं सांसद अन्नपूर्णा देवी झुमरीतिलैया नगर पर्षद क्षेत्रांतर्गत गुमो वार्ड संख्या 21 में निवर्तमान राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार के सांसद निधि से निर्मित सामुदायिक नरसिंह स्मृति भवन एवं नगर पर्षद द्वारा निर्मित नाली सहित पेवर ब्लॉक सड़क का उदघाटन करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित की। उदघाटन समारोह के दौरान ही गुमो वासियों की ओर से सांसद को ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें वहां उपलब्ध सरकारी जमीन पर केंद्रीय विद्यालय का निर्माण तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के विस्तार सहित स्वास्थ्य केंद्र को जयनगर के हरली, बिरसोडीह, गरांयडीह, अरनियाओं आदि ग्रामों को जोड़ने के लिए पथ निर्माण सहित कई मांगें शामिल थीं। मौके पर डीडीसी लोकेश मिश्र, विनीत अग्निहोत्री, रमेश सिंह, वीरेंद्र प्रसाद मेहता, अनूप जोशी, राजकुमार यादव, संजय शर्मा, सुभाष मोदी, विनय सिन्हा बेलू, पिंकी जैन, दिनेश सिंह, दीनानाथ पाण्डेय, सीताराम पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# 36 घंटे के अंदर पिता और बेटी की संदिग्ध मौत

### मेराल में दो शव से मिलने सनसनी मामले की जांच में जुंटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। मेराल थाना क्षेत्र के कजराठ गांव में 36 घंटे के अंदर एक ही घर से बाप-बेटी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मंगलवार की सुबह कजराठ गांव स्थित दानरो नदी में रमेशी चौधरी का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। लगातार हो रही घटनाओं से लोग डरे सहमे हैं। शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने मेराल थाना को दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर केके साहू, मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों व ग्रामीणों से शव उठाने का आग्रह किया, लेकिन परिजन व ग्रामीणों द्वारा लगातार हो रही हत्या को लेकर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए खोजी कुत्ता की मांग पर अड़े हुए थे। जानकारी के अनुसार रविवार की रात रमेशी चौधरी की पुत्री गुड्डी कुमारी का शव अपने घर में ही फांसी के फंदे से झूलता हुआ पाया गया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने सोमवार की दोपहर के बाद दाह संस्कार किया था। मंगलवार की सुबह उसके पिता रमेशी चैधरी का शव दानरो नदी में पाया गया। बताया जाता है कि रमेष घटना के बाद घर से गायब थे। परिजनों द्वारा खोजबीन में कहीं पता नहीं चल पाया। मंगलवार की सुबह रमेशी चैधरी का शव गांव के बगल में ही दानरो नदी पाया गया। पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों व ग्रामीणों की मांग पर घटना से संबंधित जांच के लिए खोजी कुत्ता को बुलाया गया है।



घटना की जांच करते मेराल थाना की पुलिस अधिकारी व अन्य।

## पूर्व मुखिया का अश्लील गाने पर डांस करते वीडियो हुआ वायरल



कोडरमा। जहां एक ओर लोग आस्था में डूबे हुए थे और छठ महापर्व खत्म ही हुआ था कि एक पूर्व मुखिया का महिला डांसरों के साथ अश्लील गानों पर डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में डोमचांच के मसनोडीह पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा के मंडल अध्यक्ष रह चुके रामदेव पासवान नजर आ रहे हैं। डोमचांच मसनोडीह में छठ के समापन की संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ था, जिसमें महिला डांसरों को बुलाया गया था। जिसमें रामदेव पासवान भी मौजूद थे। महिला डांसर के साथ मुखिया जी ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं। क्या करे दिल है की मानता नही, इस दिल पे किसका जोर है। पूर्व मुखिया ने गाना भी ऐसा वैसा नही चुना, गाना मुखिया जी पर ही था, मुखिया जी मन होके ता बोली, नही तो खाई रऊआ बर्दास्त वाला गोली। अब मुखिया का गाना बजे और मुखिया ठुमके न लगाये ये तो हो नही सकता।

## जहर खाकर वृद्ध महिला ने की आत्महत्या

जयनगर (कोडरमा)। थाना अंतर्गत क्षेत्र अंतर्गत अंबाडीह में एक बुजुर्ग महिला की जहर खाने से मौत हो गई। वहीं मृतका की पहचान 70 वर्षीय बतसिया मसोमात पति स्व बंधु महतो अंबाडीह निवासी के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद के बाद जहर खा लेने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी, इसके बाद मंगलवार सुबह सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में शव को परिजनों को सौंप दिया गया।\

## युवती ने किया आत्महत्या का प्रयास

कोडरमा। चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कांटी में एक 16 वर्षीय युवती ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास की। जानकारी के अनुसार युवती का आधार कार्ड खो जाने के बाद मां के डांटने पर गुस्से में आकर कीटनाशक दवाई खा ली। जिसके बाद परिजनों ने युवती को सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है।

## मरकच्चों में सर्प दंश से महिला की मौत

मरकच्चो (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत जामु स्थित रविदास मुहल्ला निवासी 45 वर्षीया सुनीता देवी पति गोपाल दास का निधन ईलाज के दौरान हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतका सुनीता देवी 25 अक्टूबर को जंगल में लकड़ी लाने गई थी, जहां रसल वाईपर प्रजाति के सांप ने डस लिया। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया, वहां 6 दिनों तक ईलाज चलने के बाद भी कोई सुधार न देखकर परिजन सोमवार को अपना घर जामु ले आये, जहां उसका निधन हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि सांप का जहर पूरे शरीर में फैल चुका था, जिसके कारण महिला के दोनो किडनी काम करना बंद कर दिया।

# गढ़वा जिले का कोई भी गांव विकास से वंचित नहीं रहेगा : मिथिलेश ठाकुर

### विधायक ने चहारदीवारी और चबूतरा का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



गढ़वा। गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर गांव में मंगलवार को गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 13 लाख की लागत से बनने वाली योजना का शिलान्यास किया। कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जनजाति समुदाय का सरना, मसना संरक्षण एवं विकास योजना मद से कल्याणपुर में पचपड़वा देव स्थल संरक्षण एवं विकास कार्य के तहत 12 लाख 86 हजार 885 रुपए की लागत से चहारदीवारी एवं चबुतरा का निर्माण तथा सोलर जलमीनार का अधिष्ठापन किया जाएगा। श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में काफी तेज गति से विकास कार्य किया जा रहा है। गढ़वा का कोई भी गांव किसी भी क्षेत्र में विकास से वंचित नहीं रहेगा। वे क्षेत्र के प्रत्येक गांव में एक-एक योजनाओं को चयनित कर कार्यान्वित करा रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, प्रवक्ता धीरज दुबे, कल्याणपुर मुखिया अशोक चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, अंजली गुप्ता, पूर्व नप अध्यक्ष अनिता दत्त, लाभुक समिति के अभिकर्ता भोला उरांव, ललन बैगा, प्रखंड प्रमुख विमला देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एनसीसी कैडेट्सों ने लिया श्रेष्ठ भारत का संकल्प

### पटेल की जयंती पर एसपीडी कॉलेज के छात्रों ने लगाई दौड़

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। भारत के प्रथम गृहमंत्री सह कई रियासतों में बंटे भारत को एक देश रूप में परिवर्तित करने वाले महान राष्ट्रभक्त एवं प्रखर महापुरुष स्व.सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर एसपीडी कॉलेज की एनसीसी इकाई के कैडेट्स ने एकता दौड़ का आयोजन किया। इस मौके पर कैडेट्स ने एक भारत-श्रेष्ट भारत का संकल्प लिया।

कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीसी के महिला-पुरुष कौडेट्स ने भाग लिया। एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट धीरेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य निखलेश चैबे ने किया। दौड़ के बाद कैडेट्स ने एक भारत को बनाये रखने और श्रेष्ट भारत की कल्पना को साकार करने का संकल्प लिया। इस मौके पर एनसीसी पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि आजादी के बाद भी अपना देश रियासतों के रूप में कई टुकड़ों में बंटा हुआ था। कई रियासत भारत में विलय का विरोध कर रहे थे। जबकि कश्मीर रियासत पर कब्जा के लिए पाकिस्तान ने हमला भी कर दिया था। हैदराबाद और जूनागढ़ रियासत भी भारत में विलय से इंकार कर रहे थे। ऐसी विषम परिस्थिति में आजादी के साथ ही देश के कई टुकड़े होने के आसार बन गए थे। देश के तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल ने कड़ा एक्शन लेते हुए एक भारत का विरोध कर रहे रियासतों को बड़ी सबक सिखायी और उन्हें बल पूर्वक भारत में मिला लिया। दो सौ वर्ष की गुलामी के बाद आजाद हुए भारत देश को एकता में पिरोने वाले सरदार पटेल की जयंती को देश एकता दिवस के रूप में मनाता है। सरदार पटल के प्रयासों को मूर्त रूप देने की जिम्मेवारी अब हम सब पर है। हमें प्रमुख रूप से दो काम करना है। पहला देश की एकता को अक्षुण्य रखना और दूसरा देश को हर क्षेत्र में श्रेष्ट बनाना। एनसीसी कैडेट्स इस कार्य में अपनी महती भूमिका अदा कर रहे है और आगे भी करते रहेंगे। मौके पर डॉ चन्द्र कुमार, महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ सत्यदेव पांडेय, प्रो. केबी अंसारी, अर्जुन मेहता, अरुण तिवारी, विवेकानन्द उपाध्य एवं वीरेंद्र पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।





एक नजर में

## जीएन कॉन्वेंट में याद किये गये पटेल



गढ़वा। शहर के जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर सरदार पटेल के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। निदेशक श्री केशरी ने कहा कि 31 अक्टूबर को भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल सरदार पटेल की 145वीं जयंती है। दरअसल, सरदार पटेल ने 560 रियासतों को भारत संघ में एकीकृत करने में अहम भूमिका निभाई थी। राष्ट्र को एकजुट करने के लिए सरदार पटेल के किए प्रयासों को स्वीकार करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय एकता की दिशा में उनके प्रयासों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में संदर्भित किया है। सरदार पटेल के योगदान का सम्मान करने के लिए हर वर्ष 31 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूती देने के लिए शपथ दिलाई गई। मौके पर शिक्षक विनय दूबे, उदय प्रकाश, नरेंद्र सिन्हा, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, नीलम केशरी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी, रिजवाना शाहिन, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल ने तीन रैयतों को दिया नियुक्ति पत्र

टंडवा(चतरा)। सीसीएल कोलफील्ड्स लिमिटेड अम्रापाली- चंद्रगुप्त क्षेत्र ने अम्रापाली कोलपरियोजना ने 48 वां कोल इंडिया स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान सर्वप्रथम उपस्थित विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी विजय कुमार दास, इंस्पेक्टर विजय सिंह एवं महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह को पुष्प एवं शॉल देकर स्वागत किया गया। ततपश्चात बिंगलात एवं सराढु विद्यालय से आए छात्र- छात्राओं द्वारा स्वागत गान, भाषण एवं सांस्कृतिक नृत्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीसीएल द्वारा स्थानीय युवकों को ड्राइविंग को लेकर ट्रेनिंग कराए गए अमर यादव, दिनेश पासवान, रामवृक्ष साहू, नीरज साहू, समेत कुल 17 युवकों को ड्राइविंग लाइसेंस, जमीन के बदले स्थानीय रैयत चितरंजन कुमार, योगेंद्र कुमार एवं सोनल कुमार को सीसीएल में नौकरी हेतु नियुक्ति पत्र अंचलाधिकारी, इंस्पेक्टर एवं महाप्रबंधक के हांथो वितरण किया गया। इस प्रकार के सीसीएल में अच्छे कार्यरत कर्मियों एवं उपस्थित पत्रकारों को भी पुरस्कृत किया गया। महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि कोल इंडिया देश मे सर्वाधिक कोयला का उत्पादन करती है, कोलइंडिया ऐसी कम्पनी है जो कोयला उत्पादन ही नही बल्कि देश मे शहीद होने वालों के प्रति विशेष योगदान भी देती है। फिलहाल इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है, इस पर मद्दे नजर रखते हुवे बहुत जल्द देश मे यह परियोजना उच्चतम स्तर तक पहुंचेगी जिसकी तैयारी जम कर की जा रही है। एवं रैयतों के लिए जितनी जल्दी जंगल झाड़ी की जमीन सत्यापन होगी उतनी ही जल्दी नौकरी एवं मुवाबजा दिया जाने की बात कही गई। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा, बिनोद बिहारी पासवान, इंद्रदेव साहू जहूर मिंया, केके पंडा मोशिन रजा समेत सीसीएल की अन्य अधिकारीगण मौजूद थें।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया जागरण का उद्घाटन



चतरा। फ्रेंड्स क्लब लक्ष्मी पूजा एवं छठ पूजा समिति कान्हाचट्टी परिवार द्वारा सोमवार की रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया ।भक्ति जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी (बिरजू तिवारी)द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि भक्ति जागरण व पूजा के आयोजन होने से क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति आती हैं। साथ ही क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। वहीं उन्होंने कहा कि आप सभी क्षेत्रवासियों के हर सुख दुख में हम हर समय खड़ा रहने के लिए तैयार हैं आप जब भी हमें याद करें 24 घंटा हम आपके बीच रहेंगे उन्होंने कहा कि आप सभी के चेहरे पर मुस्कान ही हमारा प्रयास है। आप सभी ने एक नेता नहीं एक बेटा को चुना है। इससे पूर्व क्लब के लोगों ने जिला परिषद् उपाध्यक्ष को भव्य रूप से अंग वस्त्र दे कर स्वागत किया। आयोजित भक्ति जागरण में देर रात रांची से पहुंचे जागरण ग्रुप के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान निमिया के डाली मैया झूलेली झुलनवा ,उड़े उड़े बजरंगबली जी की निकली सवारी आदि एक से बढ़कर एक कई धार्मिक गीत प्रस्तुत किए। इसमें कलाकारों ने खूब तालियां बटोरी।भक्ति गीत में दर्शक खूब झूमे नाचे और आनंदित हुए। मौके महेन्द्र प्रसाद केशरी,उपप्रमुख सुमन सिंह, मुखिया घनश्याम पासी,भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, उपमुखिया बब्लू केशरी,रामदेव प्रसाद केशरी,प्रदीप गुप्ता, ओमकार केसरी,माइकल गोस्वामी,प्रमोद तिवारी,अमन केशरी, मंटू केशरी,अमित केशरी,राजेश केशरी,अनिल केशरी,उपकार केशरी,सुधीर केशरी,उमेश प्रसाद केशरी,विजय गुप्ता,डब्लू केशरी पप्पू केशरी,संजय केशरी,सुमित केशरी, संदीप केशरी,चन्दन केशरी, प्रकाश यादव समेत अनेकों भक्तजन उपस्थित थे।

## आपके द्वार शिविर का द्वितीय चरण शुरू



चतरा। जिले के हंटरगंज प्रखंड के पंचायत औरू में आयोजित आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता और जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इससे पहले श्रम मंत्री और जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री सत्यानंद भोगता ने ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, सड़क, बिजली, पानी आदि की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर कई समस्याओं का त्वरित निष्पादन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। मंत्री सत्यानंद भोगता ने कार्यक्रम में गरीबों के बीच कंबल, जॉब कार्ड, पेंशन, आवास, छात्रवृत्ति स्वीकृति, केसीसी लोन स्वीकृति पत्र आदि का भी वितरण किया। इसके उपरांत कार्यक्रम को मंत्री श्री भोगता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार जन कल्याण के लिए गांव गांव पहुंच रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिले इसके लिए इस तरह का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लोगों को मुख्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, उन्हें हर जरूरत की सुविधाएं पंचायत सचिवालय में ही उपलब्ध हो यही सरकार का लक्ष्य है। हेमन्त सरकार राज्य के समुचित विकास को लेकर काफी गम्भीर है और तेजी गति से काम कर रही है। मौके पर उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, मुखिया शोभा कुमारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव समेत कई अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# डॉ ईरानी की कर्मनिष्ठा उद्योग जगत के लिए माइलस्टोन

**रघुवर दास**

**जमशेदपुर।** टिस्को (अब टाटा स्टील) के पूर्व प्रबंध निदेशक पद्मभूषण डॉ जमशेद जे ईरानी का जमशेदपुर की धरती से गहरा लगाव था। उन्होंने टाटा स्टील से सेवानिवृत होने के बाद भी जमशेदपुर में ही रहना उचित समझा। लौहनगरी की इसी धरती पर उन्होंने अंतिम सांस ली।

मैं टाटा स्टील के पूर्व एमडी डॉ. ईरानी के उद्योगहित, मजदूर हित और जनहित में किये गये कार्यों को सलाम करता हूं। उनकी कर्मनिष्ठा मुझे प्रभावित करती रही है और समझता हूं कि उद्योग जगत के लिए एक माइल स्टोन का कार्य करेगा।

डॉ ईरानी ने टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक की हैसियत से जमशेदपुर वासियों के लिए जो किया उसे भुलाया नहीं जा सकता है। उनके इसी जन कल्याण की भावनाओं की वजह से मैं उन्हें पसंद करता था। उन्होंने जमशेदपुर के लोगों के लिए जो किया उसकी जितनी भी सराहना की जाय कम है। मैंने जब भी जमशेदपुर पूर्वी के विधायक की हैसियत से उनके समक्ष जमशेदपुर वासियों के हित में कोई प्रस्ताव रखा उन्होंने सहर्ष कहा- 'होयेगा रघुबीर होयेगाइ।

वे मुझे 'रघुबीर' नाम से संबोधित करते थे। मैं जब 1995 में जमशेदपुर पूर्व क्षेत्र से विधायक चुना गया था तो जमशेदपुर के गैर कंपनी क्षेत्र में टिस्को (अब टाटा स्टील) पानी, बिजली एवं सड़क आदि नागरिक सुविधायें नहीं देती थी। डॉ. ईरानी के समक्ष मैंने गैर कंपनी क्षेत्र की 86 बस्तियों में नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा तो उन्होंने इसे चरणवद्ध लागू करने पर सहमति प्रदान की। अंततः डॉ. ईरानी के आदेश पर वर्ष 96-97 से टिस्को ने 86 बस्तियों में चरणबद्ध नागरिक सुविधाएं देना प्रारंभ किया गया। डॉ ईरानी के इस कदम की जितनी भी सराहना की जाये कम है। इसके पहले कभी किसी गैर कंपनी क्षेत्र की संस्था, व्यक्ति को बिजली, पानी का कनेक्शन या बस्तियों में सड़क, नाली की सुविधाएं नहीं उपलब्ध करायी गयी थी।


डॉ जेजे ईरानी (फाइल)


रघुवर दास।

उनके आदेश पर पहली बार साकची गुरुद्वारा बस्ती, काशीडीह बगान एरिया, शिव सिंह बगान एरिया, रामदेव बागान और पटेलनगर के निवासियों को बिजली, पानी के कनेक्शन दिये गये। इसी अवधि में पहली बार बागुन नगर में सरकारी निधि से निर्मित सड़क का उन्होंने जब उद्घाटन किया तो इसकी काफी सराहना की थी। इस सरकारी सड़क की गुणवत्ता ने उन्हें काफी प्रभावित किया था। इसके बाद शहर के विकास के लिए उन्होंने दिल खोलकर काम किया। बस्तियों की जनता के लिए उन्होंने जो किया उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है।

मेरा डॉ. ईरानी के साथ एक मजदूर के रूप में तथा एक जनप्रतिनिधि के रूप में जो संबंध रहा है, उसे मैं अपने जीवन का सबसे बेहतर समय मानता हूं। इस स्नेह एवं प्यार के लिए मैं हमेशा उनका शुक्रगुजार रहूंगा।

डॉ. ईरानी का व्यक्तित्व आकर्षक और अक्खड़ था, वे उद्योग हित के साथ मजदूर हित, लोकहित के सच्चे शुभचिंतक थे। उनका अक्खड़पन भी सराहनीय रहा है। उन्हें जो उचित लगता था उसे 'होयेगाइ कहते थे। कभी गलत एवं अनुचित काम के लिए हामी नहीं भरते थे। इस्पात उद्योग में उनके योगदान के लिए ही उन्हें भारत सरकार के पद्म भूषण की उपाधि से सम्मानित किया था। डॉ. ईरानी की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिली शोहरत का ही नतीजा था कि उन्हें इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया था। **(लेखक झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के केंद्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

## स्पीड न्यूज

### छठ में अजीत अमन के गीतों ने मचाया धूम



**जमशेदपुर।** छठ पूजा पर शहर के विभिन्न घाटों पर भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दी। वहीं झारखंड बिहार के चर्चित गायक अजीत अमन के छठ गीत की गूंज हर छठ घाट पर सुनाई दी। गायक अजीत अमन की छठ अलबम उगा हो सुरुज देव और उग सुरुज देव की हर घाटों पर गूंजमान रही। इस अलबम को सप्ताह पहले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रिलीज किया था। उसके बाद से शहर में इस अलबम का चर्चा जोरों पर था। गायक अजीत अमन ने बताया की छठी मईया की कृपा से अबतक 12 अलबम से अधिक गीत गा चुके हैं। उन्होंने बताया की वे बहुत जल्द तीन और नया अल्बम लेकर आ रहे है। जिसमें सामाजिक, भक्ति और मनोरंजक गीत शामिल है।

### नवजात हाथी की जन्म के 24 घंटे के भीतर मौत



**चांडिल।** कुकड़ू प्रखंड के तुलीनडीह में मादा हाथी ने शनिवार की देर रात एक नवजात को जन्म दिया। नवजात हाथी की जन्म के 24 घंटे के भीतर ही मौत हो गई। वन विभाग को इसकी जानकारी मिलने के बाद डीएफओ आदित्य नारायण, चांडिल फॉरेस्टर राधारमण ठाकुर, मुकेश वनपाल तुलीनडीह गांव पहुंचे तथा मामले की छानबीन की। मृत नवजात हाथी को पोस्टमार्टम के बाद शव को रीति रिवाज के साथ दफना दिया गया। इस दौरान जंगली हाथियों का झुंड पास के जंगल में खड़ा होकर सब देख रहा था। ग्रामीणों ने नवजात का पूजा अर्चना किया। चांडिल रेंजर शशि प्रकाश रंजन ने बताया कि जांच के दौरान ऐसा प्रतीत होता है की जन्म लेने के बाद नवजात को ले जाने के दौरान नवजात गिर गया होगा तथा उसे उठाने के क्रम में किसी बड़े हाथी का पैर उस नवजात के शरीर पर पड़ गया हो। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है। अक्टूबर 2020 में भी एक हाथी ने ठंड के कारण दम तोड़ दिया था। करीब दो दर्जन जंगली हाथी कुकडू और ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में डेरा जमाए हुए है।


### नदी में मिला विजय का शव, हत्या का आरोप

**जमशेदपुर।** कदमा पुलिस ने चार दिनों से लापता विजय लोहार का शव गत 29 अक्टूबर को मरीन ड्राइव खरकई नदी से बरामद किया था। शव की पहचान होने के बाद परिवार के लोगों ने घटना को लेकर तीन लोगों के खिलाफ हत्या करने की नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। विजय की पत्नी मंगली देवी के बयान पर पुलिस ने मदन लोहार, अभिमन्यू सिंह सरदार और बागे बस्ती के रहने वाले राजकिशोर लोहार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना के संबंध में विजय की पत्नी मंगला लोहार का कहना है कि उसका पति 26 अक्टूबर को घर में रंगाई-पुताई का काम समाप्त कर स्नान करने के लिये नदी गया था। लौटकर नहीं आने पर रात 8 बजे वह नदी की तरफ गयी थी। तब देखा था कि तीनों आरोपी वहां से लौट रहे हैं। नदी किनारे उसने पति का चप्पल भी देखा था। 29 अक्टूबर को उसका शव बागे बस्ती खरकई नदी से पुलिस ने शाम 6.30 बजे बरामद किया था। मंगला लोहार का कहना है क वर्ष 2012 में भी आरोपियों के साथ उसका विवाद हुआ था। पिछले साल भी तीनों ने घर में आकर झगड़ा-झंझट किया था। इससे ही उसे आशंका है कि तीनों ने ही पति की हत्या की है।

### झारखंड के औद्योगिक विकास में डॉ ईरानी का बड़ा योगदान : एके श्रीवास्तव

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सिटिजंस फोरम के अध्यक्ष एवं सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व अध्यक्ष एके श्रीवा स्तव ने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ जे जे ईरानी टाटा स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक और भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण से सुशोभित सोमवार रात 10 बजे टीएमएच में निधन का समाचार पढ़कर काफी दुख हुआ।

# डॉ जेजे ईरानी को नम आंखों से लौहनगरी ने दी अंतिम विदाई



■ अंत्येष्टि में भाग लेने पार्वती घाट पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व पूर्व सीएम रघुवर दास

■ नरेंद्रन एंड टीम अंतिम समय तक घर से लेकर अंत्येष्टि स्थल पर डटी रही







1. डॉ जेजे ईरानी के आवास पर पहुंचे टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय और आरबीवी सिंह। 2. पार्वती घाट पर नरेंद्रन के गले लग सिसकती श्रीमती डेजी ईरानी। और 3. पार्वती घाट पर डा ईरानी की अंत्येष्टि में पहुंचे पूर्व सीएम रघुवर दास, साथ में टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, वीपी अत्रेई सान्याल, वीपी पियूष गुप्ता और एमडी टीवी नरेंद्रन।

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के पूर्व एमडी और टाटा संस के पूर्व डायरेक्टर पदम भूषण डॉक्टर जेजे ईरानी का अंतिम संस्कार मंगलवार को जमशेदपुर के पार्वती घाट पर किया गया। इस मौके पर डा ईरानी की धर्मपत्नी श्रीमती डेजी ईरानी ,उनका बेटा जुबिन ईरानी, बेटियां निलोफर और तनाज अपने परिजनों के साथ मौजूद थे।

डॉक्टर जेजे ईरानी की अंत्येष्टि के मौके पर टाटा स्टील के ग्लोबल एमडी और सीईओ टीवी नरेंद्रन अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रुचि नरेंद्र उनके साथ मौजूद थे। उनके साथ टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट एचआरएम सुश्री अत्रेई सान्याल, वीपी पियुष गुप्ता, टाटा स्टील के एमडी के पीइओ प्रभात कुमार, पूर्व वीपी एचआरएम ए एम मिश्रा, पूर्व वीपी आरपी त्यागी के अलावा कंपनी के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट फिरदौस बांद्रेवाला, टाटा स्टील के एचआरएम चीफ जुबीन पालिया, जुस्को के एमडी तरुण डागा, इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के एमडी नीरज कांत, सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, महासचिव मानव केडिया के अलावा शहर के वरिष्ठ व्यवसाई दिनेश पारीक, राज पारीक, किशन भाई पारीक, आर एस बी ग्रुप के वाइस चेयरमैन एवं एमडी एसके बेहरा, जमशेदपुर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष ए के श्रीवास्तव, बिल्डर्स एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएन दीक्षित, सीआईआई झारखंड के पूर्व अध्यक्ष विजय मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

राजनेताओं में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, झारखंड के वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद डॉ प्रदीप बालमुचु, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, महासचिव सतीश सिंह, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष आरबीवी सिंह, पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे, झारखंड बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश शुक्ला, बंगाल क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता तापस मित्रा समेत बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। डॉक्टर ईरानी की पुरानी टीम के लोगों में कॉरपरेट अफेयर्स के पूर्व जनरल मैनेजर एवं टाटा सर्विसेज के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट संजय सिंह, टीआरएफ के पूर्व एमडी सुधीर देवरस मौजूद थे।

**11.30 बजे बेल्डीह लेक आवास से निकली अंतिम यात्रा, दोपहर 1.44 बजे अंत्येष्टि संपन्न :** इसके पूर्व दिन के 11:15 बजे डॉक्टर जेजे ईरानी के बेल्डीह लेक स्थित आवास परिसर में उनके चाहने वाले जुटे और शव यात्रा पर्वती घाट के लिए रवाना हुई। पार्वती का हटने में पारसी विधि विधान से उनकी अंत्येष्टि की गई। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया डॉक्टर जेजे ईरानी के पुत्र जुबिन ईरानी ने पूरी की। इस अवसर पर उनके साथ उनकी माता एवं डॉक्टर जेजे ईरानी की धर्मपत्नी श्रीमती डेजी ईरानी पुत्रियां नीलोफर और तनाज एवं पारसी समुदाय के लोग एवं चाहने वाले उपस्थित हुए। दोपहर 12:20 पर डॉक्टरी रानी को नम आंखों से उनके परिजनों और चाहने वालों ने अंतिम विदाई दी। अस्थियां और राख पारसी कब्रिस्तान में दोपहर 1:44 बजे अंत्येष्टि खत्म हुई और डॉक्टर जेजे ईरानी की अस्थियों को उनके पुत्र जुबिन ईरानी ने अस्थियों एवं राख को एकत्र किया । डॉक्टर जेजे ईरानी के अंत्येष्टि के बाद उनके राख एवं अतिथियों को सर्किट हाउस स्थित पारसी कब्रिस्तान में जमीन के नीचे गाड़ दिया गया।

**बेटे जुबिन ने हाथ जोड़ कर सभी शुभचिंतकों को कहा- थैंक्यू, प्रार्थना आज :** अंत्येष्टि खत्म होने के पश्चात डॉक्टर जेजे ईरानी के पुत्र जुबिन ईरानी ने हाथ जोड़कर सभी शुभचिंतकों को डॉक्टर जेजे ईरानी की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए धन्यवाद प्रकट किया। जुबिन ईरानी ने बताया कि 2 नवंबर को अप राम 4:00 बजे उनके बेल्डी स्थित आवास पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा रखी गई है जिसमें इच्छुक लोग उपस्थित हो सकते हैं

## टाटा स्टील को पहली छमाही में 1,297 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में समेकित रूप से 1,297 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। इसमें कंपनी का समेकित कारोबार 59,878 करोड़ रुपये रहा। कंपनी प्रबंधन ने सोमवार को वित्तीय आंकड़े जारी करते हुए यह जानकारी दी है। टाटा स्टील के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन का कहना है कि अर्थव्यवस्था में मंदी, भू-राजनीतिक मुद्दों व मौसमी कारकों जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद हमने मजबूत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और व्यापक सप्लाई चेन नेटवर्क की मदद से अब तक की सबसे अच्छी घरेलू बिक्री दर्ज की है। तिमाही दर तिमाही भारत में डिलीवरी 21 प्रतिशत जबकि प्रतिवर्ष के आंकड़ों के अनुसार सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने भारत में 34,114 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। नरेंद्रन का कहना है कि कलिंगनगर स्थित प्लांट में सेकेंड फेज के तहत छह मिलियन टन का पेलेट प्लांट जल्द शुरू हो रहा है जो लागत कम करने व लाभ प्रदान करने में मददगार साबित होगा। इसके अलावा हम 2.2 एमटी का सीआरएम का चरणबद्ध तरीके से कमीशनिंग की जाएगी।

कई चुनौतियों के बावजूद हमने नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड के अधिग्रहण के तीन माह के शुरू करने में सफल रहे और यह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। एमडी ने कहना है कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पंजाब में हमारा 0.75 मिलिटन टन प्रतिवर्ष की क्षमता वाला इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस पर काम शुरू हो गया है। जो रणनीतिक रूप से बाजार के समीप और उत्तर भारत में स्क्रैप जनरेटिंग आटो हब है। उन्होंने घोषणा की है कि हम देश में और अधिक इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस स्थापित करेंगे जिससे क्षमता में वृद्धि होगी।

## डॉ जेजे ईरानी का निधन दुखद : अर्जुन मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का शोक संदेश में कहा है कि टाटा स्टील के पूर्व एमडी और ₹स्टील मैन ऑफ इंडिया₹ के नाम से प्रसिद्ध डॉ जे जे जे ईरानी जी के निधन का दुःखद समाचार मिला ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

**31 अक्तूबर की रात 9.59 बजे ले अंतिम सांस :** पद्म भूषण डॉ जमशेद जे ईरानी का निधन हो गया है। 31 अक्टूबर 2022 को रात 9.59 बजे टीएमएच जमशेदपुर में उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ ईरानी चार दशकों से अधिक समय तक टाटा स्टील से जुड़ी रहे। 43 साल की विरासत को पीछे छोड़ते हुए वे जून 2011 में टाटा स्टील के बोर्ड से सेवानिवृत्त हुए, जिसने उन्हें और कंपनी को विभिन्न क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाई।

**डॉ जेजे ईरानी को जानिये :** 2 जून, 1936 को नागपुर में जिजी ईरानी और खोरशेद ईरानी के घर जन्मे, डॉ ईरानी ने 1956 में साइंस कॉलेज, नागपुर से विज्ञान स्नातक की डिग्री और 1958 में नागपुर विश्वविद्यालय से भूविज्ञान में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री पूरी की। इसके बाद वे यूके में यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड से जे एन टाटा स्कॉलर के रूप में पढ़ाई करने गए, जहां उन्होंने 1960 में धातुकर्म में मास्टर्स और 1963 में धातुकर्म में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने 1963 में शेफील्ड में ब्रिटिश आयरन एंड स्टील रिसर्च एसोसिएशन के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरूआत की।

लेकिन हमेशा राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए तरसते रहे और 1968 में तत्कालीन टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (अब टाटा स्टील) में अनुसंधान एवं विकास के प्रभारी निदेशक के सहायक के रूप में शामिल होने के लिए भारत लौट आए। वह 1978 में जनरल सुपरिंटेंडेंट, 1979 में जनरल मैनेजर और 1985 में टाटा स्टील के प्रेसिडेंट बने। वह 1988 में टाटा स्टील के संयुक्त प्रबंध निदेशक, 1992 में प्रबंध निदेशक बने और 2001 में सेवानिवृत्त हुए। वह 1981 में टाटा स्टील के बोर्ड में शामिल हुए और 2001 से एक दशक तक नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर भी रहे।

टाटा स्टील और टाटा संस के अलावा, डॉ ईरानी ने टाटा मोटर्स और टाटा टेलीसर्विसेज सहित टाटा समूह की कई कंपनियों के निदेशक के रूप में भी काम किया। डॉ ईरानी 1992-93 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। उन्हें कई सम्मानों से सम्मानित किया गया, जिसमें 1996 में रॉयल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग के इंटरनेशनल फेलो के रूप में उनकी नियुक्ति और 1997 में क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा भारत-ब्रिटिश व्यापार और सहयोग में उनके योगदान के लिए मानद नाइटहुड की उपाधि शामिल है।

# एक कॉरपोरेट दिग्गज और न्यू टाटा स्टील के संस्थापक थे डॉ जेजे ईरानी

**बी मुत्थुरमण**

**जमशेदपुर।** डॉ जमशेद ईरानी उन प्रमुख हस्तियों में से एक हैं जिन्होंने भारत के उदारीकरण के बाद के युग में भारतीय उद्योग की नींव रखने में मदद की। टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक के रूप में 1992 से और रतन टाटा, जिन्हें उस वक्त टाटा स्टील के चेयरमैन बने एक साल से भी कम समय हुआ था, दोनों 1991 में भारत के आर्थिक उदारीकरण के बाद न्यू टाटा स्टील के संस्थापक हैं।

1991 तक, सरकार द्वारा लंबे समय तक इसपर लगाए गए प्रशासनिक नियंत्रण, जो गवर्नेंस के अपने समाजवादी दर्शन पर आधारित था, के परिणामस्वरूप टाटा स्टील कमजोर, तकनीकी रूप से पुरानी, उच्च परिचालन लगत के साथ, बाजार की जरूरतों के अनुरूप उत्पाद का अभाव और बहुत कम ग्राहक तथा बाजार में पैठ की कमी के माहौल से घिरी थी। विश्व प्रसिद्ध कंसल्टेंट्स ने टाटा स्टील कोअप्रतिस्पर्धी और अस्थिर करार दिया। केवल दस वर्षों के समय में, 1992 और 2001 के बीच, ईरानी ने रतन टाटा के समर्थन और मार्गदर्शन के साथ, टाटा स्टील के संचालन और व्यवसाय के सभी क्षेत्रों में पूर्ण परिवर्तन किया। 2001 तक, यह दुनिया में स्टील की सबसे कम लागत वाली उत्पादक बन गयी। इसने कई पुरानी तकनीकों को नई तकनीकों और उपकरणों से बदल दिया।

ग्राहक और बाजार उन्मुखीकरण में बड़े पैमाने पर सुधार हुआ। 90 के दशक के मध्य में उनके द्वारा कस्टमर हर हाल में एक स्लोगन बनाया गया। कंपनी के उत्पादों और सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ। संक्षेप में, 10 वर्षों की छोटी अवधि के भीतर नई टाटा स्टील की नींव रखी गई है। इसे कई पहलकदमियों के माध्यम से प्राप्त किया गया था - प्रक्रियाओं और उत्पादों की गुणवत्ता पर पैनी नजर, लागत में भारी कमी, मैनपावर रैशनलाइजेशन और जनशक्ति की गुणवत्ता में सुधार, आधुनिक तकनीकों और उपकरणों को शामिल करने और आकांक्षात्मक एवं असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्यों को हासिल करने का प्रण और प्रयोग को प्रोत्साहित करने की संस्कृति का निर्माण करना आदि। किसी भी समय, कंपनी भर में हजारों 'सुधार परियोजनाएं' होंगी, जिसमें सभी संवर्गों के कर्मचारी शामिल होंगे। यह ईरानी थे, जिनका समर्थन और मार्गदर्शन रतन टाटा ने किया, जिन्होंने इन प्रयासों को व्यावहारिक तरीके से आगे बढ़ाया। 1991 में अप्रतिस्पर्धी और अन सस्टेनेबल के रूप में लिखी गई, टाटा स्टील 2001 तक, एक शानदार सुपरस्ट्रक्चर के निर्माण के लिए पर्याप्त नींव वाली कंपनी बन गई थी। 1991 में, भारत के आर्थिक उदारीकरण के समय, भारतीय उद्योग की प्रक्रियाओं और उत्पादों में बहुत कम गुणवत्ता उन्मुखीकरण था। जेजे ईरानी जापान के जेयूएसई के साथ समय व्यतीत करने वाले पहले भारतीय कॉर्पोरेट अधिकारियों में से एक थे और टीक्यूएम पर प्रारंभिक पाठ सीखकर वापस आए।


बी मुत्थुरमण।

वह, भारतीय उद्योग के अन्य दिग्गजों के साथ, भारत में गुणवत्ता आंदोलन के बीजारोपण के सूत्रधार थे। तथ्य यह है कि गुणवत्ता अब टाटा स्टील के डीएनए में शामिल हो गई है और निरंतर सुधार, टाटा स्टील एवं जमशेदपुर में जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, इसका मुख्य कारण टाटा स्टील में अपने नेतृत्व के वर्षों में जेजे ईरानी द्वारा रखी गई नींव और रतन टाटा से उन्हें मिला मार्गदर्शन और समर्थन था। **(लेखक टाटा स्टील के पूर्व एमडी हैं।)**

## एक नजर में

### इस्पात उद्योग में अपने योगदान के लिए जाने जायेंगे डॉ जेजे ईरानी : एन चंद्रशेखरन



**जमशेदपुर।** टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने अपने शोक संदेश में कहा है कि जे जे ईरानी एक सर्वोत्कृष्ट टाटा व्यक्ति थे। वह एक विशाल कॉर्पोरेट व्यक्तित्व थे, जिनका इस्पात उद्योग में बहुत बड़ा योगदान था। टाटा समूह में हम सभी को डॉ ईरानी की बहुत याद आएगी और हम उनकी दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना करते हैं।

### नब्बे के दशक में टाटा स्टील को ट्रांसफार्म करने वाले शख्स थे जेजे ईरानी : नरेंद्रन



**जमशेदपुर।** सीईओ और एमडी, टाटा स्टील टी वी नरेंद्रन ने अपने शोक संदेश में कहा है कि डॉ ईरानी ने नब्बे के दशक में टाटा स्टील को बदल दिया और हमें दुनिया में सबसे कम लागत वाले स्टील उत्पादकों में से एक बना दिया। उन्होंने एक मजबूत नींव बनाने में मदद की जिस पर हम बाद के दशकों में विकसित हुए। वह देश में टीक्यूएम आंदोलन के अग्रदूतों में से एक थे। उन्होंने साहस और दृढ़ विश्वास के साथ नेतृत्व किया और टाटा स्टील में तब और अब के कई लोगों के लिए एक आदर्श और सलाहकार थे। टाटा स्टील के अतीत और वर्तमान के कर्मचारी अशांत समय के दौरान उनके नेतृत्व के ऋणी हैं।

### मारवाड़ी समाज हमेशा देता आया है : रघुवर दास



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभुम जिला मारवाड़ी सम्मलेन द्वारा स्व. विनोद कुमार अग्रवाल की प्रथम पुण्य स्मृति में साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ स्थित महालक्ष्मी दादी मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 63 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। लालचंद अग्रवाल एवं बबलू अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित हुए इस शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अशोक भालोटिया, संदीप मुरारका, सुभाष शाह, निर्मल काबरा, उमेश साह, अशोक मोदी, कमल अग्रवाल, लालचंद अग्रवाल एवं बबलू अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने स्व बिनोद अग्रवाल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वागत उदगार जिलाध्यक्ष अशोक मोदी ने दिया। मौके पर रघुबर दास ने मारवाड़ी समाज द्वारा लगाातर किये जा रहे सामाजिक कार्यो हेतु भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि मारवाड़ी समाज हमेशा से देने का कार्य करता आया है। कार्यकम का सफल संचालन जिला महामंत्री अरुण गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला कोषाध्यक्ष विवेक चौधरी ने दिया। शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अशोक चौधरी, राजकुमार चंदुका, नरेश मोदी, विजय आनंद मूनका, मुकेश मित्तल, शंकर सिंघल, महाबीर मोदी, सुरेश कावंटिया, राजेश पसरी, पंकज छावछरिया, बजरंग अग्रवाल, अरुण बांकरेवाल, महाबीर अग्रवाल, रामरतन छावछरिया, पवन अग्रवाल, कमल लड्डा, सत्यनारायण अग्रवाल, अमित अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, रत्नाकर खेतान समेत समाज के कई सम्मानित सदस्यगण और स्व. बिनोद अग्रवाल के परिवार के कई सदस्य उपस्थित थे।

### जमशेदपुर सिंह और कौर का आयोजन 17 दिसंबर को



**जमशेदपुर।** मंगलवार 1 नवंबर को आगाज संस्था की प्रेस वार्ता साकची स्तिथ होटल जे के रेसिडेंसी में रखी गई, जिसमें संस्था के संरक्षक चंचल भटिया ने जानकारी दी कि आगाज संस्था द्वारा जमशेदपुर सिंह और जमशेदपुर कौर का आयोजन 17 दिसंबर 2022 को राजेंद्र विद्यालय सभागार मे किया जा रहा है,जिसमें जमशेदपुर के निवासी भाग ले सकते है,भाग लेने के लिये संस्था की ओर से 5 नवंबर से 25 नवंबर रखी गयी है,प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रतिभागी इन नंबरों(9334156394,9939141513) में संपर्क कर मात्र 200 रुपये में फार्म प्राप्त कर सकते है जबकि 25 नवंबर अंतिम तिथि होगी फार्म जमा करने की। उसके उपरांत प्रतिभागियों की संख्या के अनुसार फाइनल कार्यक्रम के लिये ऑडिशन होंगे। आयोजक ने बताया कि प्रतियोगिता 2 श्रेणि में होगी,1 पुरुष वर्ग और 1 महिला वर्ग,दोनो में उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष होगी,विवाहित और अविवाहित दोनो प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते है,प्रतियोगिता के बाकी नियम फार्म में उपलब्ध रहेंगे, जिसे देखते हुवे प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेंगे एवं नियमो का पालन करेंगे। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के फाइनल में पंजाब के मशहूर गायक इंदरजीत सिंह निक्कू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे, साथ ही पंजाब का लोकनृत्य गिद्धा भंगड़ा, मार्शल आर्ट गतका,गायन,दस्तार बंदी के कार्यक्रम भी होंगे, कार्यक्रम में प्रवेश सिर्फ पास द्वारा ही होगा,जो कि संस्था के सदस्यों से नि:सुल्क प्राप्त किया जा सकेगा। संस्था के सदस्य दमनप्रीत सिंह ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में समाज एवं शहर के कई प्रतिष्ठित जन अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे,कार्यक्रम में शिक्षा,खेल,गायन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखने वालों को भी मंच की ओर से सम्मान किया जाएगा। आज की इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से संस्था के संरक्षक चंचल भटिया,संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह,दमनप्रीत सिंह,अमनजोत सिंह,मलविंदर भामरा, गुरबचन सिंह राजू, राजवीर भटिया,इवेंट मैनेजर गुरशरण सिंह,हरविंदर सिंह,राहुल नाग,मोहित सिंह,जगप्रीत सिंह,गुरदयाल सिंह आदि उपस्थित थे।

### गोपाष्टमी समारोह में गाय, तुला एवं सवामणी दान

**जमशेदपुर।** जुगसलाई स्थित श्री टाटानगर गौशाला में दो दिवसीय गोपाष्टमी समारोह के प्रथम दिन मंगलवार को जुगसलाई गौशाला में सुबह 10.30 (साढ़े दस बजे) से सामुहिक गोपूजन एवं आरती का आयोजन किया गया। सुबह 07.30 (साढ़े सात बजे) से महिलाएं गोपूजन के लिए आने लगी थी। सामुहिक गोपूजन में यजमान के रूप में श्री टाटानगर गौशाला कमिटी के अध्यक्ष कैलाश सरायवाला, कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, सह सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक राजेश हरनाथका, समाजसेवी सुरेश नरेड़ी, राजेश रिंगसिया, लिप्पू शर्मा, उमेश खिरवाल, सुरेश कांवटिया, राजकुमार, रतनलाल मेंगोतिया थे।

स्पीड न्यूज

## सिंदरी दूबे अखाड़ा में चल रहा 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन



**सिंदरी।** सिंदरीवासियों की बेहतरी, मानव कल्याण व सुख समृद्धि शान्ति की कामना को लेकर सिंदरी के रोहड़ाबाँध स्थित दूबे अखाड़ा में दामोदर नाथ दूबे के सौजन्य से 24 घंटे का अखण्ड हरि कीर्तन मंगलवार को शुरू किया गया। कीर्तन गायकों द्वारा विभिन्न धुनों पर कीर्तन हरे राम हरे कृष्ण की प्रस्तुति की जा रही है। मुख्य आयोजक दामोदर नाथ दूबे ने बताया कि बुधवार को हरि कीर्तन की पूणार्हुति के साथ भोग वितरण किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा, वरिष्ठ कांग्रेसी महेन्द्र पाण्डेय, यूवा लोजपा (रामविलास) प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र द्विवेदी, पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, सिंदरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार, आदित्य दूबे, दिलीप मिश्रा, सुमिरन दूबे , अंजनी दूबे, गणेश, महेश, विनय दूबे, रमेश दूबे, मिथिलेश दूबे, नंदा दूबे, धर्मदेव दूबे, सोमनाथ दूबे, कामेश्वर सिंह, रास बिहारी सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## आजसू कार्यलय के उद्घाटन में पहुंचे सुप्रीमो सुदेश महतो

**पुटकी।** करकेन्द बिजली ऑफिस के पीछे नगर अध्यक्ष जीतू पासवान के नेतृत्व में धनबाद नगर कार्यलय का उद्घाटन करने पँहुचे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एवं पूर्व विधायक उमाकांत रजक ने किया। वही श्रीमहतो ने बताया की आज धनबाद में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती में राँची से धनबाद जारहे है ।तो यहाँ एक कार्यलय का उद्घाटन किया ।मोके पर जिलाध्यक्ष मंटू महतो, संतोष पासवान,इजराइल अंसारी, भोलू यादव, बबलू पासवान, संतोष महतो,धर्मेन्द्र मंडल, राजेश गुप्ता, ललन प्रसाद, अमर पासवान आदि आजसू पार्टी के सेकड़ो कार्यकता मौजूद हुए।

## कच्छी बलिहारी 10/12 पिट में चोरों का आतंक

**पुटकी।** पुटकी कच्ची बलिहारी के 10-/12 पिट में लोहा चोरो के आतंक से भयभीत होकर ड्यूटी कर रहे हैं कोल कर्मी मगर बीसीसीएल प्रबंधक मौन धारण किये हुए है। वही मजदूरों ने बताया कि सोमवार की रात चोरों के एक दल ने कच्छी बलिहारी कोलियरी पहुंच लाखो के लोह सामग्री उठा कर चलते बने ।हो- हल्ला करने पर चोरों ने मारने की धमकी देते है हमलोग डर के साये में अपना ड्यूटी कर रहे ।उन्होंने बीसीसीएल प्रबन्धन से सुरक्षा की मांग की है तथा कोलियरी परिसर में सीआईएसएफ की तैनाती करने की भी मांग मजदूरों ने की। कहा कि सीआईएसएफ की तैनाती हो जाने से चोरी की घटना में कमी आएगी।

## ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया अंतर्गत रंगुनी पंचायत के मल्लाह बस्ती के समीप धनबाद गया रेलखंड पर पोल संख्या 276/17 के समीप अहले सुबह स्थानीय लोगों ने रेल लाइन के पास एक अधेड़ व्यक्ति का शव पाया। जिसके बाद ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस और रेल पुलिस को सूचना दी। मौके पर रेल पुलिस और ईस्ट बसुरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। ईस्ट बसुरिया पुलिस ने शव का पंचनामा किया। रेल से गिरकर संभवत: व्यक्ति को मौत हुई है। जिसकी उम्र लगभग 50 है। मृतक काला व ब्लू लाइन का टीशर्ट व काला जीन्स पहने हुआ था। उसके जेब से पहचान की कोई भी वस्तु या कागजात नही मिला है। मृतक के जेब से दिया मिला है। ईस्ट बसुरिया पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। मृतक की पहचान नही हो पाई है। पुलिस मृतक के शरीर को सुरक्षित रख कर उसकी पहचान की कोशिश कर रही है।

# श्री गंगा गौशाला में गोपाष्टमी महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** श्री गंगा गौशाला कतरास में कार्तिक शुक्ल पक्ष के अष्टमी तिथि पर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो अपनी धर्मपत्नी सावित्री देवी के साथ विधि विधान के साथ यज्ञाचार्य के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौपुजन कर 33 कोटी देवी देवताओं की आराधना कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की, साथ ही गौवंश की संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। तत्पश्चात फीता काट कर दीप प्रज्ज्वलित कर 11 दिवसीय गोपाष्टमी मेला का उद्घाटन किया ।इस गोपाष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर विधायक ने गंगा गौशाला में एन एच32 मुख्य मार्ग से गौस्थल तक 1000 फीट पीसीसी पथ , गौशाला परिसर में तालाब का जीर्णोद्धार, तालाब से मेन रोड तक पीसीसी पथ निर्माण,गौशाला के चारो ओर बाउंड्री वॉल, गौशाला से गौमाता के दाह संस्कार स्थल तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य की अनुशंसा की ।इस



महोत्सव को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्री गंगा गौशाला कतरास करकेंद 103 वर्ष की गौरवमयी यात्रा तय कर गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन में अपना अभूतपूर्व योगदान निभा रही है झारखंड की गौशालाओं में इसका एक अलग स्थान है मैं नमन करता हूं कतरास स्टेट के राजा स्वर्गीय शक्ति नारायण सिंह जी का जिन्होंने अपने पिता स्वर्गीय गंगा नारायण सिंह जी के स्मृति में 20 जनवरी 1920 को इस गौशाला की स्थापना की थी। राजपरिवार ने 50 एकड़ भूमि गौरक्षणी स्थापना के नाम से दान दिया था ।हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है गौमाता पूजनीय है गौपूजन से जीवन के बड़े बड़े कष्ट दूर हो जाते है क्योंकि गौमाता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है गाय से हमें दूध,घी,दही मूत्र और गोबर के रूप में पंचगव्य की प्राप्ति होती है।

### राग़िनी सिंह ने गौ माता को गुड़ खिलाकर लिया आशीर्वाद

झरिया। भारतीय संस्कृति के पावन पर्व गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह कतरास करकेंद स्थित श्री गंगा गौशाला पहुंची। जहां गौ माता की विधिवत पूजा अर्चना कर गौ माता को गुड़ खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।



## बीएसएल से सीएमओ इंचार्ज सहित कई सेवानिवृत्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से अक्टूबर माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों हेतु एचआरडी सेंटर के मुख्य प्रेक्षागृह में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।मौके पर सीजीएम ;टी एसद्ध बीएस पोपली मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम के दौरान सीजीएम ;कार्मिकद्ध हरि मोहन झा तथा जीएम ;कार्मिकद्ध सोनी सिंह व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।आरम्भ में वरीय प्रबंधक डॉण नंदा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया। डॉ प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अन्तिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे



कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि बीएस पोपली ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। अतिथियों ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भेंट किये। अक्टूबर माह में बीएसएल से कुल 07 अधिशासी तथा 40 अनाधिशासी सेवानिवृत्त हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने किया। सीजीएम स्तर के अधिकारियों के लिए निदेशक प्रभारी के सम्मेलन कक्ष में अलग से आयोजित किये गए एक विदाई समारोह में सीएमओ इंचार्ज डॉण प्रकाश पांडे को विदाई दी गई।

## मुनिडीह के एसएसबी जवान की मौत औरंगाबाद में हुआ अंतिम संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** मुनीडीह ओपी क्षेत्र के गोपीनाथडीह निवासी एसएसबी जवान शंकर दास (29 ) का आकस्मिक निधन औरंगाबाद ( बिहार ) में सोमवार दिन के करीब 2 बजे हो गया. उनका पार्थिव शव लेकर एसएसबी के जवान औरंगाबाद से लेकर मुनीडीह पहुँचे दिवगंत जवान के मौसेरा भाई व गोपीनाथडीह पंचायत के पूर्व मुखिया छोटू कुमार दास ने बताया शंकर नेपाल - बिहार बॉडर मधुबनी में ड्यूटी कर रहे थे. छठ पर्व पर स्पेशल ड्यूटी औरंगाबाद में लगा था. जहां सोमवार दोपहर ड्यूटी समाप्त कर खाना खाने के बाद अपने बैरक में सोने चला गया. जहां अचानक तबीयत बिगड़ने से उनका मौत हो गया. मृतक के पिता अमृत दास एवं मां लखी देवी ( पूर्व वार्ड सदस्य ) है ।शंकर को 2 माह की एक पुत्री है ।छोटू ने बताया कि शंकर दुर्गा पूजा पर अपने घर आया था ।एक सप्ताह पूर्व ही ड्यूटी पर गया था। जवान का शव पहुँचते ही परिजन दहाड़ मार कर रो रहे है. जिससे पूरा गांव का माहौल गमगीन हो गया है। जवान का पूरे सम्मन के साथ अंतिम संस्कार पुटकी दामोदर के कपाट घाट नदी में किया गया ।जिसमे उनके बटालियन के कई अधिकारी महजूद थे ।साथ ही स्थानीय पुलिस भी मौजूद रहे।

## शराबबंदी को लेकर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी आंदोलन

### स्वरोजगार को लेकर महिलाओं की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के रामाकुंडा गांव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में ग्रामीण महिलाओं तथा स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी महिलाओं की एक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पूनम देवी ने किया। संचालन बिमली देवी तथा धन्यवाद ज्ञापन ओमप्रकाश महतो ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से किसान नेता सदानंद महतो ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की आवश्यकता है ।गांव में नशाबंदी,शराबबंदी को लेकर जन आंदोलन अब महिलाएं चलाएंगी। श्री महतो ने कहा कि तोपचांची झील में कुडमी समाज का सम्मेलन 13 नवंबर रविवार को रखा गया है। इसमें समाज के लोगों से अधिक से अधिक भाग लेकर सम्मेलन को सफल करने की अपील की गई। बैठक में उमाकांत महत,शांति देवी, लीलावती देवी,धनेश्वरी देवी, पुष्पा देवी, पिंकी देवी, देवकी देवी, सीता देवी,सोनी देवी, पूनम देवी,रीता देवी, गंगा देवी, कंचन देवी, अहिल्या देवी, जयंती देवी, शुक्ला देवी,राधा देवी, प्रमिला देवी शिवानी देवी, संगीता देवी, भानु देवी, कुंती देवी मौजूद थीं।

## तोंपचाची में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोंपचाची।** मंगलवार को न्यू स्टार क्लब, लोकबाद कुर्मी टांड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन मैच दीप नारायण सिंह ने झंडोत्तोलन और फिता काटकर किया । उद्घाटन मैच खेलने के पहले जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन फुटबॉल मैच जे.एस.सी.क्लब छरीदारडीह और एफ.सी. क्लब हजारीबाग के बीच खेला गया। जिसमें प्लेंटी सुट में एक गोल से जे.एस.सी. क्लब छरीदारडीह विजय हुआ। उद्घाटन समारोह के अवसर पर उपस्थित



जनसमूह को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधायक को खिलाड़ियों के प्रति कोई चिंता नहीं है। आज खेल क्षेत्र से जुड़े बहुत सारे क्लब सहयोग के अभाव में सिमट गए। अक्सर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी साधन के अभाव में खेल का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। अगर सरकार टुंडी विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को सहयोग करें तो पूरे देश में झारखंड का नाम रोशन हो सकता है। इस अवसर पर अबुजर गफ्फारी,मो. खालीद, मो.आरीफ,मो. मतीम,मो. ईदरीस, पंकज मुर्मू, अशोक कुमार दास, शिव लाल हेंब्रम, मो. अब्दुलमती ,मो. असलम मौजूद थे।

## मनरेगा कार्यालय से चार कंप्यूटर सेट ले उड़े चोर

### खिड़की से अंदर घुसे थे चोर

बताया जा रहा है कि चोर खिड़की की ओर से कार्यालय में घुसे। उसी रास्ते से चारों कंप्यूटर को बाहर निकालकर ले भागे। चोर चार कंप्यूटरए चार मोनिटरए चार माउसए चार की बोर्ड ले उड़े। बीडीओ कुमार ने कहा कि चारों कंप्यूटर लगभग डेढ़ लाख रुपये कीमत की है। अन्दर कार्यालय में दो कंप्यूटर है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया आईईएल थाना अंतर्गत गोमिया प्रखंड के मनरेगा विभाग के बंद कार्यालय से चोर चार कंप्यूटर सेट ले उड़े। इसकी कीमत करीब लगभग डेढ लाख रुपये है। घटना बीते 29 अक्टूबर की रात घटी। कंप्यूटर की चोरी होने से विभाग के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। आइइएल पुलिस प्रखंड मुख्यालय में लगे सीसीटीवी से चोरों की। मालूम हो कि छठ पर्व को लेकर बीते शनिवार से कार्यालय बंद हो गए थे। तीन दिन के बाद मंगलवार को एक कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यालय खोलने आया। ताला खोला तो देखा कि कार्यालय में कंप्यूटर और सबंधित उपकरण नहीं हैं। कुछ अनहोनी समझकर उसने तुरंत इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी कपिल कुमार को दी। सूचना मिलते ही कुमार ने इसकी जानकारी आइइएल पुलिस को दी।आइइएल थाना पुलिस प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर बीडीओ कुमार की उपस्थिति में सीसीटीवी के माध्यम से चोरी की पहचान और जांच पड़ताल में जुटे गई। सीसीटीवी में बीते 29 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे कार्यालय में कंप्यूटर और सिस्टम को समेटते हुए चोर दिखाई पड़ रहे हैं।

## ढोरी में सतर्कता सप्ताह पर निकली जागरूकता रैली

**बेरमो।** मंगलवार को ढोरी महाप्रबंधक कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें काफी संख्या में सीसीएल के कर्मचारीए अधिकारीए यूनियन प्रतिनिधि और डीएवी ढोरी के छात्र छात्राएं शामिल थे। जागरूकता रैली पुलिस जीएम ढोरी कार्यालय से 12 बजे निकाली गई। रैली महाप्रबंधक कार्यालय से निकलकर पुराना बीडीओ ऑफिसए फुसरो मार्केट होते हुए पुनरू महाप्रबंधक कार्यालय पहुंची। रैली में शामिल लोग सतर्कता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नारे भी लगा रहे थे। वहीं सतर्कता जनता सत्ता जागरूकता सप्ताह 6 नवम्बर तक मनाया जाएगा। मौके पर ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवालए एसओएक्स आरके सिंहए एसओपी प्रतूल कुमारए एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसादए उप कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर आलम सहित अन्य मौजूद थे।

# सीसीएल कथारा के 57 कर्मियों को मिली पदोन्नति

### सीसीएल कथारा का 48वां स्थापना दिवस

**बेरमो/कथारा बांध।** कथारा . सीसीएल कथारा मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय व सीसीएल कथारा कोलियरी आफिस में मंगलवार को कोल इंडिया का 48 वां स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम की शुरूआत झंडोत्तोलन और कारपोरेट गीत बजाकर किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन एसओपी जयंत कुमार और सुप्रिया कुमारी द्वारा किया गया ।मौके पर कथारा जीएम हर्षद दातार के अलावे सभी अधिकारी व एसीसी सदस्यगण उपस्थित थे ।मौके पर जीएम श्री दातार ने कहा कि अधिकारियों को हमेशा सेवक के रुप में कार्य करना चाहिए उन्होंने बताया कि सीसीएल का स्थापना 1975 मे हुई थी आज उसके 48 वर्ष हो चुके है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौको पर कर्मियों को पदोन्नति पत्र भी प्रदान किए जाते है जिसके तहत आज 57 कामगारों को पदोन्नत पत्र प्रदान किया जा रहा है तथा बेहतर कार्य करने वाले कामगारों को पुरस्कृत भी किया गया। पुरस्कार वितरण जीएम के अलावे एसीसी सदस्यों के हाथो किया गया। अपने संबोधन में जीएम श्री दातार ने कहा कि पिछले लगभग छह माह से सीटीओ के कारण कथारा कोलियरी से उत्पादन पुरी तरह ठप था मगर अब वह



मामला निपटा लिया गया है और जल्द ही कथारा कोलियरी से उत्पादन शुरू हो जायेगा। कहे कि इस बार कथारा प्रक्षेत्र को 25 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य दिया गया जो आप सभी के सहयोग से निश्चित रूप से पुरा होगा ।इस अवसर जीएम कार्यालय के सभागार में कोल इंडिया मे आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर सीएसआर कार्मिक प्रबंधक चन्दन कुमारए राजेश कुमारए रिषि राय महापात्रए के के झाए महेंद्र विश्वकर्माए एस अधिकारीए सब्बीर अहमद अंसारीए निवारण केवटए जय प्रकाश शुक्लए अनमोल मुर्मए अशोक कुमारए मुकेश सिन्हा तथा एसीसी सदस्यों मे राज कुमार मंडलए सचिन कुमारए मथुरा यादवए बालगोविंद मंडलए नागेश्वर करमालीए निजाम अंसारीए पी के जायसवाल आदि दर्जनों कर्मचारी मौजूद थे।

## परिशोधन पोर्टल पर खतियान व पंजी टू में सुधार करने का सभी सीओ को निर्देश

**धनबाद।** अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता ने सभी अंचल अधिकारियों को खतियान एवं पंजी टू की त्रुटियों का परिशोधन पोर्टल में सुधार करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में अपर समाहर्ता ने बताया कि सभी अंचलों के खतियान एवं जमाबंदी (पंजी टू) की गलत प्रविष्टि के सुधार एवं छुटे हुए रैयत के नाम एवं पता, जाति, खाता संख्या, प्लॉट संख्या, रकवा, चौहद्दी तथा खाता के प्रकार इत्यादि की गलत प्रविष्टि के सुधार के लिए राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय) ने परिशोधन पोर्टल विकसित किया है। इसके आलोक में सभी अंचल अधिकारियों को रैयतों व आम नागरिक से प्राप्त ऑनलाइन शिकायत या आवेदन के संदर्भ में त्रुटि में सुधार के लिए परिशोधन पोर्टल का उपयोग करने का निर्देश दिया है।

## पेज एक का शेष

### देश आदिवासी समाज...

इसी धरती पर आदिवासी महाराणा प्रताप के साथ खड़े होकर उनकी ताकत बने।

पीएम ने कहा कि आदिवासी समाज ने संस्कृति से लेकर परंपराओं तक भारत के चरित्र को सहेजा एवं संजोये रखा। अब समय आ गया है कि देश इस ऋण के लिए, इस योगदान के लिए आदिवासी समाज की सेवा कर उन्हें धन्यवाद दे। उन्होंने मानगढ़ धाम के दौरे को सुखद बताते हुए कहा, मानगढ़ धाम जनजातीय वीर-वीरांगनाओं के तप, त्याग, तपस्या एवं देशभक्ति का प्रतिबिंब है। मोदी ने आदिवासी नेता गोविंद गुरु को याद करते हुए कहा कि उनके जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी भारत की परंपराओं और भारत के आदर्शों के प्रतिनिधि थे। गुरु गोविंद सिंहजी किसी रियासत के राजा नहीं थे, लेकिन फिर भी लाखों आदिवासियों के नायक थे। पीएम के कार्यक्रम में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी, मीनाक्षी लेखी और अर्जुनराम मेघवाल भी थे।

### बैठक में कहा...

घटनास्थल के दौरे पर पीएम के साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। हादसे के बाद से राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। पीएम अस्पताल जा कर घायलों से मिले। निजी तौर पर घायलों से उनका हाल जाना। घायलों का हालचाल जानने के साथ, पीएम ने राहत एवं बचाव कार्य में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों से भी मुलाकात की। उनके साहस की प्रशंसा की। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात की।

### गुणवत्ता पर विशेष ...

इसी प्रकार विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य 15 दिसंबर 2022 तक पूरी कर ली जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के दौरान लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। अच्छे डायवर्सन रोड का निर्माण करें। कांट्रेक्टर कंपनी के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान जाम से मुक्त कराने के लिए कांटाटोली जहां-जहां जंक्शन की आवश्यकता हो, वहां जंक्शन भी बनायी जाये। फ्लाईओवर निर्माण के समय सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें। सुरक्षा मानकों में किसी तरह की कोताही न बरती जाये। सीएम ने डीसी राहुल कुमार सिन्हा को दिया कि निर्माण कार्य में बालू की कमी नही होना चाहिए।

**कार्य प्रगति का प्रजेंटेशन भी देखा :** फ्लाईओवर निरीक्षण से पहले कांके रोड रांची स्थित आवासीय कार्यालय में जुडको एवं कांट्रेक्टर कंपनी एम-एस दिनेश चंद्र आर अग्रवाल, इंफ्राकोन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से सीएम के समक्ष कार्य प्रगति से संबंधित प्रजेंटेशन दिया और हर पहलू की विस्तृत जानकारी दी। सीएम ने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं से कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित कर तेज गति से कार्य करें। राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर सभी कार्यों को समय पूरा करें यही होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अबू बकर सिद्दीक, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी किशोर कौशल, जुडको एवं कांट्रेक्टर कंपनी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रांची के बिल्डर...

कि वह अखिलेश सिंह के भाई अमलेश सिंह को एक करोड़ रुपया पहुंचा दे, नहीं तो अंजाम बुरा होगा। इसके साथ ही उसने परिवार को भी मारने की धमकी दी। मामले से संबंधित फोन नंबर और ऑडियो क्लिप भी पुलिस को उपलब्ध करवाया गया है।

**जांच में जुटी पुलिस :** प्राथमिकी दर्ज होने के बाद ऑडियो और फोन नंबर के जांच के लिए टेक्निकल सेल की टीम भी अरगोड़ा पुलिस की मदद कर रही है। जिस नंबर से धमकी भरे कॉल किए गए थे उसकी पड़ताल की गयी है हलाकि वह नंबर बंद है। अरगोड़ा पुलिस के अनुसार मामले में कोई सिर्फ अखिलेश सिंह का नाम इस्तेमाल कर रहा है या फिर अखिलेश सिंह के कहने पर ही रंगदारी की डिमांड की गयी है। यह जांच के बाद साफ हो जायेगा।

### सुजीत को जमीन...

मौके पर श्री मुंडा को क्रिकेट किट भी प्रदान किया।

**बच्चों की पढाई का खर्च सरकार उठायेगी :** मुख्यमंत्री ने दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी को रांची में जमीन तथा उक्त जमीन पर घर देने का भरोसा तो दिया ही साथ ही कहा कि राज्य सरकार आपके बच्चों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठायेगी। आपके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, यह राज्य सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। नयी खेल पॉलिसी के तहत स्कॉलरशिप एवं कैश अवार्ड का प्रावधान है, इसका लाभ आपको मिले इस निमित्त निर्देश दे दिया गया है। इससे पहले बातचीत के क्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा एवं उनकी पत्नी अनीता तिग्गा ने कहा कि उनके पास रहने के लिए अपना कोई घर नहीं है। वर्तमान में भी मौसीबाड़ी, जगन्नाथपुर क्षेत्र में रहकर किसी तरह जीवन यापन करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी काफी दयनीय है। उनकी बातों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें हरसंभव मदद देने का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री ने खेल निदेशक को निर्देश दिया कि श्री मुंडा की आवश्यकताओं और समस्याओं के मद्देनजर नई खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को जो सुविधाएं दी जायेगी।

### इपीएफओ बोर्ड ने ...

इसके अलावा न्यासी मंडल ने 34 वर्षों से अधिक समय से इस योजना का हिस्सा रहे सदस्यों को आनुपातिक पेंशन लाभ देने की भी अनुशंसा की है। इस सुविधा से पेंशनधारकों को सेवानिवृत्ति लाभ के निर्धारण के वक्त ज्यादा पेंशन पाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा वित्त वर्ष 2021-22 के लिए इपीएफओ के कामकाज पर तैयार 69वीं वार्षिक रिपोर्ट को भी स्वीकृति दी गई जिसे संसद में पेश किया जायेगा। कामकाजी लोगों को राहत देने के उद्देश्य से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) ने 31 अक्टूबर को उन ग्राहकों के लिए कर्मचारी पेंशन योजना 1995 में जमा राशि की निकासी की अनुमति देने का निर्णय लिया, जिनकी केवल छह महीने से कम की सेवा शेष है। श्रम मंत्रालय के एक बयान में कहा कि केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में सेवानिवृत्ति कोष निकाय के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने अपनी 232वीं बैठक में सरकार को ईपीएस -95 योजना में कुछ संशोधन करने की सिफारिश की। इससे पेंशनभोगियों को सेवानिवृत्ति लाभ के निर्धारण के समय पेंशन के रूप में अच्छी रकम प्राप्त करने में मदद मिलेगी। बोर्ड ने 2022-23 के लिए ब्याज दर की गणना के लिए आय में शामिल किए जाने वाले पूंजीगत लाभ के लिए कैलेंडर वर्ष 2018 की अवधि के दौरान खरीदी गई ईटीएफ इकाइयों को शामिल करने को भी मंजूरी दी।

स्पीड न्यूज

## सलमान खान को वाई प्लस सुरक्षा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है और अब उन्हें मुंबई पुलिस की ओर से वाई प्लस सुरक्षा दी जाएगी। पिछले दिनों अभिनेता को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी भरा पत्र मिला था, जिसके बाद राज्य सरकार ने यह कदम उठाया है।

## राजोआना की मौत की सजा कम करने पर सुनवाई कल

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या मामले में फांसी की सजा पाए बलवंत सिंह राजोआना की सजा कम करने की उसकी याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगा।

## दिल्ली : फैक्ट्री में आग, दो की मौत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के नरेला में मंगलवार सुबह फुटवियर फैक्ट्री में आग लग गई। हादसे में 2 लोगों की जान चली गई है। पुलिस ने कहा कि आग लगने की वजह ब्लास्ट है। फैक्ट्री के भीतर पॉलीयूरेथेन मशीन रखी थी। जब इसका स्विच ऑन किया गया तो ब्लास्ट हो गया।

## सोलापुर : कार से कुचल कर 7 की मौत

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। श्रद्धालुओं का जत्था कार्तिक एकादशी के लिए जठरवाड़ी से मंदिर नगर पंढरपुर जा रहा था, तभी एक कार ने जत्थे में शामिल कई लोगों को कुचल दिया।

## रक्षा सचिव गिरिधर ने संभाला कार्यभार

**नयी दिल्ली।** अनुभवी नौकरशाह गिरिधर अरमाने ने मंगलवार को नए रक्षा सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। अरमाने 1988 बैच के आइएएस के अधिकारी हैं और आंध्र प्रदेश कैडर से आते हैं। पहले अरमाने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय में सचिव थे।

## सेंसेक्स 61,000 के पार

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में तेजी के साथ सकरात्मक वृहत आर्थिक आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को भी तेजी का रुख जारी रहा और सेंसेक्स 374.76 अंक की बढ़त के साथ 61,121.35 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 133.20 अंक चढ़कर 18,145.40 अंक पर पहुंच गया।

### एससीओ परिषद की बैठक में बोले जयशंकर

# मध्य एशियाई देशों में बेहतर हो संबंध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने 'शासनाध्यक्षों की एससीओ परिषद की बैठक' में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद उन्होंने अपने ट्वीट में कहा कि हमें मध्य एशियाई देशों के हितों को देखते हुए एससीओ क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी की आवश्यकता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि चाबहार पोर्ट और इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर इस क्षेत्र में आर्थिक क्षमता की संभावनाओं के रास्ते खोलेगा। इन कनेक्टिविटी परियोजनाओं को सदस्य राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना चाहिए। डॉ. जयशंकर ने कहा, एससीओ सदस्यों के साथ हमारा कुल व्यापार 141 अरब डॉलर का है, जिसके कई गुना



बढ़ने की संभावना है। उचित बाजार पहुंच हमारे पारस्परिक लाभ के लिए है और आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है।

जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि आगामी साल 2023 को संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाएगा। भारत खाद्य संकट का मुकाबला करने के लिए एससीओ सदस्य देशों के साथ और ज्यादा सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है।

**2001 में हुई थी स्थापना**

शंघाई सहयोग सगंठन (एससीओ) की स्थापना 2001 में शंघाई में रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्राध्यक्षों ने एक शिखर सम्मेलन में की थी। इन वर्षों में यह दुनिया के सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। 2017 में भारत और पाकिस्तान इसके स्थायी सदस्य बने थे।

**मोरबी पुल का निरीक्षण करते पीएम मोदी**



## यूपी में मदरसों का सर्वे पूरा: करीब आठ हजार गैर मान्यता प्राप्त मिले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मदरसों को लेकर चल रहा सर्वे पूरा हो गया। पूरे प्रदेश में करीब आठ हजार मदरसे गैर मान्यता प्राप्त मिले हैं। हालांकि इस बाबत 15 नवंबर तक सभी जिलाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों की रिपोर्ट शासन को भेजेंगे। प्रदेश में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे दस सितंबर से शुरू हुआ था। सोमवार तक टीमों ने सर्वे पूरा कर अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारियों को प्रेषित कर दी है। सबसे ज्यादा गैर मान्यता प्राप्त मदरसे मुरादाबाद जिले में मिले हैं।

## तीन साल बाद माइके आईं प्रियंका



प्रियंका चोपड़ा सिर्फ नेशनल ही नहीं बल्कि ग्लोबल सेंसेशन हैं। वह 83 मिलियन से अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के साथ इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली इंडियन एक्ट्रेस हैं। प्रियंका ने साल 2018 में अमेरिकन सिंगर निक जोनस संग शादी रचाई। कपल ने इसी साल प्यारी सी बेटी का स्वागत किया जिसका नाम मालती मैरी चोपड़ा जोनस है। शादी के बाद से ही प्रियंका चोपड़ा अमेरिका में रह रही हैं। वह कभी-कभी अपने देश आती हैं हालांकि बीते 3 साल से वह विदेश में ही रह रही हैं। वहीं अब प्रियंका चोपड़ा तीन साल बाद अपने वतन लौट आईं। 'देसी गर्ल' को मंगलवार देर रात मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया।

वैसे तो ये ट्रिप प्रियंका, उनके पति और बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस की पहली इंडिया ट्रिप बताई जा रही थी लेकिन एयरपोर्ट पर ना तो निक और ना ही उनकी लाडली को देखा गया। अपने वतन लौटी प्रियंका का फैंस ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं जैसे ही प्रियंका मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची उन्होंने बेहद ही शांति से उन सबका अभिवादन किया जो घंटों से उसका इंतजार कर रहे थे। लुक की बात करें तो प्रियंका डार्क ब्लूट शर्ट और मैचिंग पैंट में स्टाइलिश दिखीं। उन्होंने अपने बालों को खुला रखकर अपनी मिलियन-डॉलर की मुस्कान बिखेरकर अपने लुक में चार चांद लगा दिए। कोरोना काल के बाद यह प्रियंका की पहली ट्रिप है। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बोर्डिंग पास की फोटो शेयर करते हुए लिखा- 'फाइनली मैं घर जा रही। लगभग 3 सालों बाद।'

## कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 17 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में 17.4 प्रतिशत बढ़कर 35.19 करोड़ टन हो गया। सीआईएल ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि अप्रैल से लेकर अक्टूबर के बीच उसका उत्पादन 35.19 करोड़ टन रहा है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 29.96 करोड़ टन था। सार्वजनिक क्षेत्र की इस महारत्न कंपनी ने अक्टूबर, 2022 में 5.29 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। एक साल पहले के इसी महीने में सीआईएल का उत्पादन 4.98 करोड़ टन रहा था।

# किसी के दबाव में नहीं है मोदी सरकार

### रूसी तेल पर यूएस पत्रकार को पुरी का जवाब

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रूस से तेल की खरीद पर पूछे गए अमेरिकी पत्रकार के सवाल पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार किसी तरह के दबाव में नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी उपभोक्ताओं के प्रति है कि उन्हें पेट्रोल, डीजल की सप्लाई होती रहे। अमेरिकी पत्रकार बेकी एंडरसन दावा कर रहीं थीं कि भारत रियायती कीमत पर तेल खरीदकर फायदा उठा रहा है। साथ ही उन्होंने तेल खरीदना जारी रखने को लेकर भी सवाल पूछा। पुरी ने जवाब दिया, मैं पहले आपकी धारणा को



सही करने की कोशिश करता हूं। 31 मार्च 2022 को हमारा वित्तीय वर्ष पूरा हुआ और रूसी तेल की खरीदी 0.2 फीसदी पर थी, 2 प्रतिशत पर नहीं। जो यूरोप एक दोपहर में खरीद लेता है, हम उसका केवल एक चौथाई खरीदते हैं। साथ ही उन्होंने पत्रकार को यह भी बताया कि बीते महीने रूस नहीं, बल्कि इराक भारत का सबसे बड़े सप्लायर था। रूस से और तेल खरीदने को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, 'हमारे उपभोक्ताओं के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि उन्हें पेट्रोल, डीजल मिलता रहे। रूसी तेल खरीदने में हम नैतिक रूप से संघर्ष नहीं कर रहे हैं। हम या से तेल नहीं खरीदते। हम जो उपलब्ध है, उससे खरीदते हैं। मैं खरीदी नहीं करता हूं, तेल कंपनियां खरीदती हैं।' इस दौरान उन्होंने यह भी साफ कर दिया है कि भारत के अमेरिका और यूरोप के साथ ही बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि मोदी की सरकार किसी दबाव में नहीं है।

## अनंतनाग में मुठभेड़ एक दहशतगर्द ढेर

**श्रीनगर।** अनंतनाग जिले के बिजबिहाड़ा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस बीच एक आतंकी मारा गया है। अन्य आतंकियों की तलाश सुरक्षाबल कर रहे हैं। घाटी में इन दिनों लगातार सुरक्षाबलों के ऑपरेशन जारी हैं। मंगलवार को बिजबिहाड़ा में आतंकियों के एक ग्रुप के होने की जानकारी सुरक्षाबलों को मिली। इसके बाद पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। जब सुरक्षाबल एक विशेष जगह पहुंचे तो आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

### गुजरात चुनाव से पहले केंद्र का बड़ा फैसला

# पड़ोसी मुल्कों के अल्पसंख्यकों को मिलेगी देश की नागरिकता

**नयी दिल्ली।** गुजरात में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता को लेकर बड़ा फैसला किया है। गुजरात के दो जिलों आणंद और मेहसाणा में रह रहे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। गृह मंत्रालय ने इसको लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक, पाक, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आने वाले और इस समय गुजरात के आणंद और मेहसाणा जिलों में रह रहे हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई लोगों को नागरिकता कानून 1955 के तहत भारतीय नागरिकता दी जाएगी। ये लोग लंबे समय से गुजरात में शरणार्थी के रूप में रह रहे थे।

**देश के नागरिक का प्रमाण पत्र दिया जाएगा :** अधिसूचना के मुताबिक, नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6 के तहत और नागरिकता नियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार इन सभी को भारत के नागरिक के रूप में पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी या उन्हें देश के नागरिक का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## कश्मीर : 120 आतंकी घुसपैठ को तैयार

**कुपवाड़ा।** ठंड शुरू होने के पहले पाकिस्तान एक बार फिर कश्मीर को दहलाने की बौखलाहट में है। इसको लेकर उसने कुपवाड़ा रीजन से घुसपैठ को 120 आतंकी तैयार किए हैं। पाकिस्तान के प्लान का काला चिट्ठा मौजूद है, जिसमें ये पता चला है कि कश्मीर में कुपवाड़ा को आतंकियों की घुसपैठ का नया ठिकाना बनाया गया है। खुफिया एजेंसी के मुताबिक सिर्फ इसी सेक्टर में 12 से ज्यादा लांचिंग पैड आतंकियों के लिए पाकिस्तान ने तैयार किए हैं जो कि पिछले 10 सालों में सबसे ज्यादा है। पिछले 10 दिनों में दो बड़े एनकाउंटर कुपवाड़ा इलाके में हो चुके हैं, जिसमें एक आतंकी मारा गया है। दो को गिरफ्तार किया गया है।

## जदयू का राजद में विलय जल्द, भाजपा के संपर्क में नीतीश के विधायक : सुमो

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने बड़ा सियासी बम फोड़ दिया है। उन्होंने दावा किया कि सीएम नीतीश कुमार की जदयू में भगदड़ मची है और उनकी पार्टी के कई विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। साथ ही जदयू का जल्द ही लालू प्रसाद यादव की राजद में विलय होने वाला है। मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए वोटिंग से ठीक पहले सुशील मोदी के इस बयान पर बिहार की सियासत गर्मा गई है। सुशील मोदी ने मंगलवार को गोपालगंज में चुनाव प्रचार के दौरान मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जदयू के कई विधायक नीतीश कुमार के महागठबंधन में जाने से नाखुश हैं। उन्हें डर है कि अगले चुनाव में उनका टिकट काटकर राजद को दे दिया जाएगा। इसलिए वे भाजपा में वापस लौटना चाहते हैं। सुशील मोदी ने दावा किया कि जदयू के कई नेता भाजपा के संपर्क में है, पार्टी समय आने पर उनके बारे में फैसला लेगी।

उन्होंने कहा कि जदयू का राजद में विलय जल्द होने वाला है, यह तो तय है। क्योंकि नीतीश कुमार को पार्टी टूटने का डर है। नीतीश को लगता है कि अगर विलय हो गया तो सदन में पार्टी के विधायकों की संख्या बढ़ जाएगी।

## जीएसटी कलेक्शन दूसरी बार 1.50 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** अक्तूबर महीने में वस्तु और सेवा कर संग्रह में 16.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस महीने के दौरान जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 1.52 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह अब तक का दूसरा सबसे अधिक जीएसटी संग्रह है। दूसरी बार जीएसटी संग्रह का आकड़ा डेढ़ लाख करोड़ के पास पहुंचा है। बता दें कि जीएसटी संग्रह अप्रैल में लगभग 1.68 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। अक्तूबर महीने में सेंट्रल जीएसटी कलेक्शन 26,039 करोड़ रुपये रहा।

## भारत-फ्रांस का युद्धाभ्यास : गरज रहे फाइटर प्लेन

एजेंसी

**जोधपुर।** भारत और फ्रांस के फाइटर प्लेन हवा से हवा में टारगेट को हिट करने और सबसे खास मिड एयर रीफ्यूलिंग, यानी हवा में ही एक प्लेन से दूसरे प्लेन में फ्यूल भरने की ट्रेनिंग ले रहे हैं। जोधपुर में भारत और फ्रांस की एयरफोर्स का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू हो चुका है। 26 अक्टूबर से शुरू हुआ युद्धाभ्यास 12 नवंबर तक चलेगा। इस वॉर प्रैक्टिस के जरिए दोनों देशों की एयरफोर्स के पायलट्स एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। इस प्रैक्टिस में दोनों देशों के फाइटर प्लेन हवा से हवा में टारगेट को हिट करने और सबसे खास मिड एयर रीफ्यूलिंग, यानी हवा में ही एक प्लेन से दूसरे प्लेन



में फ्यूल भरने की ट्रेनिंग ले रहे हैं। खास बात यह है कि 400 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा में ही राफेल समेत 5 फाइटर प्लेन और प्रचंड हेलिकॉप्टर में फ्यूल भरा जा रहा है।

**ये होता है प्रोसेस :** मिड एयर रीफ्यूलिंग के लिए तेल लेने व देने वाले दोनों विमान के पायलट्स के कौशल का परीक्षण होता है। पहले फाइटर जेट को एयर टैंकर की स्पीड के बराबर लाया जाता है। इसके बाद दोनों के बीच करीब सौ फीट की दूरी को मेंटेन किया जाता है। इसके बाद शुरू होती है तेल भरने की प्रक्रिया। इस दौरान दोनों विमान के पायलट लगातार एक-दूसरे के कॉन्टैक्ट में भी रहते हैं।




## भारत जोड़ो यात्रा : राहुल गांधी ने चारमीनार के सामने फहराया तिरंगा

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद की पहचान चार मीनार के सामने मंगलवार को तिरंगा फहराया। करीब 32 साल पहले उनके पिता और तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष राजीव गांधी ने भी उसी स्थान से 'सद्भावना यात्रा' की शुरूआत की थी। राहुल गांधी ने जब राष्ट्रीय ध्वज फहराया तब कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, वरिष्ठ पार्टी नेता दिग्विजय सिंह, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) अध्यक्ष रेवंथ रेड्डी भी मौजूद थे। राहुल गांधी 'भारत जोड़ो' के नारे और सड़क किनारे खड़ी भीड़ के बीच चारमीनार पहुंचे।

## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराया, सेफा की उम्मीदें बरकरार



**ब्रिस्बेन।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 के 33वें मुकाबले में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 20 रन से हरा दिया है। ब्रिस्बेन में खेले गए सुपर-12 राउंड के ग्रुप-वन के इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लिश टीम ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 179 रन बनाए। कप्तान जोस बटलर ने 47 गेंदों में 73 रन और एलेक्स हेल्स ने 40 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 159 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन ग्लेन फिलिप्स ने बनाए। उन्होंने 36 गेंदों में 62 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान कप्तान केन विलियम्सन ने 40 गेंदों में 40 रन बनाए। इस जीत के साथ इंग्लैंड की टीम ग्रुप-वन से सेमीफाइनल में पहुंचने की रेस में बनी हुई है।

**न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया तीनों के पांच-पांच अंक**

अब न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया तीनों के पांच-पांच अंक हैं। तीनों टीमें अपने चार-चार मुकाबले खेल चुकी हैं और एक-एक मैच और खेलना है। तीनों टीमों के एक-एक मैच बारिश की वजह से धुल गए। न्यूजीलैंड की टीम चार मैचों में दो जीत, एक हार के साथ पांच अंकों के साथ पहले स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +2.233 है जो कि सबसे ज्यादा है। वहीं, इंग्लैंड की टीम चार मैचों में दो जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.547 है। ऑस्ट्रेलिया का नेट रन रेट -0.304 है और वह तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका की टीम भी अभी सेमीफाइनल के रेस में बनी हुई है। न्यूजीलैंड को अपना आखिरी मुकाबला आयरलैंड, इंग्लैंड को श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। तीनों ही मैच वर्चुअल नॉकआउट वाले हैं। हारने वाली टीम का इस विश्व कप में सफर खत्म हो जाएगा।

## भारत-बांग्लादेश मैच आज, बारिश डाल सकती है खलल

**एडिलेड।** टी20 वर्ल्ड कप में आज एडिलेड के मैदान पर भारत की बांग्लादेश से भिड़ंत होनी है। भारत का ग्रुप 2 यह चौथा मैच है, लेकिन मैच को लेकर एडिलेड से बुरी खबर सामने आ रही है। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से एडिलेड में लगातार बारिश हो रही है। मंगलवार को भी सुबह से मौसम खराब बना हुआ है, सुबह से ही बारिश और ठंड ने बेहाल कर रखा है। बारिश के बुधवार को भी जारी रहने की संभावना है। अब संकट इस बात का है कि कहीं बुधवार को भी बारिश जारी रही तो भारत का सेमीफाइनल में पहुंचने का समीकरण बिगड़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को सुबह से ही एडिलेड में बारिश होगी।

## श्रीलंका ने अफगानिस्तान को टी20 विश्व कप से बाहर किया



**ब्रिस्बेन।** श्रीलंका ने वानिंदू हसरंगा (13/3) की शानदार गेंदबाजी और धनन्जय डी सिल्वा (66) के नाबाद अर्द्धशतक की बदौलत अफगानिस्तान को टी20 विश्व कप 2022 के सुपर-12 मुकाबले में मंगलवार को पांच विकेट से मात दी। अफगानिस्तान ने ग्रुप-1 के मैच में श्रीलंका को 145 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे श्रीलंका ने 18.3 ओवर में हासिल कर लिया। अफगानिस्तान चार मैचों में केवल दो अंकों के साथ सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। श्रीलंका ने चार मैचों में चार अंक हासिल कर लिये हैं, लेकिन वह भी सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये अन्य नतीजों पर निर्भर हैं। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पारी की अच्छी शुरूआत की लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज उसे भुना नहीं सके। गुरबाज (28) और उस्मान गनी (27) ने पावरप्ले में 42 रन की साझेदारी की।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

स्पीड न्यूज

## वन विभाग ने भारी मात्रा में सखुआ का बोटा किया जब्त

**कोडरमा।** वन विभाग की टीम ने सोमवार मरकच्चो दक्षिणी पंचायत के मेहतरिया अहरी के समीप से अवैध रूप से काटकर रखे गए भारी मात्रा में सखुआ की लकड़ी का बोटा जब्त किया है। लकड़ी के बोटा को मेहतरिया अहरी के समीप संचालित एक चिमनी ईट भट्ठा के समीप के झाड़ी में छिपा कर रखा गया था। सूत्रों के अनुसार काटे गए लकड़ियों को संचालित ईट भट्ठों में खपाया जाता है। इस संबंध में वनरक्षी अभिमन्यु कुमार ने बताया की वन विभाग को सूचना मिली थी के बेरहवा जंगल से काफी संख्या में सखुआ की लकड़ी काटकर छिपा कर रखा गया है। सूचना के बाद उस स्थान पर छापेमारी की गयी जहां से लगभग सौ की संख्या में सखुआ की लकड़ी का बोटा बरामद किया गया है। जिसकी कीमत लगभग आठ से दस हजार रुपए आंकी गई है। वहीं वनरक्षी ने बताया की अवैध रूप से काट कर रखे गए लकड़ियों को चिमनी ईट भट्ठा में खपाने की सूचना थी। ज्ञात हो की प्रखंड के बेरहवा जंगल समेत अकोर्शा, पंदना, पपहरा, देवीपूर के सांडोडीह, कानिकेंद, अम्मर पुर सहित अन्य जंगलों से लगातार पेड़ों की कटाई जारी है। जिसे रोकने में वन विभाग अक्षम साबित हो रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आगामी 12 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय कोडरमा में किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव अभिषेक प्रसाद ने कहा कि कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन की तैयारियां काफी जोर-शोर से की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिनका भी मामला बिजली विभाग समेत अन्य मामलों के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लें तथा अपने मामलों का निष्पादन करायें।

## शिव वाटिका में आज होगा हास्य कवि सम्मेलन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री कोडरमा गोशाला समिति के द्वारा आयोजित 2 दिवसीय गोपाष्टमी पूजा के अवसर बुधवार को बाईपास रोड स्थित शिव वाटिका में संध्या 7 बजे से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनोज केडिया और संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि हास्य कवि सम्मेलन में शाजापुर के पंडित अशोक नागर के मंच संचालन में देश के विभिन्न हिस्सों के कवियों के द्वारा लोगों का मनोरंजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नागपुर से हास्य कवि दिनेश देहाती, दिल्ली से श्रृंगार रस की कवित्री रजनी अवनी, बालाघाट से गीत गजल की कवित्री माधुरी किरण, इंदौर से वीर रस के कवि हिमांशु हिंद एवं लखनऊ से वीर रस के कवि मनु व्रत बाजपेई मुख्य रूप से कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे। गौशाला समिति ने लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर आनंद लेने की अपील की है।

## ऐसे सेंटर खुलने से महिलाएं होगी सशक्त: डॉ लंबोदर

**गोमिया।** मंगलवार को गोमिया विधानसभा के कथारा पंचायत अंतर्गत कथारा रेलवे कॉलोनी मे गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने फैशन इंडस्ट्री सिलाई सेंटर का फिता काट कर विधिवत उद्घाटन किए। मौके पर आयोजित एक सादे समारोह के अंदर बोलते हुए विधायक श्री महतो ने कहा कि ऐसे सेंटरो के खुलने से क्षेत्र की महिलाएं आत्म निर्भर और सशक्त बनेगी। उन्होंने मौके पर ही घोषणा किया यहां जिस तरह की भी जरूरत होगी वे हर मदद करने को हमेशा तत्पर रहेगे। मौके पर उन्होंने गुलाम रब्बानी की तारीफ करते हुए कहे कि ऐसे कार्य को वे और भी अधिक तेजी और संवेदना के साथ करे।

# जारंगडीह पुराना फिल्टर हाउस के समीप झाड़ियों से मिला नरकंकाल,फैली सनसनी

## शव की हुई शिनाख्त, 12 दिन से घर से गायब था वह व्यक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह काली मंदिर के समीप पुराना फिल्टर हाउस के समीप घने झाड़ियों के जंगल में मंगलवार को एक व्यक्ति की नरकंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खबर फैलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ वहां जमा हो गई और इसी बीच सूचना पाकर बोकारो थर्मल पुलिस भी वहां पहुच गई। बताता चलू कि नरकंकाल के रुप में व्यक्ति के शरीर के कुछ हड्डियों के टुकड़े ही शेष बचे थे जिसमे उस व्यक्ति की सर की कंकाल भी शामिल था मगर पास ही मृतक का चप्पल और गमछा पड़ा हुआ था जिसे देख कर मृतक के पुत्र ने शव की पहचान कर ली जिसके अनुसार मृतक जारंगडीह 16 नंबर कॉलोनी निवासी लगभग 45 वर्षीय पेटू भुईया बताया गया जो लगभग 12 दिनो से अपने घर से गायब था जिसकी शिकायत परिजनों के द्वारा 18 अक्टूबर को ही स्थानीय थाना को लिखी दे चुका था और भी खोजबीन में जुटा था। आखिरकार आज उसका नरकंकाल घने झाड़ियों के बीच मिला। पुलिस मौके पर पहुच कानूनी कार्रवाई मे जुट गई है। मगर सवाल उठता है कि जिस ओर दिन में भी लोग जाने मे घबराते है वहां यह व्यक्ति पहुचा कैसे। क्या यह व्यक्ति की मौत जंगली जानवरों के हमले से हुई है या फिर किसी ने इस व्यक्ति की हत्या कर उन घने जंगलो मे फेंका है। पुलिस हर पहलू पर छानबीन मे जुटी हुई है। जबकि नरकंकाल देख साफ प्रतित होता है कि यह व्यक्ति किसी तरह उस जंगल के बीच पहुच गया होगा और वही जानवरों का शिकार हो गया। क्यो कि शरीर का लगभग हिस्सा वहां से पुरी तरह गायब पाया गया सीवा शरीर के कंकालों कों छोड़ कर।

# झारखंड में एक और मॉब लिंचिंग

## हत्या के आरोपी की हत्या 17 लोगों ने मिलकर मार डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहेबगंज।** साहेबगंज में मॉब लिंचिंग की घटना प्रकाशा में आया है। हत्या के आरोपी की लोगों ने पीट कर हत्या कर दी। इलाके में रहने वाले कृष्णा मंडल की हत्या कर दी गयी थी। इस हत्या में नामजद आरोपी थेमहेंद्र साह (56)। रविवार को इनकी भी पीट-पीट कर हत्या कर दी। आरोपी जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र का रहने वाला था।

**17 आरोपियों ने मिलकर की हत्या**

इस मामले में मृतक की पत्नी मीणा देवी की शिकायत पर 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है । आरोपियों में से पांच की गिरफ्तारी कर ली गयी है। इन्हें घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में मंजय कुमार, दिलीप मंडल, मंगरू मंडल, अनीता देवी व अंजू देवी शामिल हैं। इस घटना में दूसरे आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की है। 28 अक्तूबर 2022 को अपराधी कृष्णा मंडल की हत्या कर दी गयी थी। कृष्णा के परिजनों ने मेहेंद्र को रास्ते में रोका जब वह बकरी चराने जा रहा था।

**घेर कर मार डाला**

कृष्णा के परिजन वहां पहुंच गये. उन्हें देखकर महेंद्र भागने लगे, तो आरोपियों ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो महेंद्र को पीटने वाले भागने लगे पुलिस ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उसकी मौत हो गयी। कृष्णा के परिजनों को शक था कि महेंद्र ने ही उनकी हत्या की है। मौत का बदला लेने के उद्देश्य से परिजनों ने उस पर हमला किया जिससे उसकी मौत हो गयी।

# लापुंग प्रखंड के मालगो और सेमला में गहराया बिजली संकट

खबर मन्त्र संवाददाता



जला हुआ ट्रांसफार्मर दिखाते मालगो गांव के युवक

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के पंचायत के मालगो खास गांव तथा ककरिया पंचायत के सेमला में बिजली संकट गहरा गया है। मालगो में 63 केवीए का विद्युत पावर ट्रांसफार्मर जलने से गांव का एक बड़ा इलाका अंधेरा में डूब गया है। वहीं दूसरी ओर बिजली रहते सेमला गांव में संध्या 6 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक बच्चों के पढ़ने लिखने के समय बिजली आपूर्ति ठप कर दी जाती है। इससे सेमला के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गांव के समाजसेवी और विधायक प्रतिनिधि रुपेश कुमार पाठक ने बताया कि बच्चों के पढ़ने लिखने का समय शाम 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक होता है और लोड शेडिंग के नाम पर लगातार ढाई घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप कर दी जाती है। इससे बच्चों के पढ़ाई लिखाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। गांव के समाजसेवी गगन साहु और सुमन साहु ने कहा कि लापुंग प्रखंड के पिछड़े गांव में 24 घंटे विद्युत की आपूर्ति होनी चाहिए। बिजली काटनी है तो दिन में एक दो घंटा काटा जा सकता है लेकिन विभाग शाम को विद्युत आपूर्ति ठप करना बंद करें। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक दिन शाम होते ही सेमला गांव की बिजली काट दी जाती है। देर शाम में गांव में लालटेन युग दिखने लगता है। बच्चे लालटेन ढिबरी और केरोसिन तेल वाली लैंप का प्रयोग कर पढ़ने के लिए विवश हैं। वहीं दूसरी ओर ट्रांसफार्मर के जलने से मालगो गांव के 40 घरों के लोग बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं। ट्रांसफार्मर के जलने से बच्चों की पढ़ाई लिखाईए किसानों की सिंचाई तथा कुटीर उद्योग धंधे ठप हो गए हैं। मालगो पंचायत की पंचायत समिति सदस्य गीता देवी और समाजसेवी अशोक साहु ने विद्युत विभाग के अधिकारियों सहित सांसद और विधायक से मांग की है कि मालगो में तुरंत ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाय। अगर ऐसा नहीं होता है तो गांव के लोग आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे। गांव के युवकों विजय कुमार साहुए प्रीतम साहु, प्रेम साहुए कारु गोप, पंकज साहुए निर्मल साहु, अशोक साहुए राजू साहुए सूरज साहुए करमपाल साहुए रमेश साहु सहित कई लोगों ने सरकार के प्रतिनिधि से तुरंत ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की।

# राजस्व उपनिरीक्षक कर्मियों की हड़ताल को सीटू ने दिया समर्थन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पिछले 47 दिनों से जारी राजस्व कर्मियों की राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल को सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने समर्थन करते हुए झारखंड सरकार से राजस्व कर्मियों की सभी जायज मांगों को स्वीकार कर अविलंब हड़ताल समाप्त करने की मांग की है। वहीं झारखंड राज्य राजस्व उपनिरीक्षक संघ के बैनर तले जिला समाहरणालय पर 16 सितंबर से जारी अनिश्चितकालीन धरना में शामिल कर्मियों को सम्बोधित करते हुए सीटू राज्य कमिटी सदस्य संजय पासवान ने कहा कि हड़ताल के कारण अंचल कार्यालयों में काम-काज पूरी ठप्प है, जिसके कारण जमीन का दाखिल खारिज समेत आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र के लाखों आवेदन लंबित पड़े हुए हैं। इससे छात्रों समेत आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। झारखंड के छात्र और युवा प्रतियोगी परीक्षाओं के फार्म नहीं भर पा रहें हैं और आय, जाति व आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बनने की वजह से शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने में दिक्कत हो रही है। वहीं प्राकृतिक आपदा, सड़क दुर्घटना में मृत्यु या घायल के परिवारों की जांच प्रतिवेदन बाधित है, वंशावली, जमीन मापी, पंजी-दो में सुधार का काम बंद है, पीएम किसान योजना, मुख्यमंत्री फसल राहत योजना, केसीसी लोन का काम भी पूरी तरह से प्रभावित है।

# बीएडके में 6 सेवानिवृत्त कर्मचारी का सम्मान समारोह आयोजित




**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के करगली आफिसर्स क्लब में मंगलवार को 6 सेवानिवृत्त कर्मचारी को सम्मान समारोहका आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। जीएम एम के राव ने सभी को माला पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। जीएम श्री राव ने कहा सभी ने विभिन्न परिस्थितियों में कार्य किया है और अनुभव को प्राप्त करते हुए आज कंपनी से सेवानिवृत हो रहे हैं। आपके कायार्नुभवों एवं विचारों से हम सभी प्रेरणा लेते हुए कंपनी को आगे बढाएंगे। कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आप को किसी अच्छे काम में व्यस्त रखें। कहा कि आपके योगदान एवं कर्तव्यनिष्ठता के लिए सीसीएल कृतज्ञ है। उन्होंने जीवन की दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आप जहॉ भी रहे स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहें। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक प्रबंधक प्रेक्षा मिश्रा ने किया। मौके पर एसओपी राजीव कुमार, पीओ सत्यार्थी साहब, एरिया मेडिकल ऑफिसर डाक्टर एस के भारतीय,एएफएम ज्ञानेंद्र चौबे, कार्मिक प्रबंधक हेमचंद्र महतो व विश्वास वत्स सहित यूनियन प्रतिनिधि गजेन्द्र प्रसाद सिंह,विजय भोई, विनय पाठक, पंकज महतो,सुरेश शर्मा, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सभी के सहयोग से इस बार उत्पादन लक्ष्य को भी आसानी से पा लिया जायेगा : डीके सिन्हा

## बरका-सयाल जीएम कार्यालय में समारोह पूर्वक मना कोल इंडिया व सीसीएल का स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल बरका-सयाल जीएम कार्यालय में मंगलवार को कोल इंडिया व सीसीएल का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जीएम ऑपरेशन डीके सिन्हा ने झंडोतोलन कर की। इसके बाद कोल इंडिया का गीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर जीएम ऑपरेशन डीके सिन्हा ने कहा कि बरका-सयाल प्रक्षेत्र लगातार बुलंदियों पर है। सबों के सहयोग से इस बार लक्ष्य को भी आसानी से पा लिया जायेगा। समारोह में डीएवी उरीमारी के विद्यार्थियों द्वारा भ्रष्टाचार को ले नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर पूरे सीसीएल क्षेत्र के खिलाड़ियों द्वारा प्रक्षेत्र में सद्भावना दौड़ भी हुआ। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 व प्रोन्नति पाने वाले 19 कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। बिरसा परियोजना में कार्यरत स्टोरकीपर प्रवीण शर्मा को पदोन्नति कर वरीय भंडारपाल बनाया गया है। साथ ही सीएसआर अंतर्गत मोटर वाहन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 27 अभ्यार्थियों के बीच लाइसेंस का भी वितरण किया गया। मौके पर बिरसा पीओ डी शिवादास, एसओपी ए मलिक, एसओईएंडएम अमरेंद्र कुमार, एके मेहता, रंजन कुमार, आशुतोष पांडेय सहित यूनियन प्रतिनिधि सतीश सिन्हा, सुखदेव प्रसाद, रामनरेश सिंह, श्रीकांत गुप्ता, बासुदेव साव, अशोक गुप्ता, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, देवेंद्र कुमार सिंह, बच्चन पांडेय, दशरथ कुर्मी, खजांची राम, डॉ. जीआर भगत, संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजय यादव, अजीत सिन्हा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में केदार राम, गुरजीत सिंह, जेपी सिंह, राजीव रंजन, शशि दुसाध आदि का योगदान रहा।

**उरीमारी व बिरसा परियोजना में मना कोल इंडिया व सीसीएल का स्थापना दिवस, कर्मी हुए सम्मानित**

बरका-सयाल प्रक्षेत्र के उरीमारी व बिरसा परियोजना में मंगलवार को कोल इंडिया व सीसीएल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। उरीमारी में पीओ पीके सिन्हा व बिरसा में पीओ डी शिवादास ने झंडोतोलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। समारोह में उरीमारी के 29 कर्मियों को प्रोन्नति पत्र दिया गया। साथ ही बेस्ट ऑपरेटर को सम्मानित किया गया। मौके पर मैनेजर विजय कुमार सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर एमपी गुप्ता, अजय स्वांसी, सीताराम किस्कू, इंद्रदेव राम, चमन मुंडा, रविंद्र राम, बिरेंद्र पासवान, एश्वर्या मरांडी, प्रतिमा दास, सुनीता देवी, टुनिया, कौशल्या देवी, प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे। वहीं बिरसा परियोजना में भी बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को पीओ डी शिवादास ने सम्मानित किया। मौके पर मैनेजर रामेश्वर मुंडा, पर्सनल ऑफिसर सुनिल गुप्ता, सौम्या, समय लाल, वरूण कुमार, राजीव सिन्हा, लालो महतो, विस्थापित नेता सोनाराम मांझी आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## कोल इंडिया का 48वां स्थापना दिवस मना

**पिपरवार।** कोल इंडिया का 48 वां स्थापना दिवस पिपरवार कोयलांचल में समारोह आयोजित कर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोका परियोजना पदाधिकारी ;प्रभारद्ध एस सत्यनारायणा एवं संचालन अशोका परियोजना कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने किया द्य कार्यक्रम के शुभारंभ में अशोका परियोजना पदाधिकारी ;प्रभारद्ध एस सत्यनारायणा ने झंडोत्तोलन करएवं कोल इंडिया गीत बजाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया द्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना पदाधिकारी एस सत्यनारायणा ने कहा कि हमलोग कोल इंडिया का 48 वां स्थापना दिवस जरूर मना रहे हैंए लेकिन हमारे सीसीएल कर्मीए हमारे अधिकारीए हमारा सोचए हमारा परिश्रमए कार्य करने की क्षमताए एवं उत्पादन लक्ष्य को एक मिलियन टन कोयले का उत्पादन ज्यादा कर गुजरने की जज्बा हमारे कामगारों में है द्य जिससे कामगारों का जोश एवं जुनून का अनुमान लगाया जा सकता है द्यसाथ ही यह भी कहा कि पिपरवार क्षेत्र को कोयला उत्पादन का लक्ष्य अक्टूबर माह में 4 मिलियन टन दी गई थी जिसे कड़ी परिश्रम एवं मेहनत के बल पर एवं अधिकारियों के समन्वय और कामगारों के परिश्रम से 5 मिलियन टन कोयले का उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है द्य इस कीर्तिमान को स्थापित किए जाने पर सभी सीसीएल कामगारों एवं अधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं द्य उन्होंने कहा पिपरवार कोयलांचल को वित्तीय वर्ष 2022 .23 मैं कोयले का उत्पादन 9 मिलियन टन का लक्ष्य दिया गया हैए जिसे हमलोग 10 मिलियन टन उत्पादन कर पूरे कोल इंडिया में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का काम करेंगे द्य कार्यक्रम में 16 सीसीएल कर्मियों को सम्मानित करते हुए पदोन्नति दी गई है द्य जबकि सेप द्वारा वेतन भुगतान कराने में विशिष्ट योगदान देने को लेकर सेवा उरांव एवं जीतू तिर्की को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखेगा संघ: राजेश सोनी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा आभूषण व्यवसाई संघ सह स्वर्णकार संघ द्वारा अटूट आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर सैकड़ो छठ व्रतियों के बीच रविवार व सोमवार को 501 पीस पीतल का लोटा व दूध का वितरण किया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि संघ व समाज के लोगों के सहयोग से श्रद्धालुओं के बीच लोटा व दूध का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों में संघ बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी। साथ ही पर्व-त्योहार के दौरान स्वर्णकार संघ श्रद्धालुओं के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखेगी। श्री सोनी ने कहा कि संघ का उद्देश्य ही धार्मिक व सामाजिक कार्यों में हर संभव सहयोग करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेश सोनी, संघ संरक्षक किशोरी वर्मा, सलाहकार श्याम सुन्दर स्वर्णकार, विष्णु सोनी, संघ प्रभारी रोहित सोनी, सचिव संजीव वर्मा, मनोज सोनी, राकेश सोनी, पवन सोनी, पंकज सोनी, अभिषेक सोनी, टिंकू सोनी, मुकेश सोनी, उमेश सोनी, अजय सोनी, विजय वर्मा, सोनू वर्मा, रोहित सोनी, संजय सोनी सहित तमाम स्वर्णकारों का विशेष योगदान रहा।

## आपके कार्यानुभव एवं विचारों का लाभ वर्तमान में कार्यरत कर्मी अवश्य उठायेंगे: देवराज

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा स्थित पीओ कार्यालय में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से महाप्रबंधक (संचालन) देवराज मौजूद थे। इस दौरान अक्टूबर माह में रजरप्पा क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए दो सीसीएल कर्मियों को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को महाप्रबंधक (संचालन) देवराज द्वारा माला पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। मौके पर उन्होंने कहा कि आज आप अपने लंबे अनुभवों के साथ सेवानिवृत्त हो रहे हैं। आपके कायार्नुभव एवं विचारों का लाभ वर्तमान में कार्यरत कर्मी अवश्य उठायेंगे। साथ ही दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगे कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का हिस्सा है। जो सभी लोगों के जीवन मे एक बार आता है। इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके बेहतर स्वास्थ्य की भी कामना किये। कार्यक्रम का संचालन स्टॉफ ऑफिसर (कार्मिक) एसके गोस्वामी ने किया। मौके पर उप प्रबंधक (कार्मिक) आंचल श्रीवास्तव, सहायक प्रबंधक कार्मिक जयश्री चटर्जी, यूनियन प्रतिनिधि हाजी अख्तर आजाद, धनेश्वर राम सहित कई मौजूद थे। आयोजित सम्मान सह विदाई समारोह में डुशीला देवी एवं सुरेश महतो को भावभीनी विदाई दी गई।

## सरदार पटेल भारत की एकता के सूत्रधार थे: मोहरलाल

**रजरप्पा।** भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में अनेक महान व्यक्ति हुए हैं। उनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक सरदार वल्लभ भाई पटेल भी एक थे। भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री व भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गृह मंत्री रहे सरदार वल्लभ भाई पटेल सरदार पटेल के नाम से प्रसिद्ध थे । जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अहम योगदान दिया था। बारडोली सत्याग्रह, भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौरान वर्ष 1928 में गुजरात में हुआ एक प्रमुख किसान आंदोलन था, जिसका नेतृत्व वल्लभभाई पटेल ने किया था. देश का आधार होता है एकता और अखंडता और सरदार पटेल भारत की एकता के सूत्रधार थे। इसी कारण उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। सरदार पटेल ने देश की आजादी और उसके बाद देश को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई थी। सरदार पटेल आजादी के बाद देश के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री थे। वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर, 1875 को गुजरात के नडियाद जिले में हुआ था। आज उनकी 147वीं जयंती है। सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी ने इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। उक्त बातें आजसू रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष मोहरलाल महतो ने कही। उन्होंने सरदार पटेल के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## कोल इंडिया के 48 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**धनबाद।** कोल इंडिया के 48 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गोविंदपुर क्षेत्रीय कार्यालय प्रांगण में महाप्रबंधक गोविंदपुर क्षेत्र जीसी साहा के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम, कोल इंडिया के ध्वज को महाप्रबंधक द्वारा फहराया गया जिसे सीआईएसएफ के जवानों ने सलामी दी । सभी ने कोल इंडिया गीत को गाया । महाप्रबंधक महोदय के साथ-साथ क्षेत्रीय सलाहकार समिति, क्षेत्रीय कल्याण समिति, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बैलून उड़ा कर हर्ष व्यक्त किया । इस अवसर पर लगभग 35 पदोन्नत कर्मियों को प्रोन्नति आदेश प्रदान किया गया । क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक श्री अमित कुमार महतो, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी श्री एस के शरण, क्षेत्रीय उत्खनन अभियंता श्री अभय कुमार, परियोजना पदाधिकारी, एबीजीसी श्री कमलेश कुमार सिन्हा एवं अन्य अधिकारियों के अतिरिक्त श्री रणधीर ठाकुर, श्री महेंद्र नाथ राम, श्री शैलेश कुमार तिवारी एवं अन्य उपस्थित थे ।